भाद्रपद कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 283, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गुजरात में बारिश से 19 की मौत, कई इलाकों में बाढ़ 16

पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज 15

## बरेली में गैंगरेप से आहत किशोरी ने खुद को आग लगाकर जान दी

- गांव के दो किशोरों ने जन्माष्टमी के दिन बहाने से घर से बुलाकर किया था दुष्कर्म, एक हिरासत में

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव में नौवीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद मंगलवार रात अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा ली। बुरी तरह जल जाने से अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव के ही दो किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें से एक को बुधवार रात हिरासत में लिया है।

आरोप है कि दोनों ने उसे बहाने से घर से बुलाकर गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया था। दोनों फरार हो गए हैं। किशोरी के पिता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक जन्माष्टमी पर वह अपनी पत्नी को राखी बांधने के लिए ससुराल ले गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में किशोरों ने मझली बेटी को बहाने से घर से बुलाया और जबरन पास ही गन्ने के खेत में ले गए। एक ने उसके हाथ पकड़ लिए और दूसरे ने उससे दुष्कर्म किया। उसकी चीख सुनकर बड़ी बेटी दौड़कर पहुंची तो दोनों किशोर उसे छोड़कर भाग निकले। मंगलवार को घर लौटने पर बड़ी बेटी ने पूरी बात बताई तो वह आरोपियों के घर शिकायत करने गए। वहां कोई नहीं मिला तो पत्नी के साथ खेत पर चला गया। दोपहर करीब 12 बजे दौड़ते हुए खेत पर पहुंची छोटी बेटी ने बताया कि दुष्कर्म पीड़ित बेटी ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली है। वह दौड़कर घर पहुंचा, लेकिन बेटी ने भोजीपुर के निजी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी रामरतन सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## कोलकाता की घटना से मैं निराश और भयभीत हूं: मुर्मू

### आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या पर राष्ट्रपति ने कहा- बस अब बहुत हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह घटना से निराश और भयभीत हैं।



अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे, जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। मुर्मू ने एक विशेष लेख में कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए, कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने की यही मानसिकता जिम्मेदार है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। 9 अगस्त को कोलकाता के एक अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र करते हुए व्यथित राष्ट्रपति ने कहा कि इससे भी अधिक निराशाजनक बात यह है कि यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रृंखला का हिस्सा है। राष्ट्रपति ने लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना निश्चित है, और मैं भी आक्रोशित हूं। 'महिला सुरक्षाः बस! बहुत हो चुका' शीर्षक वाले लेख में राष्ट्रपति ने 9 अगस्त को कोलकाता में हुई घटना पर पहली बार अपने विचार व्यक्त किए हैं। ऐसी घटना ने एक बार फिर राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

### एक हालिया मुलाकात का किया जिक्र, पूछा- निर्भया घटना से हमने क्या सबक सीखा

राष्ट्रपति ने रक्षाबंधन पर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ अपनी हालिया मुलाकात को याद किया। उन्होंने दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक फिजियोथेरेपी इंटर्न के साथ बर्बर दुष्कर्म–उसकी हत्या का जिक्र करते हुए कहा, 'हाल ही में मैं एक अजीब दुविधा में फंस गई थी, जब राष्ट्रपति भवन में राखी मनाने आए कुछ स्कूली बच्चों ने मुझसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें भरोसा दिया जा सकता है कि भविष्य में 'निर्भया' जैसी घटना नहीं होगी?' मुर्मू ने कहा कि आक्रोशित राष्ट्र ने योजनाएं बनाईं और रणनीतियां तैयार कीं, और पहल से कुछ फर्क पड़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हुई उस त्रासदी के बाद के 12 वर्षों में इसी तरह की अनगिनत त्रासदियां हुई हैं। हालांकि उनमें से कुछ ने ही पूरे देश का ध्यान खींचा। इन्हें भी जल्द ही भुला दिया गया। क्या हमने सबक सीखा? जैसे–जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ये घटनाएं सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं।'

LAST 7 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2590~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special
Kurta Pajama
~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## कांग्रेस और सपा में घुस गई है जिन्ना की आत्मा: मुख्यमंत्री

### योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में विपक्षी दलों पर साधा निशाना

- कहा- जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रहे दोनों दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अलीगढ़

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुई हमले की घटना पर आक्रोश जताने के बाद अब भारत के बंटवारे के जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना का नाम लेकर विरोधियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट-घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में पांच हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को ऋण, विद्यार्थियों को टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण समेत 705 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी मिली हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब कांग्रेस और सपा के लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है, जबकि समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है।



एक युवा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगंडा: संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मजबूत एजेंडा है। जबकि सपा और इंडी गठबंधन समेत समूचे विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगंडा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।

### खुला हुआ है यमलोक का रास्ता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे।

### सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का अधिकार नहीं

योगी ने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या और कन्नौज में उन्हीं की पार्टी के नेताओं द्वारा बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया गया। उनकी सरकार के दौरान व्यापारियों में भय का माहौल था। कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है।

### एक नजर

#### यूपी कैडर के आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी बने बीएसएफ प्रमुख



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। चौधरी यूपी कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रमुख चौधरी को 30 नवंबर 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक के कार्यकाल के लिए बीएसएफ के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, बिहार कैडर के राजविंदर सिंह भट्टी को सीआईएसएफ का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

## बंगाल बंद में हिंसा, भाजपा नेता की कार पर फायरिंग

### भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़पें हुईं, बंद का रहा मिला-जुला असर

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बुधवार को भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान हिंसा की घटनाएं भी हुईं। राज्य के कई हिस्सों में बंद समर्थकों की पुलिस और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हुई और बंद का मिला-जुला असर रहा। उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा से झड़प होने की खबरें सामने आईं, जहां भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उसके स्थानीय नेता प्रियांगु पांडे की कार पर गोलीबारी की और इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया।

भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि हालांकि पांडे सुरक्षित बच गए, लेकिन वाहन के चालक और पार्टी के एक कार्यकर्ता के सिर में गोली लग गई, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिंसा के बाद भाजपा के स्थानीय नेता अर्जुन सिंह और तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमनाथ श्याम के बीच झड़प हो गई, जिससे तनाव और बढ़ गया तथा पुलिस को संघर्षरत समूहों को तितर-बितर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही सड़कों और रेल पटरियों को अवरुद्ध करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली और लॉकेट चटर्जी तथा राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया है।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्याकांड



### फांसी के लिए विधेयक लाएंगे: ममता

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार शीघ्र ही विधानसभा सत्र बुलाएगी और दुष्कर्मियों को फांसी देने वाला विधेयक पारित करेगी। टीएमसी की छात्र शाखा के 27वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि अगले सप्ताह हम सत्र बुलाएंगे और दुष्कर्मियों को मृत्युदंड देने वाला विधेयक 10 दिनों के भीतर पारित करेंगे। अगर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी तो वह राजभवन के बाहर धरना देंगी।

### आईएमए ने डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित की

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। यह कदम इस महीने की शुरुआत में कोलकाता स्थित इस संस्थान में एक जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की सीबीआई जांच के बीच उठाया गया है। एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष घोष की सदस्यता के निलंबन का फैसला आईएमए की अनुशासन समिति द्वारा लिया गया।

## प्रयागराज-आगरा बनेंगे स्मार्ट औद्योगिक शहर

### कैबिनेट बैठक देश के 10 अन्य शहर भी परियोजना में होंगे शामिल, 28 हजार करोड़ होगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

ये औद्योगिक शहर उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। वैष्णव ने कहा कि यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा, जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा।



### 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी एफएम रेडियो चरण–3 नीति के तहत 234 नए शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई–नीलामी के तीसरे समूह के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके लिए अनुमानित आरक्षित मूल्य 784.87 करोड़ रुपये आंका गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने एफएम चैनलों के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क (एएलएफ) जीएसटी को छोड़कर सकल राजस्व का 4 प्रतिशत वसूलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। यह 234 नए शहरों/कस्बों पर लागू होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 234 नए शहरों और कस्बों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत से इन क्षेत्रों में एफएम रेडियो की अपूर्ण मांग पूरी होगी, जो अब भी निजी एफएम रेडियो प्रसारण से अछूते हैं और इससे मातृभाषा में नई और स्थानीय सामग्री उपलब्ध होगी।

## बृजभूषण ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने ट्रायल कोर्ट में चल रही अपने खिलाफ कार्यवाही को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली पुलिस की एफआईआर के बाद उन पर दिल्ली की निचली अदालत में केस चल रहा है। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।



देश के कई बड़े पहलवान उन पर कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली में धरने पर भी बैठे थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी मामले में अब ट्रायल कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। कानून और अदालतों से जुड़ी खबरों की वेबसाइट 'बार एंड बेंच' के मुताबिक बृजभूषण सिंह ने हाईकोर्ट से निचली अदालतों में चल रही कानूनी कार्यवाही को रद करने की गुहार लगाई है।

## मदरसे में छाप रहे थे नकली नोट मौलवी समेत चार गिरफ्तार

- सौ-सौ के 1 लाख 30 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रयागराज के एक मदरसे से बुधवार को 100-100 के नकली नोट छपने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान प्रिंटिंग मशीन के साथ मौके पर 1 लाख 30 हजार की नकली करेंसी भी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही मौलवी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड ओडिशा का रहने वाला है।

मामला मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम का है। यह शहर के अतरसुइया इलाके में है। डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि सिविल लाइन थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि मदरसे में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। चूंकि मामला मदरसे से जुड़ा मामला था, इसलिए पूरी सावधानी बरती गई। जब स्थिति साफ हुई कि वाकई में मदरसे में कुछ गलत हो रहा है, तब यहां रेड की गई। इस दौरान हमें वहां प्रिंटिंग मशीन में नोट छापते हुए तीन लोग मिले। पूछताछ में उन्होंने मदरसे के मौलवी मो.तफसीरुल आरिफीन की संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि ओडिशा का जाहिर खान गिरोह का मास्टरमाइंड है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे सौ रुपये के एक असली नोट के बदले तीन नोट बेचते थे। मामले में पूछताछ अभी जारी है।

## चंपई सोरेन ने झामुमो और मंत्री पद से दिया इस्तीफा

- पार्टी अध्यक्ष को लिखा भावुक पत्र, कल भाजपा में होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया है। वे 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। अपने इस्तीफे को एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपई सोरेन ने लिखा कि वह पार्टी की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से व्यथित होकर यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुए हैं।



चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने राज्य विधानसभा के सदस्य और झारखंड के मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। चंपई सोरेन ने कहा कि आज मैंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मैं झारखंड के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों पर लड़ाई जारी रखूंगा। पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन को लिखे पत्र में चंपई सोरेन ने कहा कि झामुमो की वर्तमान कार्यशैली से व्यथित होकर उन्हें पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## यूपीएससी अभ्यर्थियों का आधार के जरिये होगा सत्यापन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को पहली बार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को पंजीकरण के समय तथा परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान स्वैच्छिक आधार पर अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण की अनुमति दे दी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आयोग ने पिछले महीने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद कर दी थी और योग्यता से परे सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से प्रयास करने के लिए उन पर भविष्य की सभी परीक्षाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी थी।

## पशुओं की उम्र और सेहत का रिकॉर्ड रखेगी सरकार

### 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक हर साल होने वाली जनगणना की तर्ज पर चलेगा पशुगणना का देशव्यापी अभियान

- 21वीं पशुगणना के लिए घर-घर जाएंगे पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार पशुओं की उम्र, सेहत और हालात का रिकॉर्ड रखेगी। यह रिकॉर्ड पशुओं को लेकर भविष्य की योजनाएं, नीतियां तैयार करने का आधार बनेगा। दरअसल, हर दस साल पर होने वाली जनगणना की तर्ज पर देशभर में पशुगणना की तैयारी है। पशुओं की गणना हर पांच साल पर होती है, जिसे 1 सितंबर से शुरू किया जाना है। इस देशव्यापी अभियान के साथ उत्तर प्रदेश भी कदमताल करने तो तैयार है।



इस बार 21वीं पशुगणना होनी है, जो एंड्रॉयड एप के माध्यम से होगी। इसके लिए पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि गांव-गांव, घर-घर जाएंगे। इस दौरान प्रति मालिक पशुओं की संख्या, नस्ल, उनकी उम्र और स्वास्थ्य ही नहीं रखने की परिस्थितियां भी सवाल का हिस्सा होंगी। हालांकि इस रिकॉर्ड में गाय-बकरी के दुग्ध उत्पादन की गणित नहीं लगायी जाएगी। अभियान के तहत गाय, भैंस, घोड़ा, बकरी, बैल, गधा, खच्चर, कुत्ता, बिल्ली आदि की गिनती होनी है। गिनती से प्राप्त आंकड़े पशुधन के जरिए देश के आर्थिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक बनेंगे। आंकड़ा देखें तो उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक पशुधन है। 2019 की पशु गणना के अनुसार राज्य में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 लाख सूकर है। यह संख्या साल 2019 में आयोजित 20वीं पशुगणना पर आधारित है, जिसमें पहली बार टैबलेट के माध्यम से डेटा जुटाया गया था। आंकड़े सीधे भारत सरकार के सर्वर पर अपलोड हुए थे। इस बार यह पहला मौका होगा जबकि गणना में सभी नस्लों की सटीक और समुचित पहचान के साथ गिनती होगी।

> देश में प्रथमवार पशुगणना वर्ष 1919 में की गई। इस कड़ी में अब तक कुल 20 पशुगणनाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इस बार 31 दिसंबर तक पशुगणना में पशुओं के साथ ही मुर्गे–मुर्गियों की भी गिनती की जाएगी। गणना के साथ ही पशुओं के कान में टैग में लगाए जाएंगे। – **सतीश अग्रवाल**, उप निदेशक पशुधन गोवंश, उप्र.

> 21 वीं पशुगणना से पहले उत्तर प्रदेश के साथ–साथ मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुल 175 पशुचिकित्साविदों, संख्याधिकारियों, नोडल अधिकारियों की ट्रेनिंग पिछले दिनों हुई है। पशुगणना के बाद मिले आकड़ों का विश्लेषण कर उसका उपयोग भविष्य की योजनाएं, नीतियां बनाने में होगा। – **डॉ. संजीव मिश्रा**, उप निदेशक पशुपालन विभाग, उप्र.

## आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्री कृष्ण वार्षिकोत्सव पर संकीर्तन शाम 7 :30 बजे। उर्स-ए-रजवी पर इस्लामिया कॉलेज मैदान पर परचम कुशाई शाम 4 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे से।
- मलूकपुर स्थित गंगा महारानी मंदिर से श्री गंगा महारानी शोभायात्रा दोपहर 11 बजे।
- उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का विस्तार समारोह शाम 8 बजे ।

## एक नजर

### जायरीन के लिए 30-31 को मुफ्त बस सेवा

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स में शिरकत के लिए देश-विदेश के उलमा और जायरीन की आमद शुरू हो गई है। जायरीन के लिए इस बार भी 30 और 31 अगस्त को मदरसा जामियतुर्रजा के लिए सिटी स्टेशन पर मुफ्त बस सेवा उपलब्ध रहेगी। जमात के महासचिव फरमान मियां ने बताया कि उर्स के तीनों दिन 2786 वालंटियर 24 घंटे जायरीन की खिदमत में रहेंगे। दरगाह आला हजरत, दरगाह ताजुशरिया, सिटी स्टेशन, बरेली जंक्शन, सेटेलाइट स्टैंड, और इज्जतनगर स्टेशन समेत कई जगह वालंटियर तैनात किए गए हैं।

### दिन में तेज धूप और शाम को झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। बुधवार को दिन में तेज धूप खिलने से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हो गए। शाम को तेज खंड बारिश से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने रविवार तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। जिले में अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में एक मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान हवा में नमी सुबह 79 और शाम को 85 प्रतिशत दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी इस सप्ताह मौसम ऐसा ही रहने वाला है।

# उर्स-ए-रजवी : परचम कुशाई के साथ आज होगा आगाज

## आजमनगर से शाम 4 बजे निकलेगा जुलूस, इस्लामिया ग्राउंड पर दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां अदा करेंगे परचम कुशाई की रस्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इस्लामिया ग्राउंड पर बृहस्पतिवार को परचम कुशाई की रस्म अदायगी के साथ उर्स-ए-रजवी का आगाज होगा। परचमी जुलूस की शुरुआत आजमनगर में हाजी अल्लाहबख्श के निवास से शाम 4 बजे होगी। इसके बाद दरगाह आला हजरत के प्रमुख सुब्हानी मियां इस्लामिया ग्राउंड में परचम फहराएंगे।

परचमी जुलूस दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में कुमार टॉकीज और इंदिरा मार्केट होते हुए बिहारीपुर के ढाल के रास्ते दरगाह पहुंचेगा। यहां सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह से सुब्हानी मियां की कयादत में इस्लामिया ग्राउंड पहुंचेगा। मेन गेट पर उलमा की मौजूदगी में सुब्हानी मियां परचम कुशाई की रस्म अदा करेंगे। इसके बाद उर्स की सभी रस्म सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी की सदारत में दरगाह परिसर और इस्लामिया मैदान में अदा की जाएगी। **पहले दिन आला हजरत के बड़े बेटे का होगा कुल :** परचम कुशाई की रस्म के बाद गुरुवार को मिलाद की महफिल सजाई जाएगी।

उसके बाद रात में 10 : 35 बजे आला हजरत के बड़े बेटे मुफ्ती हामिद रजा खान के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद नातिया मुशायरा अहसन मियां की सदारत में शुरू होगा। मुफ्ती सलीम नूरी ने बताया कि मुशायरा में देश-विदेश के नामचीन शायर शिरकत करेंगे। मुशायरा देर रात तक जारी रहेगा।

### कल दिन में कुरानख्वानी के बाद कॉन्फ्रेंस, रात को उलमा की तकरीर

उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह कुरानख्वानी के बाद कान्फ्रेंस होगी। सुबह 9 :58 बजे रेहाने मिल्लत और 10.30 बजे मौलाना इब्राहीम रजा खान के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद आपसी सौहार्द और नामूस ए रिसालत कान्फ्रेंस होगी। रात में उलमा की तकरीर होगी। रात में 1 : 40 बजे मुफ्ती आजम-ए-हिन्द के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। शनिवार को दोपहर में 2 : 38 बजे कुल शरीफ की रस्म के साथ आला हजरत के उर्स का समापन हो जाएगा।



इस्लामिया मैदान में उर्स-ए-रजवी में आने जायरीन के लिए तैयार किया गया पंडाल। ● अमृत विचार

### संदल, केवड़ा व गुलाब से महकी दरगाह

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स-ए-रजवी के आगाज से पहले बुधवार देर रात दरगाह आला हजरत पर अजमेर की दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज से संदल, केवड़ा और गुलाब की चादर पेश की गई। दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के साथ अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन सय्यद सुल्तान उल हसन चिश्ती और सय्यद हम्माद उल हसन चिश्ती ने गुस्ल की रस्म अदा कर संदल, केवड़ा और गुलाब पेश किया। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने दुआ की। उसके बाद उलमा की मौजूदगी में महफिल का आयोजन हुआ। मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती सय्यद शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

### उलमा ने जारी की अपील उर्स में न आएं महिलाएं

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स-ए-रजवी में महिलाओं से नहीं आने की अपील की गई है। उलमा ने कहा है कि महिलाएं आला हजरत के फतवे पर अमल करते हुए घरों में रहकर फातिहा कर दुआ करें। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी ने जायरीन से अपील की है कि वे आला हजरत के फतवे पर अमल करें। महिलाओं को लेकर उर्स में नहीं आएं। शरीयत में महिलाओं को मजार पर जाने की अनुमति नहीं है। मौलाना ने कहा कि इस बार उर्स के मौके पर पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वाले की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के मोहम्मद आलीशान खान ने बताया कि कुल की रस्म के बाद फलस्तीन के मुसलमानों के लिए सामूहिक दुआ की जाएगी।

### मुसलमानों के मुद्दों पर आज जारी होगा मुस्लिम एजेंडा

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स-ए-रजवी में बृहस्पतिवार को ऑल इंडिया मुस्लिम जमात मुस्लिम एजेंडा जारी करेगी। जमात के प्रवक्ता डॉ. अनवर रजा कादरी के अनुसार फज्र की नमाज के बाद कार्यकारिणी की बैठक होगी, जिसमें 12 राज्यों के उलमा और आलिम हिस्सा लेंगे। इसमें मुसलमानों के मसायल पर चर्चा की जाएगी। बैठक में समान नागरिक संहिता, वक्फ संशोधन बिल, पैगंबर इस्लाम की शान में गुस्ताखी जैसे मुद्दे शामिल होंगे। ज्ञानवापी मस्जिद, शाही ईदगाह मस्जिद और मथुरा में धर्मस्थल को लेकर मुकदमेबाजी भी चर्चा में रहेगी। मुसलमानों के हितों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सुझाव जारी किए जाएंगे। दोपहर 3 बजे उलमा प्रेस कान्फ्रेंस कर मुस्लिम एजेंडा जारी करेंगे, ताकि जायरीन को पैगाम दिया जा सके।

### उर्स-ए-रजवी के मंच से नहीं होगी सियासी तकरीर

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स-ए-रजवी के मंच से सियासी तकरीर नहीं होगी। इस बारे में बाहर से आने वाले उलमा और आलिमों निर्देश जारी किए गए हैं। बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहे उर्स में मुसलमानों के साथ सामाजिक मामलों पर उलमा तकरीर करेंगे। जमात रजा-ए-मुस्तफा के उपाध्यक्ष और उर्स प्रभारी सलमान मियां ने बताया कि उलमा और सज्जादगान को टॉपिक दे दिए गए हैं। उर्स में सियासत के बारे में कोई तकरीर नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि उर्स-ए-रजवी इस्लामिया ग्राउंड के साथ मथुरापुर के जामियतुर्रजा मदरसे में भी मनाया जाएगा। दोनों जगह तैयारी पूरी हो गई है।

### उर्स के दौरान बंद रहेंगे नौ स्कूल

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स-ए-रजवी के दौरान 29 से 31 अगस्त तक शहर के नौ स्कूल बंद रहेंगे। कुल के दिन 31 अगस्त को शहर के सभी स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने बुधवार को यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक 29, 30 और 31 अगस्त को इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड उर्स के दौरान भारी भीड़ के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आवागमन में असुविधा हो सकती है। इस वजह से इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, कस्तूरबा नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, खलील उच्चतर माध्यमिक स्कूल, एसवी इंटर कॉलेज, डीएवी उच्चतर माध्यमिक स्कूल, रामभरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज 29 से 31 अगस्त तक बंद रहेंगे।

इसके अलावा कुल के दिन 31 अगस्त को शहर के सभी यूपी बोर्ड, बेसिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के सभी शिक्षण संस्थान, टेक्निकल कॉलेज, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में पहले से चल रही परीक्षाएं जारी रहेंगी। जिन केंद्रों पर 30 और 31 को पुलिस भर्ती परीक्षा निर्धारित है, वह भी यथावत रहेगी।

# परीक्षा केंद्रों पर 3 घंटे पहले पहुंचें पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी

## ट्रैफिक पुलिस की ओर से अभ्यर्थियों के लिए बुधवार शाम जारी की गई एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से पुलिस ने 3 घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचने का आह्वान किया है। ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार शाम अभ्यर्थियों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस के मुताबिक 29, 30 और 31 को शहर में उर्स में लाखों की संख्या में जायरीन का आना होगा। जिनका मुख्य आवागमन सीबीगंज, मिनी बाईपास, चौपुला, पटेल चौक, नावल्टी, कोहाड़ापीर के रास्तों से होगा। इसकी वजह से इन मार्गों में यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहेगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि परीक्षा शुरू होने से कम से कम 3 घंटे पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं और परीक्षा केंद्रों के आसपास रात्रि में विश्राम करें। दूसरी पाली के अभ्यर्थी भी 10 बजे तक अपने केंद्रों पर पहुंचने का प्रयास करें।



उर्स स्थल की व्यवस्थाएं देखते अधिकारी।

रेलवे स्टेशन से परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने के लिए रेलवे स्टेशन कैंट, चौकी चौराहा, गांधी उद्यान, शहामतगंज फ्लाईओवर, ईंट पजाया, डेलापीर-बैरियर टू, विलयधाम (ग्रीन कॉरिडोर) पूरी तरह से छोटे वाहनों के लिए खुला रहेगा। इसी प्रकार सेटेलाइट बस स्टेशन से परीक्षा केंद्रों तक जाने के लिए सेटेलाइट, गांधी उद्यान, विकास भवन, शहामतगंज पुल, ईंट पजाया, डेलापीर के मार्गों से परीक्षा केंद्रों के अनुसार ई-रिक्शा और अन्य छोटे वाहन से अभ्यर्थी आसानी से आ जा सकेंगे। रेलवे स्टेशन और सेटेलाइट बस अड्डे पर रात्रि में आगमन करने वाले अभ्यर्थी रात्रि के समय ही अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर आसपास रात्रि विश्राम करने का प्रयास करें।

### इन रास्तों से जा सकेंगे अभ्यर्थी

बदायूं की तरफ से छोटे वाहनों से आने वाले अभ्यर्थी रामगंगा पुल पार कर लाल फाटक होते हुए कैंट, गांधी उद्यान होते हुए अपने परीक्षा केंद्रों पर जा सकते हैं। लखनऊ की तरफ से आने वाले अभ्यर्थी इन्वर्टिस चौराहे से सेटेलाइट, गांधी उद्यान होते हुए अपने केंद्रों पर पहुंच सकते हैं। फरीदपुर के तीन केंद्रों के अभ्यर्थियों के लिए महानगर आने की जरूरत नहीं है। अभ्यर्थियों से किसी की समस्या होने पर 112 नंबर या भर्ती परीक्षा हेल्पलाइन नंबर 0581-29904450 पर संपर्क करने के लिए कहा गया है।



बुधवार को जायरीन की भीड़भाड़ के बगैर ही कुतुबखाना पुल के कोतवाली वाले सिरे पर काफी देर जाम लगा रहा। ● अमृत विचार

### उर्स: चार एएसपी, 10 सीओ, 50 इंस्पेक्टर

उर्स के लिए चार एडिशनल एसपी, 10 सीओ, 50 इंस्पेक्टर, 150 दरोगा, 12 सौ सिपाही और 150 महिला सिपाही के अलावा 6 कम्पनी पीएसी तैनात की गई है। पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर से फोर्स बुलाई गई है।

### पुलिस भर्ती: एक सीओ, 20 इंस्पेक्टर

एक सीओ, 20 इंस्पेक्टर, 101 दरोगा, 112 हेड कांस्टेबल, 203 कांस्टेबल, 125 महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई है। 29 केंद्रों पर 562 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

# जिला अस्पताल में बुखार पीड़ितों की भरमार, फिर भी नहीं बना फीवर वार्ड



जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर तक लगी मरीजों की लंबी लाइन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में बुधवार को हर जगह मरीजों की लाइनें लगी नजर आईं। पिछले दो महीने में सबसे अधिक 1487 मरीज बुधवार को पहुंचें, इनमें सबसे अधिक बुखार के रहे।

मौसम में बदलाव की वजह से बुखार का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना 100 से 120 मरीज बुखार के पहुंच रहे हैं और 20 से 25 मरीज भर्ती हो रहे हैं। इन मरीजों को अन्य बीमारियों के मरीजों के साथ वार्ड में भर्ती कर दिया जा रहा है लेकिन शासन के आदेश के बाद भी फीवर वार्ड नहीं बनाया है। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बुखार रोगी अधिक आ रहे हैं लेकिन वह ठीक भी हो रहे हैं। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर अलग से वार्ड बनाया जाएगा।

### डिप्थीरिया के संदिग्ध मरीज की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** एक निजी अस्पताल में डिप्थीरिया के संदिग्ध मरीज की मौत हो गई। हालांकि, सैंपल की जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। भमोरा के सरारी गांव निवासी रतिराम के पांच साल के बेटे सत्यम को गले में दिक्कत हुई। धीरे-धीरे उसे खाना और पानी निगलने में समस्या होने लगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार पहले रतिराम बेटे का गांव में ही इलाज कराते रहे। जब हालत बिगड़ी तो सोमवार को उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सत्यम की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह डिप्थीरिया से पीड़ित थे। हालांकि, अभी सैंपल की जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

# किला क्षेत्र में दो ट्रांसफार्मर फुंकने से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुतुबखाना और सिविल लाइंस क्षेत्र में भी फाल्ट से बिजली गुल
- कई घंटे बाद ट्रॉली टांसफार्मर लगाकर बहाल की आपूर्ति

**अमृत विचार :** किला उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में मंगलवार रात दो जगह पर ट्रांसफार्मर फुंकने से कई घंटे बिजली गुल रही। देर रात ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया। वहीं, कुतुबखाना, सिविल लाइंस आदि स्थानों पर बुधवार को बिजली कटौती और ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान किया।

किला सब स्टेशन के फीडर एक के दूल्हा मियां के मजार के पास लगा ट्रांसफार्मर मंगलवार रात 10 बजे फुंक गया। इससे संदल खां बजरिया, रेती चौराहा आदि स्थानों की आपूर्ति बाधित हो गई। रात में 12: 30 बजे ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति सुचारू की गई। बुधवार शाम को वहां नया ट्रांसफार्मर रख दिया गया। वहीं, फीडर तीन पर गंदे नाले के पास मंगलवार रात 9 बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे कूंचा सीता राम, मिर्ची टोला, जकाती मोहल्ला, नीम की चढ़ाई, भरत गली में आपूर्ति ठप हो गई। रात में 12 बजे ट्राली ट्रांसफार्मर लगाया गया।

सिविल लाइंस, सुभाषनगर और मढ़ीनाथ क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए। जगतपुर, हरुनगला, पीलीभीत बाईपास आदि स्थानों पर भी मंगलवार रात बिजली समस्या रही। कुतुबखाना सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में मरम्मत कार्य किया गया। इस वजह से दो से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।



किला क्षेत्र में फाल्ट ठीक करते बिजली विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# डायरिया पीड़ित बच्ची की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** डायरिया बच्चों पर कहर बनकर टूट रहा है। चार महीने के अंदर जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती एक और बच्ची की मौत हो गई। स्टाफ के अनुसार परिजन झोलाछाप से बच्ची का इलाज कराते रहे। हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया था।

शहर के मोहल्ला हाजियापुर निवासी आमीन ने बेटी नूर फातिमा को बुधवार सुबह 8 बजे गंभीर हालत में बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। स्टाफ ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया। 10 मिनट के अंदर ही बच्ची की सांसें थम गईं। वार्ड के स्टाफ के अनुसार घर पर बच्ची को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर परिजन झोलाछाप से इलाज कराते रहे। इस वजह से बच्ची गंभीर डायरिया की चपेट में आ गई थी। हालत बिगड़ने पर बच्ची को यहां लाए थे। चार महीने में डायरिया से वार्ड में यह दूसरी मौत है।

# लखनऊ से मेरठ तक बरेली होते हुए एक और वंदे भारत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** लखनऊ से मेरठ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस 31 अगस्त से चलेगी। मुरादाबाद रेल मंडल ने ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया है। ट्रेन का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

मुरादाबाद मंडल में अभी तक देहरादून से लखनऊ के लिए वंदे भारत का संचालन किया जा रहा था। अब एक और वंदे भारत एक्सप्रेस मंडल को मिल गई है। शेड्यूल के मुताबिक ट्रेन मेरठ से सुबह 6:35 बजे चलकर मुरादाबाद में 8:35 बजे और बरेली 9:56 बजे और लखनऊ में दोपहर 1:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में 1 घंटा रुकने के बाद 2:45 बजे मेरठ के लिए रवाना होगी। ट्रेन बरेली में शाम 6:02 बजे, मुरादाबाद 7:32 बजे और मेरठ रात 10:00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन कुल 459 किमी की दूरी तय करेगी। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेरठ से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन पूरी तरह से चेयरकार होगी।






## सूचना

प्रिय पाठक,

यदि आपका अपना प्रिय अखबार अमृत विचार न मिलने / शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो कृपया अपने नजदीकी प्रतिनिधि के नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

| S N | CENTRE NAME | EXECUTIVE NAME | MOBILE NO |
|---|---|---|---|
| 1 | NOVELTY | ANKIT | 8171573817 |
| 2 | SHAHDANA | SANDEEP | 7017495144 |
| 3 | QUILA | ROOPENDRA | 9149383028 |
| 4 | JUNCTION | NITIN | 8218557116 |
| 5 | RAJENDRA NAGAR | SUMIT | 8218805999 |
| 6 | KUTUBKHANA | KRISHNA | 9410632807 |

# सितंबर से दिसंबर की तरफ खिसका सेतु निगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम सितंबर तक पूरा करने का दावा किया गया था लेकिन निर्माण की गति इतनी सुस्त है कि साल के अंत तक पूरा होता नहीं दिख रहा है। हालत यह है कि गर्डर सेट करने में ही डेढ़ महीने का समय लग गया है, जबकि यह काम 20 दिनों में पूरा करने की बात कही गई थी।

अटल सेतु के काम में शुरुआत से ही देरी हुई। पुल का काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। समय-समय पर कोई न कोई बाधा आती रही। एक बार डिजाइन में भी बदलाव करना पड़ा था क्योंकि पुराने चौपुला पुल से भी इसे जोड़ना था लेकिन दोनों पुलों के बीच में पड़ने वाले एक भवनस्वामी ने आपत्ति कर दी थी और वर्ष 2021 में काम रुक गया था। लंबे इंतजार के बाद 10 जुलाई से चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम शुरू हुआ था। सोनीपत से 42 मीटर लंबे स्टील के सभी गर्डर जून के पहले सप्ताह में आने थे लेकिन इनके आने में देरी हुई। सेतु निगम ने सितंबर में वाहनों के आवागमन की योजना तैयार की थी लेकिन अभी अक्टूबर तक इंतजार करना होगा।



चौपुला पुल को अटल सेतु को जोड़ने का काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> सभी गर्डर रख दिए गए हैं। दोनों पुलों को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। प्रयास है कि अक्टूबर में लोगों के आवागमन के लिए पुल को तैयार कर दिया जाए। सड़क और रेलिंग का निर्माण अगले माह से शुरू हो जाएगा। **-सुनील गोस्वामी**, सहायक अभियंता सेतु निगम







# सितारगंज हाईवे : पीलीभीत में हुई ज्यादा गड़बड़ी

## डीएम ने बरेली और बदायूं के पीडी को तलब कर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी की मौजूदगी में की लंबी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली रिंग रोड प्रोजेक्ट बदायूं खंड से बरेली को ट्रांसफर करने के कारण भी पूछे

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण घोटाले पर बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के साथ एनएचएआई के बरेली और बदायूं खंड के परियोजना निदेशकों को तलब कर लंबी पूछताछ की। बरेली में रिंग रोड का प्रोजेक्ट बदायूं खंड से बरेली को हस्तांतरित किए जाने के बारे में जानकारी ली। बताया जा रहा है कि एनएचएआई अधिकारियों ने भूमि अधिग्रहण घोटाले में ज्यादा गड़बड़ी पीलीभीत में होने पर जोर दिया है।

एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने यूपी के मुख्य सचिव को सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण घोटाले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने के लिए पत्र लिखा है। संभावना जताई जा रही है कि अगले दो-तीन दिन में यह जांच ईओडब्ल्यू या फिर एंटी करप्शन ब्यूरो को दी जा सकती है। इस बीच शासन ने बरेली और पीलीभीत के जिला प्रशासन से घोटाले के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद दोनों जिलों में हलचल शुरू हो गई है। भूमि अधिग्रहण घोटाले से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर पता लगाया जा रहा है कि पूरी प्रक्रिया में कहां-कहां और किस स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई।

बरेली के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को एनएचएआई के बरेली खंड के परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे और बदायूं खंड के उत्कर्ष शुक्ला को बुलाकर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार की मौजूदगी में कई बिंदुओं पर पूछताछ की। बताया जा रहा है कि एनएचएआई अधिकारियों ने ज्यादा गड़बड़ी पीलीभीत में होने की बात कही।

**पीलीभीत में भी खंगाली जा रही हैं फाइलें :** सितारगंज हाईवे में घोटाले के बाद पीलीभीत के जिला प्रशासन ने भी भूमि अधिग्रहण के दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन के मुताबिक, पीलीभीत जिले में जनवरी से अब तक करीब 70 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। गड़बड़ियां सामने आने के बाद अब फाइलों को खंगाला जा रहा है।

### घोटाले की बुनियाद किसी स्तर पर क्रॉस चेक नहीं हुई नोडल एजेंसी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** अधिग्रहण के लिए किसी भी जमीन और उसकी परिसंपत्तियों का मूल्यांकन एनएचएआई नोडल एजेंसी से कराती है। एजेंसी की रिपोर्ट का विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से सत्यापन कराते हैं। कहीं पेड़ हों तो उनका मूल्यांकन वन विभाग करता है। अंतिम रिपोर्ट मिलने के बाद विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उसे अपने अवार्ड में शामिल कर एनएचएआई के पीडी को भेजते हैं, पीडी यह रिपोर्ट मुख्यालय भेजते हैं। इसी आधार पर मुआवजा बांटा जाता है। इस मामले में किसी भी स्तर पर रिपोर्ट को क्रॉस चेक नहीं किया गया। एनएचएआई की नोडल एजेंसी ने जो रिपोर्ट दी, उसी को सभी अधिकारी हस्ताक्षर कर आगे बढ़ाते गए।

### चर्चा है पीडब्ल्यूडी के दफ्तर में

## सब ऊपर वाले खा-पी गए निलंबित होना पड़ेगा हमें

- घोटाले की आंच से तप रहा है लोक निर्माण विभाग का प्रांतीय खंड

**बरेली, अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण में 50 करोड़ का घोटाला नीचे से ऊपर तक छाया हुआ है तो ऐसा कैसे हो सकता है कि उसकी चर्चा उस दफ्तर में न हो कि जहां मूल्यांकन और सत्यापन में गड़बड़ी कर इस घोटाले की बुनियाद रखी गई।

बुधवार को इत्तफाक से लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड कार्यालय में पहुंचा यह संवाददाता भी इस आपसी चर्चा का गवाह बन गया। इस चर्चा में कई ऐसे बिंदु जानकारी में आए जिनके बारे में फिलहाल प्रांतीय खंड में आधिकारिक तौर पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। इस चर्चा का लब्बोलुआब कुछ यह था।

- साहब (अधिशासी अभियंता) शनिवार को रिटायर हो जाएंगे। अब तो फोन पर बात करने को भी तैयार नहीं है। इतना कहकर फोन काट देते हैं कि 104 डिग्री बुखार है, अभी बात नहीं कर सकते। उनकी तो पेंशन भी रुक जाएगी। - एक बाबू
- साहब इस मामले में अकेले नहीं फंसे हैं। मूल्यांकन करने वाली टीम में उनके साथ एई और जेई के साथ छह कर्मचारियों की टीम भी थी। जेई साहब तो प्रमोशन पाकर अब एई बन चुके है। अब देखो क्या होता है। - दूसरा बाबू
- बुखार ठीक होने से पहले अब तो आरोप पत्र आएगा। साहब को उसका जवाब तो देना पड़ेगा। मामला शासन में पहुंच गया है, सभी पर कार्रवाई होगी। कोई कुछ भी करे, किसी का गला बचने वाला नहीं है। - एक जेई की टिप्पणी
- मूल्यांकन और सत्यापन जो गड़बड़ी हुई, सब ऊपर वाले अधिकारी खा-पी गए, हम लोगों को क्या मिला। साहब रिटायर होकर घर बैठ जाएंगे, अब विदाई लेने भी नहीं आएंगे। हमारी नौकरी लंबी है, निलंबित होना पड़ेगा और केस भी दर्ज होगा। कोई रास्ता नहीं बचा है। शुरू में ही सर्वे और मूल्यांकन पूरा खेल हो गया था। - एक अधिकारी

# दो नाबालिग बहनों के अपहरण की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपियों ने एक बहन के कपड़े फाड़े, घर पर भी किया हमला थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मोमोज लेने गईं दो नाबालिग बहनों का सरेराह शराब के नशे में धुत युवकों ने अपहरण की कोशिश की। विरोध करने पर एक बहन का गला दबाकर उसके कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें कीं। दोनों जान बचाकर घर पहुंचीं तो आरोपियों ने साथियों के साथ पहुंचकर घर पर भी हमला कर दिया और मारपीट और तोड़फोड़ की। थाना इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनकी दो नाबालिग बेटियां 25 अगस्त को शाम 7 बजे घर से बाहर मोमोज लेने गईं थीं। वापस आते समय रास्ते में गांव के दशरथ, मेघनाथ, धर्मवीर, गोविंदा, दीपक, राजेंद्र और मनेश ने शराब के नशे में उनकी एक बेटी को पकड़ लिया। मेघनाथ ने बेटी का गला दबा दिया और अन्य आरोपियों ने अश्लील हरकतें करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए।

किसी तरह बेटी छूटकर घर भाग आई, तब आरोपी और उनके साथ दर्जनों लोग पीछे से आ गए और घर में घुसकर मारपीट करने लगे। दोनों बेटियों को लाठी डंडों से पीटा और धारदार हथियार से हमला किया। जातिसूचक गालियां दीं।

### पीछा करने का विरोध करने पर युवती को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** रास्ते में पीछा करने का विरोध करने पर युवती से साथी कर्मचारी ने मारपीट की। युवती की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक वह एक कार्यालय में कार्य करती है। सोमवार को वह घर का सामान लेने के लिए दुकान पर जा रही थी, तब उसके कार्यालय में काम करने वाला मठ की चौकी निवासी राहुल राजपूत आया और पीछा करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने रोड पर ही मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके चेहरे पर चोट लग गई। लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। युवती के मुताबिक उसके पिता बीमार हैं और उसका एक भाई और बहन हैं। आरोपी की हरकतों से वह डरी हुई हैं।

## एक नजर

### फेस न आने पर एसएसओ को पीटा, सब स्टेशन में की तोड़फोड़

**बरेली, अमृत विचार :** बमनपुरी में फेस न आने पर दो दबंगों ने सब स्टेशन कुतुबखाना में एसएसओ से मारपीट की और तोड़फोड़ की। जेई प्रदीप कुमार ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जेई प्रदीप कुमार के मुताबिक सोमवार रात 10 :40 बजे बड़ी बमनपुरी में एक फेस नहीं आ रहा था। दो लोग इसकी शिकायत करने के लिए कुतुबखाना उपकेंद्र पर पहुंचे। दोनों ने ड्यूटी पर मौजूद एसएसओ राजकुमार से फेस सही कराने के लिए कहा। राजकुमार ने कहा कि स्टॉफ कोतवाली में ट्रांसफार्मर चेक करने के लिए गया है और आते ही भेज देंगे। इस पर दोनों नाराज हो गए और राजकुमार के साथ मारपीट की। दोनों ने गालीगलौज करते हुए हंगामा किया और वहां रखीं प्लास्टिक की कुर्सियां तोड़ दीं। राजकुमार ने उन्हें जानकारी दी।

### नवजात को सड़क किनारे फेंकने के मामले में रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र के ठिरिया निजावत खां में नवजात बच्ची को सड़क किनारे फेंकने के मामले में चौकीदार जाहिद अली ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बच्ची 23 अगस्त को केला प्वाइंट के पास रोती हुई मिली थी। बच्ची का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस बच्ची को फेंकने वाले की तलाश कर रही है।

# डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट देने की जांच पूरी, डीएम को भेजी रिपोर्ट

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** डी-फार्मा का कोर्स कराने के बहाने कई करोड़ रुपये की फीस वसूल कर छात्रों को फर्जी मार्कशीट थमाने के मामले की जांच पूरी कर ली गई है। जांच टीम ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। अब जिलाधिकारी रिपोर्ट को शासन को भेजेंगे। वहीं खुसरो कॉलेज के प्रबंधन ने कॉलेज में सुरक्षा की मांग एसएसपी और थाना सीबीगंज पुलिस से की है।

खुसरो कालेज प्रबंधन ने डी-फार्मा का कोर्स कराने के लिए 370 से अधिक छात्र-छात्राओं से मोटी फीस वसूली और फर्जी मार्कशीट थमा दी थी। मामले में पुलिस ने छात्रों की तहरीर पर कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने दो सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है।

# युवती को निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला हेड कांस्टेबल निलंबित

- आरोपी समेत तीन के खिलाफ थाना नवाबगंज पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** युवती से निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले हेड कांस्टेबल मो. नवी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र को विभागीय जांच का आदेश दिया है। नवाबगंज में पीआरवी पर तैनात रहते हुए मो. नवी ने कस्बे की ही एक युवती को निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म किया था लेकिन बाद में मुकर गया था। बाद में पता चला कि वह शादीशुदा है तो युवती के परिजनों ने थाना नवाबगंज पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सिपाही को निलंबित कर दिया।

# अब सर्वोदयनगर में डॉक्टर के घर के ताले तोड़े 11 लाख के जेवर और 2.36 लाख कैश चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुद्रपुर में रह रहे बेटे से मिलने गईं थीं पत्नी, नाइट ड्यूटी पर अस्पताल में थे डॉक्टर
- सुभाषनगर पुलिस ने शुरू की सीसीटीवी फुटेज की जांच, अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**अमृत विचार :** चोरों ने बदायूं रोड पर सर्वोदयनगर में भी मंगलवार रात बड़ी वारदात कर डाली। डॉक्टर के घर के ताले तोड़कर 11 लाख की कीमत के जेवर और 2.36 लाख कैश चुरा ले गए। डॉक्टर ने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

सर्वोदय नगर में रहने वाले डॉ. संत कुमार गोस्वामी के मुताबिक वह चौपुला के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करते हैं। मंगलवार को उनकी पत्नी ममता रुद्रपुर में रह रहे बेटे से मिलने चली गई थीं। उनकी अस्पताल में नाइट ड्यूटी थी जिसके लिए वह भी रात 10 बजे घर में ताला लगाकर चले गए। ड्यूटी के बाद सुबह करीब 4 बजे वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजा खुला पाया। अंदर घर की लाइटें जल रही थीं और पंखा भी चल रहा था। घर के तीनों कमरों के दरवाजे के ताले टूटे पड़े थे और अलमारियां भी खुली पड़ी थीं।

डॉ. संत कुमार के मुताबिक चोर उनके घर में रखे 15 तोला सोने के जेवर, 226 ग्राम चांदी की पायल और 2.36 लाख रुपये कैश ले गए। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे के पास शौच भी किया था। चोरी की सूचना पर सुभाषनगर पुलिस और फील्ड यूनिट के साथ सीओ संदीप सिंह भी पहुंचे। फील्ड यूनिट ने मौके पर फिंगर प्रिंट और दूसरे साक्ष्य एकत्र किए। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही है।



घर में टूटे अलमारी के लॉक और बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

### 10 दिन में आठ चोरियां हो चुकीं मगर पुलिस खाली हाथ

शहर के थाना कैंट, सुभाषनगर, प्रेमनगर, इज्जतनगर क्षेत्र में 10 दिन में आठ से अधिक चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी थाने की पुलिस और एसओजी चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। चोर रात हो या दिन किसी समय आसानी से ताला तोड़कर चोरी कर रहे हैं। सभी थानों के पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने तक ही सीमित रह गई है। ऐसे में लोगों में काफी आक्रोश है।

### एक ही तरीके से हुईं सभी चोरियां

शहर में अब तक जितनी चोरियां हुईं हैं सभी में चोरों ने एक ही तरीका अपनाया है। चोर हत्था, सब्बल या सरिया से ताला तोड़कर घरों में प्रवेश करते हैं और घर में रखे जेवर और नकदी लेकर निकल जाते हैं। जबकि घर में रखे कीमती कपड़ों, हथियार या अन्य जरूरी दस्तावेजों को हाथ नहीं लगाते हैं।

# जहर खाकर जान देने वाली महिला का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## तड़पती बीवी को अस्पताल ले जाने के बजाय वीडियो बनाता रहा था पति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** छह दिन पहले जहर खाकर जान देने वाली महिला का शव बुधवार को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहर खाकर तड़पती महिला का पति उसे अस्पताल ले जाने के बजाय वीडियो बनाता रहा था। अब वीडियो के साथ एक्स पर शिकायत करने के बाद जिलाधिकारी ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया था।

किला क्षेत्र के चिड़ीमार कुआं के पास रहने वाली गीती की 10 साल पहले विक्की से शादी हुई थी, लेकिन दोनों के बीच विवाद हो गया। पांच साल पहले गीती और विक्की का तलाक हो गया था। चार साहल पहले वह प्रेमनगर थाना क्षेत्र के फैयाज बिल्डिंग निवासी फैसल के साथ लिव-इन-रिलेशन में रहने लगी थी। कुछ समय बाद फैसल और गीती ने निकाह कर लिया था।

शुक्रवार को घर पर ही गीती ने जहर खा लिया था। जहर खाने के बाद फैसल ने उसका वीडियो बनाया था और देर रात इलाज के दौरान गीती की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने उसका शव सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था।



महिला का कब्र से शव निकालने के दौरान मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस को दी थी बीमारी से गीती की मौत होने की सूचना

- एक्स पर वीडियो के साथ शिकायत पर डीएम ने दिया था पोस्टमार्टम कराने का आदेश

गीती की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया था कि गीती की मौत बीमारी की वजह से हुई है और दोनों पक्षों ने किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी थी। हालांकि वायरल वीडियो में गीती कह रही थी कि वह परिजनों से परेशान होकर जान दे रही है। पति से कहा कि वह उससे नाराज नहीं है, लेकिन उसकी बात नहीं मानी। बताया जाता है कि गीती के भाई पर कुछ समय पहले निकाह करने के बाद काफी कर्ज हो गया था। वह इसीलिए जमीन बेचने का दबाव बना रहा था, इसमें उसका फैसल भी साथ दे रहा था। गीती ने इसी से परेशान होकर जान दी। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को विनोद यादव ने एक्स पर पोस्ट किया था। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया और शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



### सरकारी एंबुलेंस नहीं आई

संजयनगर के बुद्धसेन की अचानक तबीयत बिगड़ी तो बेटा झम्मन एम्बुलेंस बुलाने के लिए फोन करता रहा, फिर भी एंबुलेंस नहीं आईतो पिता की जिंदगी बचाने के लिए उन्हें ठेले पर लादा और खुद ही खींचते हुए जिला अस्पताल पहुंचा। ● शारिक खान

# जीएसटी दिल्ली की टीमों ने किया परसाखेड़ा और फरीदपुर की प्लाईवुड फैक्ट्रियों में सर्वे

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- देर रात तक टीमें फैक्ट्रियों में अभिलेख एवं स्टॉक करती रहीं चेक

**अमृत विचार:** केंद्रीय गुड्स एंड सर्विस टैक्स की तीन टीमों ने बुधवार को परसाखेड़ा और फरीदपुर स्थित तीन प्लाईवुड फैक्ट्रियों में सर्वे किया। इससे उद्यमियों में खलबली मच गई। देर रात तक टीमें फैक्ट्रियों में अभिलेख एवं स्टॉक चेक करती रहीं।

बुधवार को केंद्रीय जीएसटी की दिल्ली से आई तीन टीमें परसाखेड़ा स्थित उमेश नेमानी की पशुपति प्लाईवुड, रवि नेमानी की बरेली प्लाईवुड और रवि की ही फरीदपुर स्थित फैक्ट्री पहुंचीं। टीम ने फैक्ट्री में लेनदेन से संबंधित दस्तावेज खंगाले। सुबह से देर रात तक तीनों टीम जांच में जुटी रही। इस दौरान फैक्ट्री में काम ठप रहा। शाम को टीम ने कंपनी में मौजूद स्टॉक भी चेक किया। सूत्रों के अनुसार कुछ अभिलेखों को जब्त किया गया है। करीब चार माह पहले भी केंद्रीय जीएसटी ने बरेली प्लाईवुड पर छापा मारा था। बुधवार सुबह कर्मचारी फैक्ट्री पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। बताया कि फैक्ट्री में जीएसटी टीम ने छापा मारा है। सभी फैक्ट्री के गेट दिन भर बंद रहे। तीन फैक्ट्री में जांच गुरुवार को भी जारी रह सकती है। टीम अभी फैक्ट्रियों के स्टॉक का मूल्यांकन नहीं कर पाई है। बताते हैं कि तीनों फैक्ट्रियों में बड़ी संख्या में कच्चा माल और बना हुआ माल है, जिस वजह से टीम को मूल्यांकन में देरी हो रही है।

> दिल्ली से आई टीम प्लाईवुड फैक्ट्री पर कार्रवाई कर रही है। लेन-देन संबंधी अभिलेख देखे जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा। **- जेबी सिंह,** सहायक आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी

> जीएसटी की टीम का जांच में सहयोग किया जा रहा है, जो दस्तावेज मांगे गए हैं, उन्हें उपलब्ध कराया गया है। यह रूटीन सर्वे है। **- उमेश नेमानी,** मालिक, पशुपति प्लाईवुड

# महिला से दुष्कर्म के दोषी को आठ वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी थाना भोजीपुरा के गांव खजनपुर निवासी मुस्त्रफ (32) को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट अशोक कुमार यादव ने आठ वर्ष कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने से 15 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिये जायेंगे।

सरकारी वकील हरेन्द्र पाल सिंह राठौर ने बताया कि पीड़िता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि 28 मार्च 2013 को साढ़े 11 बजे वह शौचालय गई थी। वहीं पर मुस्त्रफ ने उसे दबोच लिया और अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद पिता ढूंढते हुए पहुंचे तो मुस्त्रफ भाग गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

# गवाही के लिए न आने पर सीओ को गिरफ्तार करने का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली



- पांच साल पहले दहेज के लिए की गई थी महिला की हत्या

**अमृत विचार:** पांच साल पहले महिला की दहेज हत्या के मामले में कोर्ट में गवाही देने न आने पर लखीमपुर के सीओ पीतम सिंह को कोर्ट ने गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश आईजी लखनऊ को दिया है।

थाना इज्जतनगर में परतापुर चौधरी निवासी नाजरीन की दहेज हत्या की रिपोर्ट पिता ने कराई थी। इस मामले के गवाह रहे सीओ पीतम सिंह वर्तमान में जिला लखीमपुर खीरी में तैनात हैं। उनको अदालत में गवाही देने के लिए कई दफा सम्मन भेजे गए लेकिन हाजिर नहीं हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी अवसर दिया मगर सीओ ने ऑनलाइन गवाही से इन्कार कर दिया।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि लम्बे समय से विचाराधीन प्रकरण में गवाही के लिए सीओ के हाजिर न होने पर अदालत से कार्रवाई का अनुरोध किया था। कोर्ट ने आईजी जोन लखनऊ को विशेष पुलिस बल गठित कर सीओ को गिरफ्तार कर पेश करने के लिए एसपी लखीमपुर खीरी को आदेशित करने का आदेश दिया है। सुनवाई के लिए 10 सितंबर की तिथि नियत की है।

# झगड़े: पतियों को शराब ज्यादा प्यारी पत्नियों ने की घर छोड़ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परामर्श केंद्र पहुंचे तीस मामलों में अधिकांश में शराब को बताया घरेलू कलह की वजह

**अमृत विचार:** शराब की वजह से अच्छा-खासा परिवार बिखर जा रहा है। शराब के नशे में पति की पिटाई से महिलाएं दूरी बना रही हैं। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र भी इसी तरह के मामले अधिक पहुंच रहे हैं। बुधवार को केंद्र में 30 मामले पहुंचे, जिनमें अधिकांश शराब पीकर पिटाई के ही थे। इनमें 23 मामलों में काउंसिलिंग हुई, जिनमें तीन मामलों में समझौता हो गया लेकिन पांच मामलों में कोई नहीं पहुंचा और छह मामलों की फाइल बंद कर दी गई।

**केस 1 :**

सिरौली थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रार्थना पत्र दिया। महिला का आरोप था कि शादी के छह महीने बाद से ही पति ने शराब पीकर पीटना शुरू कर दिया। वह तीन साल तक सहती रही लेकिन दो साल पहले जब एक दिन बहुत मारा तो घर छोड़ना पड़ा और वह तब से मायके में रह रही हैं। वह अपनी तीन साल की बच्ची को कारचोबी का काम कर पाल रही हैं। पति ने कहा कि उसकी पत्नी बिना बताए मायके चली जाती है जो उसे स्वीकार्य नहीं है।

**केस 2 :**

फतेहगंज निवासी युवक अपनी मां की जगह सफाई का काम करने जाता है तो उसकी मां उसे अपने 25 हजार रुपये के वेतन से चार हजार देती हैं। इस पैसे से युवक शराब पी लेता है और जब पत्नी खर्च मांगती तो उसे पीटता है। सास भी उसे ताना देती हैं। ऐसे में महिला मायके में रहने लगी। काउंसलर हरिंदर कौर चड्ढा ने बताया कि युवक को कोई और नौकरी ढूंढने को कहा है ताकि वह अपनी पत्नी को नियमित खर्च दे सके और पिटाई की नौबत न आए।

**केस 3 :**

किला क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया उसके ससुराल वालों का उसके दांपत्य जीवन में अधिक दखल था। पति शराब पीकर बिना कुछ पूछे उनकी पिटाई कर देता था। दोनों का एक बच्चा भी है। पति की पिटाई से तंग आकर वह एक साल से मायके में रह रही हैं। काउंसलर ने दोनों का समझौता कराया कि दोनों पति-पत्नी परिवार से अलग रहेंगे ताकि उनका दांपत्य जीवन प्रभावित न हो।

# सब्जी में गिरी छिपकली, चार लोगों की हालत बिगड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** सब्जी में पकाते समय छिपकली गिर गई। रात में सब्जी खाने के बाद एक ही परिवार के चार लोग बीमार पड़ गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। कैंट क्षेत्र के बुखारा निवासी सद्दाम ने बताया कि उनके भाई आबिद राज मिस्त्री का काम करते हैं। बुधवार को रात 9 बजे आबिद के घर में खाना बन रहा था। उसी वक्त बिजली चली गई। इसी दौरान सब्जी में छिपकली गिर गई, लेकिन किसी को पता नहीं चल सका। खाना खाते वक्त आबिद की थाली में छिपकली की पूंछ निकली तब पता चला। आबिद, उसकी पत्नी मरियम, बेटा आरिफ और बेटी सोनम की हालत बिगड़ गई। उन्होंने चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सद्दाम ने बताया कि आरिफ और आबिद की तबीयत अधिक खराब है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# अधिकारी कर रहे हैं नियमों की अनदेखीः पार्षद

**बरेली, अमृत विचार** : पार्षद सतीश चंद्र कातिब मम्मा ने महापौर और नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 79 एवं उपधारा का मुख्य कर निर्धारण की ओर से निरंतर उल्लंघन किया जा रहा है। आरोप लगाया है कि भवन संख्या 163 टीवरी की आईडी नंबर पुराना 033786 जोन 4 निवासी 369/222/2170 इंद्रानगर का स्वामी हूं। जो खस्ता हाल में है। यहां पर बिजली कनेक्शन तक नहीं है। किसी को किराए पर भी नहीं दिया गया है। कई सालों से खाली होने के कारण धारा 178 के तहत छूट के लिए वर्ष 2023 में पत्र भी दिया हूं। नगर निगम चुनाव के दौरान एनओसी भी प्राप्त करने के लिए टैक्स भी जमा किया था। पर कर निर्धारण अधिकारी आज नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। जबकि ऐसे भवन को छूट दी जानी है। उन्होंने बताया कि कर विभाग के कर्मचारी मेरे प्रार्थना पत्र पर आख्या भी दे चुके है। पूरे मामले में तीन दिन के भीतर हमें कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

# हाउस टैक्स बिलों की गलतियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए

## सीबीगंज में गृहकर बिल सुधार शिविर में बोलीं नगर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार** : सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सोसाइटी के सहयोग से नगर निगम के कर विभाग ने बुधवार को सीबीगंज स्थित एक होटल में गृहकर बिल सुधार शिविर का आयोजन किया, जिसमें करीब 20 गृहकर बिल में सुधार किया गया।

इस मौके पर नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने कर विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गृहकर बिलों की गलतियों को त्वरित गति से ठीक किया जाए। उद्यमियों की समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गृहकर शिविर का आयोजन, इसीलिए किया जा रहा है कि भवनस्वामियों को नगर निगम न जाना पड़े। उनके वार्ड में ही बिलों का सुधार और जमा करने की सुविधा मिल सके। भवनस्वामियों को नगर निगम गृहकर बिलों पर 10 फीसदी की छूट दे रहा है। अगर कोई भवनस्वामी डिजिटल भुगतान कर रहा है तो उसे एक फीसदी की अधिक छूट दी जा रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि अगर बिल से संबंधित कोई भी समस्या हो तो आपत्ति दाखिल करें, उसका निराकरण समय से कर दिया जाएगा। सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सोसाइटी के राजेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुधांशु अग्रवाल, योगेश गुप्ता, पार्षद रचित गुप्ता, घीसू खान, दिनेश सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



गृहकर बिल सुधार शिविर का निरीक्षण करतीं नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

### बड़ी विहार में आज लगेगा शिविर

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र के अनुसार गुरुवार को वार्ड 10 बड़ी विहार में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पार्षद अरुण सिंह के कैंप कार्यालय पर बिल सुधार और गृह कर जमा करने के लिए शिविर लगेगा। जहां कर अधीक्षक रामसेवक राम व अन्य कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ◆ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ◆ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ◆ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ◆ पीलिया का इलाज, ◆ दिमागी बुखार, ◆ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

रोहिला हॉस्पिटल
भिन्डौलिया चौराहा, नियर ट्रान्सपोर्ट नगर, बरेली
डॉक्टर पैनल
डा. पवन कुमार M.B.B.S. जनरल फिजिशियन
डा. सय्यद आसिम अली BAMS जनरल फिजिशियन
डा. निशा बरकती BAMS, MS स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
जाहिद खान Managing Director
विभाग
● मेडिसिन विभाग
● स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
● हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
● ई.एन.टी. विभाग
● गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
● पेट एवं लीवर रोग विभाग
फोन : 8755728385, 8218204277

# मनरेगा फीडिंग में खराब स्थिति पर बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण



विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार** : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को समीक्षा बैठक में मनरेगा फीडिंग में आलमपुर जाफराबाद और मीरगंज की स्थिति खराब मिलने पर नाराजगी जताते हुए दोनों बीडीओ का स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि खर्च न करने पर रामनगर, नवाबगंज, बिथरी चैनपुर के एडीओ पंचायत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मॉडल गांव में वर्ष 2023-24 में कराए गए कार्यों का भुगतान करने और 2024-25 में कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ने विकास, निर्माण कार्यों, सीएम डैशबोर्ड, आकांक्षात्मक ब्लॉकों की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में डी और ई श्रेणी वाले विभागों को रैंकिंग में सुधार करने और शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सबसे कम बिजली सप्लाई देने वाले 10 सब स्टेशनों की रिपोर्ट मांगी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत सीसीएल वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय रिछा, पर्यटन विभाग के तहत राही होटल, आईआईटी फरीदपुर कार्य की स्थिति जानी। रिछा में पोषण आहार वितरण में स्थिति अच्छी नहीं पाई गई। पीडी एनआरएलएम को आकांक्षात्मक ब्लॉकों में स्वयं सहायता समूहों के गठन, सीसीएल वितरण के कार्य में लापरवाही बरतने, निरीक्षण नहीं कर पाने के मामले में प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार मौजूद रहे।

## एसडीएम से बोले- सीडीओ...क्यों लटके हैं आवेदन

**बरेली, अमृत विचार** : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक में सीडीओ जग प्रवेश ने लंबित आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम और बीडीओ से उनके स्तर पर लंबित मामलों को लेकर सवाल किया। कहा कि आवेदन क्यों लटके हैं। संबंधित अधिकारी के वजह बताने पर सीडीओ ने कहा कि बेवजह मामलों को न लटकाएं। जल्द इनका निस्तारण करें, ताकि जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल सके।उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), पति की मौत के बाद महिला पेंशन योजना के लंबित आवेदनों के संबंध में जानकारी ली। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) और राजकीय महिला शरणालय में महिलाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाएं। डीडीओ दिनेश कुमार यादव, डीपीओ मोनिका राणा, डीआईओएस देवकी सिंह, बीएसए संजय सिंह, डीपीआरओ कमल किशोर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति दिनेश चन्द्र, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड डॉ. डीएन शर्मा, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

## गोशालाओं का निरीक्षण कर तीन दिन में दें रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : विकास भवन सभागार में बुधवार को पशु चिकित्सा विभाग की जिला स्तरीय मूल्यांकन अनुश्रवण की बैठक में सीडीओ जग प्रवेश ने तीन दिन के अंदर गोशालाओं की स्थिति को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सीडीओ ने सभी डिप्टी सीवीओ, बीडीओ से कहा है कि जिले में जितनी भी गोशाला बनी हैं, उनका निरीक्षण कर यह देखें कि वहां पर गोवंशों का स्वास्थ्य कैसा है, हरा चारा, पीने का पानी, बिजली, बाउंड्रीवाल आदि की स्थिति क्या है। बीडीओ से कहा है कि मनरेगा के तहत बनाई गईं गोशाला में गोवंशों को संरक्षित कराएं। चारागाह के लिए जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर गाटा संख्या, क्षेत्रफल आदि की जानकारी दें। गोवंशों को संरक्षित करने के लिए अभियान चलाएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघ श्याम, सभी एसडीएम, बीडीओ मौजूद रहें।

## भजनों की धुन पर झूम उठे श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार** : निष्काम संकीर्तन मंडल की ओर से श्री बांके बिहारी मंदिर में वार्षिक उत्सव के तहत संकीर्तन का आयोजन हुआ। वीरेंद्र अग्रवाल ने गणेश वंदना के साथ एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद ग्रोवर, महासचिव दिनेश तनेजा, संरक्षक जेपी भाटिया, राजीव भसीन, विमल मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पेंटिंग में आर्मी पब्लिक स्कूल ओवरऑल विजेता



**बरेली, अमृत विचार :** कुर्मांचल नगर स्थित अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल में आयोजित इंट्रा स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल ओवरऑल विजेता रहा। किंडरगार्डन, ग्रुप बी, सी और डी में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी वर्गों में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिरोही और उप प्रधानाचार्य एनसीसी आफिसर नंदकिशोर माथुर ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। स्कूल के कला शिक्षक दिवाकर आर्य ने प्रतिभागियों का नेतृत्व किया।

### श्रीकृष्ण- रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया



**बरेली, अमृत विचार :** कृष्णानगर कालोनी में आयोजित सहस्त्र चंडीयज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि रुक्मणी का विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया गया था, लेकिन रुक्मणी ने यह संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं बल्कि द्वारिकाधीश को वरण करेगी। जब रुक्मणी गौरीपूजन के लिए मंदिर गई तो प्रभु ने वहीं से हरण कर उन्हें रथ पर बैठा लिया। द्वारिका पहुंचने पर बलराम ने मंडप की तैयारी कर आचार्यों से विधिवत विवाह सम्पन्न कराया। वहीं, सुबह सहस्त्र चंडीयज्ञ में श्रद्धालुओं आहुतियां दीं। विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा नेता विक्की भरतौल, मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल एडवोकेट, श्याम बिहारी गोयल, घनश्याम अग्रवाल, मोहित गर्ग, विजय कमांडो, पार्षद गरिमा कमांडो, दीपेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जिम्नास्टिक : फ्लोर एक्सरसाइज में आशी प्रथम



**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल सप्ताह के तहत बुधवार को जिला स्तरीय महिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। फ्लोर एक्सरसाइज में आशी सक्सेना प्रथम, रिद्धिमा सिंह द्वितीय और फाइका फहीम तृतीय स्थान पर रहीं। बैलेंसिंग बीम में फाइका फहीम प्रथम, आशी सक्सेना द्वितीय और रिद्धिमा सिंह तृतीय रहीं। वाल्टिंग टेबल में शगुन सिंह प्रथम, दिव्यांशी शर्मा द्वितीय, रितिका प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। अनइवेन बार्स में आराध्या जायसवाल प्रथम, तान्या सिंह द्वितीय, चांदनी राजपूत तृतीय, व्यक्तिगत चैम्पियन में शगुन सिंह प्रथम, आराध्या जायसवाल द्वितीय व दिव्यांशी शर्मा तृतीय रहीं। प्रतियोगिता की शुरुआत वरिष्ठ जिम्नास्टिक खिलाड़ी किशन लाल और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने की। जिम्नास्टिक प्रशिक्षक राजेश यादव, योगिता कुमार, विवेक प्रजापति रहे।

### हार्टमन स्कूल ने कॉन्वेंट सेक्रेड हार्ट्स को 2-0 से हराया



**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में इंटर स्कूल लीग में बुधवार को हार्टमन स्कूल और कॉन्वेंट सेक्रेड हार्ट्स स्कूल के बीच मैच हुआ, जिसमें हार्टमन ने 2-0 से जीत हासिल की। जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिंसन ने बताया कि हार्टमन स्कूल के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल खेला। कॉन्वेंट सेक्रेड हार्ट्स के खिलाड़ियों ने कई बार गोल का प्रयास किया, लेकिन हार्टमन स्कूल के गोलकीपर अनिकेत ने गोल बचाए। वहीं हार्टमन स्कूल के साई ने 17वें और 24वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई। इससे पहले मुख्य अतिथि संजीव चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की। इस दौरान अनिल पुंडीर, अर्पित, आशु भारती समेत अन्य लोग मौजूद रहे। गुरुवार को आर्मी पब्लिक स्कूल और कॉन्वेंट सेक्रेड हार्ट्स व हार्टमन स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स ए स्कूल के बीच मैच होंगे।

### विज्ञान संगोष्ठी में साहस प्रथम और शिजा द्वितीय



**बरेली,अमृत विचार :** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के निर्देशन में बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्र साहस यादव ने प्रथम और शाहजहांपुर की नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा शिजा खानम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थी 11 सितंबर को राज्य स्तरीय संगोष्ठी में भाग लेंगे। मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमता, संभावता और सरोकार था। इसमें कक्षा 8 से 10 वीं तक के पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं और जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। संगोष्ठी में निर्णायकों ने विद्यार्थियों का चयन किया। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक गजेंद्र सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के संबंध में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने विजेता और प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित कया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार, प्रवक्ता सूर्य प्रताप सिंह, डॉ. नमिता त्रिपाठी, वीर बहादुर शामिल रहे। संचालन रजनी सिंह ने किया। उपप्रधानाचार्य अनु पाराशरी, जिला विज्ञान समन्वयक देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# एमएससी में प्रवेश के लिए 2 और 3 सितंबर को होगी काउंसिलिंग

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों का शेड्यूल जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित एमएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल निर्धारित कर दिया है। मेरिट में शामिल छात्रों को निर्धारित तिथि पर काउंसिलिंग में शामिल होकर प्रवेश लेना होगा।

एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए रसायन विज्ञान विभाग में 2 सितंबर को काउंसिलिंग होगी। जनरल और ओबीसी के 1 से 55 रैंक तक के अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे और 56 से आगे के अभ्यर्थियों को 1 बजे काउंसिलिंग में पहुंचना होगा। एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांग के सभी अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे प्रवेश के लिए पहुंचना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी 2 सितंबर को काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाता है तो 3 सितंबर को काउंसलिंग में आ सकता है और सीट के आधार पर उसे प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री की मूल प्रति के साथ-साथ फोटो स्टेट कॉपी और डिमांड ड्राफ्ट लेकर आना है। इसके अलावा एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की भी काउंसिलिंग 2 सितंबर को होगी। सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में पहुंचना होगा। इसके अलावा एमएससी पादप विभाग की काउंसलिंग 3 सितंबर को होगी और सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे प्रवेश के लिए पहुंचना होगा।

**परास्नातक के पहले चरण के 4 सितंबर तक होंगे प्रवेश :** विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में परास्नातक पाठ्यक्रमों में पहले चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश 4 सितंबर तक होंगे। ऑनलाइन प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथि तक प्रवेश सुनिश्चित करें। इसके बाद रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण के तहत प्रवेश लें।



### राधाष्टमी महोत्सव पर धूमधाम के साथ निकाली कलश यात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** हरि मंदिर में राधाष्टमी वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 108 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। यात्रा में श्री हरि मंदिर संकीर्तन मंडल और श्री वैष्णो देवी बुआ दाती संकीर्तन मंडल के भक्तों ने संकीर्तन किया। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। राधा-कृष्ण जी की सजल झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पं. नीरज शास्त्री ने भागवत का पूजन कराया। पठानकोट से पधारे कथा व्यास अतुल कृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत की। कहा, भागवत कथा सुनने से वर्तमान और भविष्य दोनों संवरते हैं। भागवत ग्रंथ सर्वश्रेष्ठ है। यह सबसे सरल और कलयुग में मानव के लिए सबसे उत्तम और कल्याणकारी यज्ञ है। इस दौरान श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष सतीश खट्टर, उपाध्यक्ष सुशील अरोड़ा, सचिव रवि छाबड़ा, संजय आनंद, अश्वनी ओबेरॉय, गोविंद तनेजा, जितेंद्र दुआ रहे।

### एलएलबी और एलएलएम में 7 सितंबर तक होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय ने एलएलबी और एलएलएम में प्रवेश की तिथि 7 सितंबर तक बढ़ा दी है। इसके अलावा परिसर के एलएलएम सेल्फ फाइनेंस, साइबर लॉ और ह्यूमन राइट्स में प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसलिंग 6 सितंबर को होगी।

### डॉ. आभा ने इंडोनेशिया में प्रस्तुत किया शोधपत्र

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की डॉ. आभा ने इंडोनेशिया में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने सात दिवसीय यात्रा के दौरान इंडोनेशिया और सिंगापुर में शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के नए अवसर भी तलाशे। इंडोनेशिया में सम्मेलन के दौरान डॉ. आभा ने बाली स्थित उदयाना विश्वविद्यालय के मत्स्य और समुद्री विज्ञान विभाग का दौरा भी किया। उन्होंने सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) का दौरा किया। इस दौरान उनकी मुलाकात प्रो. जियांगयोंग हू से हुई, जो अपशिष्ट जल प्रबंधन और उभरते प्रदूषकों के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं।

## कबड्डी में जीजीआईसी की टीम बनी विजेता



कबड्डी मैच में दमखम दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को जनपदीय कबड्डी बालिका वर्ग की प्रतियोगिता हुई। तीन वर्गों में हुई प्रतियोगिता में कई स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। सीनियर अंडर-19 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जूनियर अंडर-17 में हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज, वाहनपुर और सब जूनियर अंडर-14 वर्ग में आदर्श निकेतन इंटर कॉलेज, अटामांडा की टीम विजेता बनी। विजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी यादव ने किया। मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक गजेंद्र कुमार, उप प्रधानाचार्य अनु पाराशरी, क्रीड़ा प्रभारी मधु मौर्य, श्वेता शर्मा रश्मि यादव, एकता शर्मा, नेहा चौहान, शिप्रा यादव, अर्चना त्रिवेदी, प्रीति गुप्ता, शालिनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अब 14 अक्टूबर को होगा दीक्षांत समारोह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **31 अगस्त को प्रस्तावित कार्यक्रम पुलिस भर्ती परीक्षा और उर्स की वजह से टला**

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह अब 14 अक्टूबर को होगा। 30 और 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा और उर्स की वजह से शहर में लाखों लोगों की भीड़ की वजह से 31 अगस्त को प्रस्तावित दीक्षांत को टाल दिया गया है। समारोह में लगभग 90 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 100 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह पिछले साल 10 नवंबर को हुआ था। लगभग हर वर्ष अक्टूबर से नवंबर में ही दीक्षांत होता आया है।

मगर इस बार 31 अगस्त तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन पुलिस भर्ती परीक्षा और उर्स की वजह से विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे टालने के लिए राजभवन से आग्रह किया था। अब इसे टाल दिया गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि एक तरफ उर्स और पुलिस भर्ती परीक्षा है।

इसके अलावा बाढ़ की वजह से पीलीभीत और शाहजहांपुर में रिजल्ट को लेकर कुछ देरी हुई है। ऐसे में सभी पहलुओं को देखते हुए अब इसे 14 अक्टूबर को कराना तय हुआ है। इस बार 90 छात्रों को गोल्ड मेडल वितरित किया जाना है।

### माखन चोरी की लीला का किया मंचन

**बरेली,अमृत विचार :** श्री हरे राम ग्वाल बाल भगवती सेवा समिति के 44 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीकृष्ण लीला समारोह के तीसरे दिन बुधवार को बाल कलाकारों ने कान्हा के माखनचोरी की लीला का मनमोहक मंचन किया। बालकृष्ण के ठुमुक-ठुमुक कर चलने की लीला के दौरान दर्शक श्रीकृष्ण के जयकारे लगाने लगे। मंचन में बाल कलाकारों ने दिखाया कि कन्हैया सखाओं के साथ खेल-खेलते हुए चन्द्रसखी के घर पहुंचते हैं। वहां वह माखन चुराकर मटकी तोड़ कर सखाओं के साथ भाग निकलते हैं। डा. जितेन्द्र कुमार शर्मा, काजल सक्सेना, डॉ. यशवर्द्धन शर्मा, अंकित माहेश्वरी, वरुण शर्मा, सिद्धांत श्रोत्रिय, यश राजपूत आदि मौजूद रहे।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE



### सेठ गिरधारी लाल मंदिर में हुआ प्रदोष पूजन

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी जलाभिषेक समिति की ओर से बुधवार को शहामतगंज स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर में प्रदोष पूजन का आयोजन हुआ। पं. आशुतोष मिश्र ने पूजन संपन्न कराया। संस्था अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल ,अनुराग अग्रवाल, डॉ. रुचिन अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, डॉ .हिमांशु, विष्णु आदि मौजूद रहे।

### एसआरएमएस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कल से

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित और इसके अनुप्रयोग (आईसीएमएएसटी 2024) विषय पर 30 और 31 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। इसमें अमेरिका, फ्रांस, रूस, स्लोवाकिया, मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के नामी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ऑनलाइन और पांडिचेरी, मद्रास, शिवाजी और नेताजी सुभाष विवि के गणितज्ञ उपस्थित होकर व्याख्यान देंगे। देश-विदेश के 125 से अधिक रिसर्च स्कॉलर शोध पत्रों को प्रस्तुत करेंगे। प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि यह सम्मेलन पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा, श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और पांडिचेरी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के शिक्षाविदों, उद्योगों, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है, जो विभिन्न विषयों में गणित और इसके अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## गट्टूमल परिवार द्वारा आवश्यक विधिक सूचना

हम गट्टूमल परिवार जो जिला बरेली में पिछले 200 वर्षों से अनवरत आयुर्वेदिक औषधि आदि निर्माण एवं विक्रय आदि करते चले आ रहे हैं जिसका कुछ धोखेबाज व्यवसाइयों द्वारा आम जन को 'गट्टूमल' के सुप्रसिद्ध नाम का बिना किसी विधिक व वैध अधिकारिता व पंजीकरण के उपयोग कर धोखा दिया जा रहा है। मिलते जुलते नाम से व्यपार किया जाना तथा आम जन के साथ धोखाधड़ी किया जाना कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत व अन्य सिविल व अपराधिक कानूनों के तहत विधिक अपराध है जिसके विरुद्ध हमारे द्वारा व्यापक विधिक कार्यवाहियों किए जाने हेतु उन सभी व्यवसायियों को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रसारित होने से 7 दिन बाद यदि कोई व्यक्ति या फर्म हमारे नाम "गट्टूमल" का दुरुपयोग करता पाया गया तो इसके विरुद्ध कृत समस्त प्रकार की विधिक कार्यवाहियों के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। आम जन को भी सूचित किया जाता है कि हमारी सभी वैध व पंजीकृत फर्मों की सूची निम्न है और इनके अलावा कोई अन्य व्यक्ति अथवा फर्म जो हमारे नाम "गट्टूमल" का उपयोग कर रही है वह पूर्णत: गलत व फर्जी है।

**श्री गट्टूमल औषधालय**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल
मो.: 9837549292

**गट्टूमल एंड कंपनी**
गली गट्टूमल, शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्याम कुमार अग्रवाल
मो.: 9897079401

**लाला गट्टूमल ज्योति प्रसाद**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: सुप्रिय अग्रवाल
मो.: 9412289254

**लाला गट्टूमल ब्रह्म प्रकाश**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: आशु अग्रवाल
मो.: 9359100530

**लाला गट्टूमल राकेश कुमार**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: राहुल अग्रवाल
मो.: 9897718302

ब्रांच: **लाला गट्टूमल राकेश कुमार एंड संस**
ट्यूलिप टॉवर, थाना इज्जत नगर के बराबर, बरेली।
प्रोपराइटर: राघव अग्रवाल
मो.: 9358678286

**लाला गट्टूमल शेखर अग्रवाल**
कुतुब खाना, सब्जी मंडी,
निकट चूड़ी वाली गली, बरेली।
प्रोपराइटर: शेखर अग्रवाल
मो.: 9837046835

**लाला गट्टूमल रचित कुमार**
दुर्गा चौक, निकट 84 घंटा मंदिर
बदायूं रोड, बरेली।
प्रोपराइटर: रचित गोयल
मो.: 9837118370, 9808222071

**लाला गट्टूमल राजकुमार**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्री राजकुमार अग्रवाल
मो.: 7017442714, 9359102920

**गट्टूमल आयुर्वेदा जी.एम.फार्मेसी**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: रवि गट्टूमल अग्रवाल
मो.: 7500052000, 9456812345

## निलंबित प्रधानाध्यापक के समर्थन में आए शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **महिला एआरपी पर भ्रमित करने का आरोप लगाकर बीएसए से की शिकायत**

**अमृत विचार :** व्हाट्सएप ग्रुप पर अभद्र टिप्पणी के मामले में निलंबित बारीखेड़ा कंपोजिट स्कूल के शिक्षक पवन कुमार दिवाकर के समर्थन में कई स्कूलों के 100 से अधिक शिक्षक आ गए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बुधवार को शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसएस) को पत्र सौंपा और रामनगर ब्लॉक के एआरपी की शिकायत की। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षक के खिलाफ बिना किसी कारण के कार्रवाई की गई है। एआरपी ने विभाग को भ्रमित कर कार्रवाई के लिए उकसाया है।

शिक्षक पवन कुमार को एआरपी की शिकायत पर मंगलवार को बीएसए ने निलंबित कर दिया था। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि शिक्षक को जल्द से जल्द बहाल किया जाए और एआरपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विभाग जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाएगा तो उग्र विरोध किया जाएगा। बीएसए को सौंपे पत्र में शिक्षकों ने आरोप लगाया कि एआरपी स्कूलों में शैक्षिक सहयोग करने के बजाय निरीक्षण कर कमियां निकालती हैं। उनका व्यवहार भी शिक्षकों के साथ सही नहीं रहता है। निलंबित शिक्षक पवन का कहना है कि व्हाट्सएप ग्रुप पर कोई ऐसी बात नहीं हुई जिससे एआरपी के चरित्र को लेकर कुछ कहा गया हो। बल्कि उन्होंने ही द्वेषभाव लिखकर विभाग को भ्रमित किया गया है।

## हरिहर मंदिर में जन्माष्टमी मेले का हुआ आयोजन



जन्माष्टमी मेले के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि और समिति के पदाधिकारी।

**सीबीगंज, अमृत विचार:** सीबीगंज क्षेत्र के हरिहर मंदिर प्रांगण में 42 वें जन्माष्टमी मेले का आयोजन बुधवार शाम किया गया। मेले का उद्घाटन अनिल कुमार एडवोकेट ने किया। उन्होंने बताया कि मैं आईटीआर परिवार से बहुत पहले से जुड़ा हूं । बचपन से यहां आता हूं, क्योंकि उनके मामा आईटीआर में अधिकारी थे, इसलिए वह इसे परिवार मानते हैं। अध्यक्ष वीर सिंह राज ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। उपाध्यक्ष पीसी पाठक ने अतिथियों का आभार जताया। संरक्षक अशोक आहूजा, प्रदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, पार्षद रचित गुप्ता, मनोज गांधी, दासु, राजन श्रीवास्तव, नवीन राघव उपस्थित रहे।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# प्लॉट पर कब्जा करने के लिए आशुतोष सिटी में किया हमला

## महिलाओं से की अभद्रता, लूटपाट का आरोप, डीवीआर ले गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एसएसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जा करने के लिए दबंगों ने इज्जतनगर क्षेत्र की आशुतोष सिटी कॉलोनी में एक लोहे के गोदाम पर धावा बोलकर सामान लूट लिया और विरोध करने पर चौकीदार और उसके परिजनों को पीट दिया। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है।

बारादरी के कौशांबी एन्क्लेव में रहने वाले हरप्रीत सिंह ने बताया कि आशुतोष सिटी में उनका लोहे का गोदाम है। बुधवार सुबह 30-35 लोग शस्त्र से लैस होकर गोदाम में दाखिल हो गए। आरोप है कि दबंगों ने

**● पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में की शिकायत, पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया**

चौकीदार और उसके परिजनों को पीटा। महिलाओं से अभद्रता की। चौकीदार के घर में रखे जेवर और 18 हजार रुपये लूट लिए। दबंग कैमरे और डीवीआर उखाड़कर ले गए। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे। इज्जतनगर पुलिस ने घटनास्थल से कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद हरप्रीत सिंह कई लोगों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। एसएसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्लॉट पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच का विवाद बताया जा रहा है।

## स्मैक तस्करी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** स्मैक तस्करी के आरोपी थाना खजुरिया के गांव गुलामगंज निवासी पंकज कश्यप (26) की जमानत अर्जी स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने खारिज कर दी। फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने 20 जुलाई को चेकिंग के दौरान बल्लिया पश्चिमी पुल के पास संदिग्ध को दबिश देकर पकड़ा था। तलाशी में 211 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सरकारी वकील अवधेश शर्मा ने जमानत मिलने पर दोबारा अपराध में सक्रिय, फरार होने का तर्क दिया।

## दंपती को चाकू मारने के जुर्म में नौकर को सात साल कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** सात साल पहले दुकान से निकालने पर स्वीट्स शॉप के ऑनर और उसकी पत्नी को चाकू मारने के मामले में थाना शेरगढ़ क्षेत्र निवासी नौकर अर्जुन सिंह परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार सिंह ने अभियुक्त को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि वादी मुकदमा श्याम बाबू गुप्ता ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 24 अगस्त 2017 को वह और उनकी पत्नी विमला रानी अपनी वैभव लक्ष्मी स्वीट्स दुकान बंद करने के बाद रात 10 बजे लेट गये थे। किसी समय दुकान में पुराना नौकर अर्जुन बैठ गया। उसने रात में 2 बजे उनपर और उनकी पत्नी की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर लोगों के आने पर वह भाग गया। उसे करीब दो महीने पहले लेनदेन में गड़बड़ी करने पर काम से निकाल दिया था। पुलिस ने घर में घुसकर हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किये थे।

## अलीगढ़ पैसेंजर के शौचालय में मिला बुलंदशहर के यात्री का शव

**बरेली, अमृत विचार:** अलीगढ़-बरेली पैसेंजर के शौचालय में मंगलवार रात यात्री का शव मिला। बरेली जंक्शन के वॉशिंग लाइन में सफाई के लिए ट्रेन पहुंचने पर कर्मचारियों ने शव देखा तो जीआरपी को सूचना दी। यात्री की आधार कार्ड से पहचान हुई है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण किडनी खराब होना और बीमारी आया है।

मंगलवार रात अलीगढ़-बरेली पैसेंजर की बरेली जंक्शन की वाशिंग लाइन में सफाई हो रही थी। सफाई कर्मचारियों ने एक कोच के शौचालय में देखा कि कोई बेसुध पड़ा है। कर्मचारियों की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और यात्री को नीचे उतारकर जिला अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यात्री की जेब से मिले आधार कार्ड से

**● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किडनी खराब होने से मौत की पुष्टि**

उसकी पहचान बुलंदशहर के थाना अनूप शहर के गांव बिरौली निवासी देव प्रकाश सिंह के रूप में हुई।

इंस्पेक्टर जीआरपी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि यात्री के परिवार को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उसके पास कोई टिकट भी नहीं मिला है। वह ट्रेन में कहां से सवार हुआ, चलती ट्रेन में उसकी मौत हुई या फिर जंक्शन पर ट्रेन रुकने के बाद वह सवार हुआ, इसका पता जीआरपी लगा रही है। वहीं जीआरपी थाने में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने बताया कि देव प्रकाश दिल्ली में एक कांग्रेसी नेता के परिचित थे।

## करंट से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** कबूतर पकड़ने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज की छत पर चढ़ा युवक करंट की चपेट में आने से झुलस गया था। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

बुधवार को इलजा के दौरान उसकी मौत हो गई। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर केशोपुर निवासी रियासत 22 अगस्त को अपने दोस्त के साथ कबूतर पकड़ने के लिए एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छत पर चढ़ गया था। छत की दीवार पर करंट बह रहा था। युवक जैसे ही चढ़ा वैसे ही झुलस गया। परिवार वाले इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में ले गए। वहां से डॉक्टरों ने हायर सेंटर दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले शहर के निजी अस्पताल ले गए। वहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## 10 वर्षीय बालक आगरा से पहुंचा बरेली


**बरेली, अमृत विचार :** आगरा से दोस्त के साथ बरेली आ रहा 10 वर्षीय बच्चा बिछड़ गया। बरेली जंक्शन पर बच्चा आरपीएफ को मिला। आरपीएफ ने उसे चाइल्ड लाइन के सौंपा है। बच्चे ने बताया वह आगरा का रहने वाला है। वह सोमवार को अपने एक दोस्त के साथ बरेली आया था। दोस्त का घर बरेली में है। चाइल्ड लाइन ने बच्चे के परिजनों को सूचना दी। बच्चे को सीडब्ल्यूसी के सामने पेश कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## मारपीट की रिपोर्ट लिखाने वाले को इंस्टाग्राम पर दिखाया तमंचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक युवक ने इंस्टाग्राम पर तमंचों के साथ वीडियो वायरल कर धमकी दी है। पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

किला के केला बाग निवासी सागर सैनी ने बताया कि कटघर मोहल्ले में रितिक और अंश दो सगे भाई हैं। दोनों आए दिन लोगों से दबंगई दिखाते हैं। सोमवार रात को अंश और रितिक से उसका विवाद हो गया था। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की थी। उन्होंने थाना किला में रिपोर्ट दर्ज



युवक का वायरल फुटेज।

कराई थी। सागर का कहना है कि किला पुलिस ने उन्हें मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया और आरोपी को थाने से छोड़ दिया। अब अंश इंस्टाग्राम पर तमंचों के साथ वीडियो वायरल करके और लोगों से कहकर उन्हें धमका रहा है।

## 980 बुजुर्गों को पेंशन मिलने का रास्ता साफ

**बरेली, अमृत विचार :** वृद्धावस्था पेंशन के लिए जिले के 980 बुजुर्ग परेशान हैं। यह बुजुर्ग कई दिनों से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि जिला समाज कल्याण विभाग की फाइलों पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने संस्तुति कर दी है। बुधवार को रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग के पास आ चुकी है। अगली किस्त में

**● डीएम और सीडीओ ने फाइलें संस्तुति कर जिला समाज कल्याण विभाग को भेजीं**

इन बुजुर्गों को पेंशन की धनराशि मिल सकती है।

समाज कल्याण विभाग में योजना के पात्रों को समय से लाभ मिलना आसान नहीं है। आवेदन करने के बाद पात्र कई साल तक भागदौड़ करते हैं और अधिकारी टाल मटोल करते रहते हैं। पटल के बाबू भी कोई न कोई कमी निकालकर आवेदकों को दौड़ाते हैं। समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 79100 बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन का लाभ ले रहे हैं। इसमें 69264 ग्रामीण और 9826 शहरी क्षेत्र के बुजुर्ग हैं। 980 बुजुर्ग और ऐसे हैं, जिन्होंने योजना का लाभ पाने के लिए काफी समय से पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक उन्हें पेंशन नहीं मिली है।

## एक नजर

### सर्वे से पहले जिला महिला अस्पताल को चमकाया

बरेली, अमृत विचार : टीम के निरीक्षण को लेकर जिला महिला अस्पताल में बुधवार को व्यवस्थाओं का चाक चौबंद किया गया। सुबह से दोपहर तक परिसर में साफ-सफाई होती रही। पूरा स्टाफ यूनिफार्म में नजर आया। दरअसल, नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैंडर्ड एनक्यूएएस के तहत शासन की टीम गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण करेगी। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि टीम दो दिवसीय दौरे पर आ रही है।

### टीम ने आठ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

बरेली, अमृत विचार : चाइल्ड हेल्प लाइन और थाना एएचटीयू की संयुक्त टीम ने अभियान के तहत बुधवार को बाजार में दुकानों और होटलों पर छापामारी कर आठ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के निर्देशन में अभियान चलाया गया। श्रम परिवर्तन अधिकारी आरके चतुर्वेदी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जलने से किशोरी की मौत की पुष्टि नहीं

## प्राइवेट पार्ट पर भी कोई चोट नहीं, विसरा प्रिजर्व कर जांच को भेजी स्लाइड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सामूहिक दुष्कर्म के बाद खुद को आग लगाने वाली किशोरी की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सवालों में घिर गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की मौत की वजह आग से जलने को नहीं माना गया है। उसके प्राइवेट पार्ट पर भी चोट का कोई निशान नहीं मिला है। डॉक्टरों ने उसका विसरा प्रिजर्व करने के साथ दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड भी जांच के लिए भेजी है।

भोजीपुरा के एक गांव नौवीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी से सोमवार को पड़ोस में रहने वाले दो किशोरों ने दुष्कर्म किया था। दोनों उसी के साथ कक्षा नौ में ही पढ़ते थे। पिता के मुताबिक दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने मंगलवार दोपहर 12 बजे खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली थी। अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई थी। थाना भोजीपुरा में दोनों किशोरों के खिलाफ पिता की ओर से दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराने के बाद बुधवार को तीन डॉक्टरों के पैनल से किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरी के शरीर का ऊपरी हिस्सा 60 प्रतिशत जला था, लेकिन त्वचा की सिर्फ ऊपरी परत जली पाई गई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

### बरेली में अस्पताल वालों ने नहीं किया भर्ती

पिता के अनुसार, उसकी बेटी ने मंगलवार दोपहर 12 बजे आग लगाई थी। वह उसे तुरंत भोजीपुरा से अशरफ खां छावनी में एक निजी अस्पताल लाया। यहां डॉक्टरों ने भर्ती करने से इन्कार किया तो उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए फिर भोजीपुरा लौटा लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। शाम को पुलिस घर पहुंची तो जहां किशोरी ने आग लगाई थी, वह जगह लिपी हुई मिली।

> पुलिस इस केस में हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जलने से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है इसलिए विसरा प्रिजर्व किया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> – मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी उत्तरी

# पांच साल चक्कर कटवाने के बाद अब बोले- लाइसेंस के लिए मानक पूरे नहीं

- होम्योपैथी मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के लिए किया था आवेदन

बरेली, अमृत विचार : होम्योपैथिक मेडिकल स्टोर लाइसेंस आवेदन प्रकरण में जांच रिपोर्ट होम्योपैथी निदेशालय भेज दी गई है। जांच अधिकारियों ने लाइसेंस जारी न करने के पीछे मानकों को पूरा न होना बताया है। आवेदक पिछले पांच साल से लाइसेंस के लिए विभाग और अफसरों के चक्कर काट रहा था।

शहर निवासी फैजउल्ला खां ने पांच साल पहले होम्योपैथिक मेडिकल स्टोर लाइसेंस के लिए विभाग में आवेदन किया था, लेकिन उन्हें लाइसेंस जारी नहीं किया गया। इस संबंध में उन्होंने 40 बार विभागीय अफसरों से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने लखनऊ स्थित होम्योपैथी निदेशालय में शिकायत की। निदेशालय ने दो माह पहले जिला प्रशासन को जांच कराने के आदेश दिए। इसपर जिला होम्योपैथिक अधिकारी और एसडीएम सदर को जांच करने के निर्देश दिए गए। मामले में जांच रिपोर्ट होम्योपैथी निदेशालय भेजी गई है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि आवेदक को बुलाया गया था लेकिन वह नहीं पहुंचे। उनकी दुकान में ताला पड़ा था। बाहर से दुकान की माप 100 वर्ग फुट से कम निकली, जो मानकों से कम है। इसलिए लाइसेंस नहीं दिया गया। वहीं, फैजउल्ला ने बताया कि उन्हें जांच वाले दिन ही वाट्सएप के माध्यम से एक लेटर जिला होम्योपैथिक अधिकारी की ओर से एक घंटे पहले भेजा गया था। उस समय वह दिल्ली में थे, इस वजह से वह नहीं पहुंच सके। वहीं, जिस मानक को आधार बनाकर उन्हें लाइसेंस नहीं देने की बात कही गई है, इसका लिखित में विभाग ने कोई शासनादेश नहीं दिखाया है।

## सार-संक्षेप

### आम सभा में यूपीएस के संबंध में दी जानकारी




बरेली, अमृत विचार : एन ई रेलवे मजदूर यूनियन ने लोको शेड इज्जतनगर में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लेकर आम सभा आयोजित की, जिसमें लोको शेड शाखा के पदाधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने यूपीएस के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी। अमन कुमार, प्रवीन सिंह राना, दिनेश कुमार, लाल सिंह सोलंकी, रामसनेही कुमार, संतोष कुमार, विजय कुमार, विभोर पाठक, रामरूप मीना, शाहदूल, आरिफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

### हीरालाल बने इज्जतनगर मुख्यालय शाखा अध्यक्ष



बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ इज्जतनगर मंडल की कार्यकारिणी की बैठक में इज्जतनगर मुख्यालय शाखा का अध्यक्ष हीरालाल को चुना गया। इसके अलावा प्रशांत माहेश्वरी को मंत्री, अनु को कोषाध्यक्ष और सीएल मीणा, सुभाष गोयल, आजाद सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया। जितेंद्र पाल, शिवनारायण, राम नरेश मीणा को उपाध्यक्ष और कमलेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। पिंटू मीणा संयुक्त मंत्री बनाए गए। बैठक में पीआरकेएस के मंडल के यूथ ब्रिगेड की घोषणा की। जिसमें पंकज कश्यप को अध्यक्ष, आशीष पाल को कार्यकारी अध्यक्ष और मोहिउद्दीन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संगठनों की मान्यता चुनाव पर रणनीति भी तय की गई। इस मौके पर पूर्वोत्तर रेलवे कार्मिक यूनियन के प्रतिनिधि राकेश मिश्रा एवं उपेंद्र पाल तिवारी भी शामिल हुए। संरक्षक विनय चतुर्वेदी की ओर से संचालित बैठक में अध्यक्ष कुमार जितेंद्र, मंडल मंत्री सतीश बघेल, कोषाध्यक्ष रामसेवक, संयुक्त मंत्री राजगुरु यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश यादव भी मौजूद रहे।

### दंत शिविर में 75 मरीजों की जांच की



बरेली, अमृत विचार : असंतुलित खानपान और अनदेखी के चलते लोगों के मुंह का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इसके बचाव के लिए सरन अस्पताल के दंत रोग विभाग में मंगलवार से 12 दिवसीय दंत परीक्षण शिविर का आरंभ हुआ। शिविर में वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप आर्य ने 75 मरीजों की जांच की। कई मरीज दांत में कीड़े लगने, मसूड़े में दर्द की समस्या लेकर आए थे। डॉ. अनूप ने बताया कि पान, तंबाकू के सेवन से युवाओं के दांत और मसूड़े में कई परेशानी देखने को मिलीं। बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों को इलाज के खर्च में 50 फीसदी छूट दी जा रही है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY, Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
कायचिकित्सा विभाग | शल्यतंत्र विभाग | पंचकर्म विभाग | कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग | शालाक्य तंत्र विभाग | प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG

# चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए बोटोक्स और फिलर्स के इस्तेमाल की तकनीक बताई

- तीन दिवसीय कान्फ्रेंस में दंत चिकित्सकों ने दिए व्याख्यान
- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कान्फ्रेंस के समापन के दौरान मौजूद वरिष्ठ दंत चिकित्सक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन संगठन (उत्तर प्रदेश चैप्टर) की तीन दिवसीय वार्षिक कान्फ्रेंस का आयोजन 22 से 24 अगस्त को हुआ, जिसमें बाहर से आए वरिष्ठ दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। इसमें 4 प्री-कॉन्क्रैस कोर्स कराए गए। आठ अंतर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ताओं ने छात्रों को नए तरीके के डेंटल इंप्लांट, चेहरे की झुर्रियां और निशान हटाने के लिए बोटोक्स और फिलर्स का इस्तेमाल करने की तकनीक बताई।

शव-विच्छेदन करके चेहरे की बड़ी हुई हड्डी के ऑपरेशन (ऑर्थोग्नैथिक सर्जरी) के बारे में बताया गया। मुंह के कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन (माइक्रो-वैस्कुलर सर्जरी) भी दिखाई। 23 और 24 अगस्त को मुख्य कान्फ्रेंस आयोजित की गई। कई राज्यों से आए 26 विशेषज्ञों ने ओरल एंड मैक्सिलो-फैशियल सर्जरी के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान देने के साथ पैनल डिस्कशन भी किया। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइंटिफिक पेपर एवं पोस्टर भी प्रस्तुत किए। दिल्ली के ईएसआईसीके डायरेक्टर एवं डीन डॉ. धीरेंद्र श्रीवास्तव ने डॉ. टीएन. चावला और एसजीटी गुड़गांव के प्रो. एवं हेड डॉ. संजीव कुमार सक्सेना ने डॉ. अतुल गुप्ता ओरेशन दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ओरल एवं मैक्सीलो-फेशियल सर्जरी संगठन की वार्षिक महासभा का भी आयोजन हुआ, जिसमें नई कमेटी का चुनाव संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। विशेष अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, डेंटल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक, रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर एंड हेड डॉ. अर्जुन अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी सीएस कांडपाल, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. गोकुल कृष्णन, साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. रमाकांत डांड्रियान, प्री कान्फ्रेंस चेयरमैन डॉ. अनुराग यादव, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. निरंजन प्रसाद, कोषाध्यक्ष डॉ. हिमांशु प्रताप सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. आमिर सैफी, डॉ. भरत आदि मौजूद रहे

### जायरीन के ठहरने की मुफ्त की व्यवस्था

बरेली, अमृत विचार : दरगाह उस्ताद-ए-जमन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना कैफ रजा खां कादरी ने जायरीन के लिए दरगाह के पास एक होटल में मुफ्त रहने और खाने की व्यवस्था की है। उन्होंने अपने आवास पर बैठक कर रजाकारों को निर्देश दिए कि जायरीन की मेहमानी में कोई कमी न रहे। बारिश में कहीं पर भी जलभराव, सीवर चोक या गंदगी न हो, इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के निरंतर संपर्क में रहें। जायरीन किसी भी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9084957857 पर संपर्क कर सकते हैं। मौलाना अबु सालिम, हकीम वासिफ रजा, मोहम्मद फरमान अंसारी, मोहम्मद फैज रजा, मुफ्ती सईद अहमद, कारी अमीन हैदर आदि मौजूद रहे।

### हेल्पलाइन कार्ड बांटे

बरेली, अमृत विचार : उर्स के लिए ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी के निर्देश पर सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को सभी कार्यकर्ताओं को हेल्पलाइन कार्ड बांटे गए। कमेटी के पदाधिकारी उर्स में तीन दिन बाहर से आए लोगों की मदद करेंगे। मलूकपुर में अजहरी मस्जिद के पास मेडिकल कैम्प लगेगा। हाफिज इमरान रजा बरकाती, मुशाहिद रफत, ताज खां, हनीफ रजा आदि मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचंद के समर्पण और मनोयोग की शिक्षा बच्चों को देने की जरूरत

- हॉकी के जादूगर की स्मृति में संघ की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बोले वक्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली



गोष्ठी में बोलते ब्रज प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नरेंद्र।

अमृत विचार : हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने जिस तरह अपनी मेहनत के दम पर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया, नई पीढ़ी को उसी मनोयोग और समर्पण की शिक्षा दिया जाना जरूरी है। यह बात मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से अपने कार्यालय केशव कृपा भवन में आयोजित संगोष्ठी में कही गई।

ब्रज प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नरेंद्र ने कहा, हमें अपने बच्चे को बेहतर संस्कार देना चाहिए। संस्कार शिक्षा और परिवार से ही मिलते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम परिवार को समय दें ताकि बच्चों को बेहतर माहौल और संस्कार दोनों मिलें। वरिष्ठ प्रचारक एवं पश्चिमी यूपी क्षेत्र के विमर्श प्रमुख सुशील ने कहा कि कुछ लोगों ने महापुरुषों और भगवान को जातियों में बांट दिया है। राष्ट्रनायक डॉ. आंबेडकर सभी के हैं लेकिन कुछ वर्ग विशेष के लोगों ने उन्हें जाति में कैद कर दिया। उनका पूरा नाम भीमराव रामजी आंबेडकर है लेकिन इससे राम हटा दिया गया।

कुछ लोगों ने यह भी भ्रम फैलाया कि चीन भारत की सीमा से सटा है लेकिन असल में भारत तिब्बत की सीमा से सटा है जिस पर चीन ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में जय भीम, जय मीम का नारा देकर भ्रम फैलाया जा रहा है। अतिथि मुकेश जैन ने कहा कि परिवार व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। शिक्षा और परंपरा का बड़ा महत्व है। अध्यक्षता कर रही दीपा चौहान ने आभार जताया। इस दौरान महानगर संयोजक अरुण भटनागर, सह संयोजक संजीव सिंह, विभाग संयोजक विवेक दुबे आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना
मैं, विवेक कुमार पुत्र स्व राजेश कुमार निवासी चौधरी सराय थाना कोतवाली बदायूं यह घोषित करता हूँ कि मैंने मोहल्ला जोगीपुरा बदायूं मे स्थित एक दुकान विक्रेता महफूज हुसैन से खरीदी थी, यही दुकान महफूज हुसैन ने परमवीर सिंह से दिनांक 28.08.1995 को खरीदी थी जिसका मूल बैनामा संख्या 1141 पन्ना संख्या 202-230 क्रम संख्या 5613, मुझसे दिनांक 07.05.2022 को कहीं खो गया था। जिसकी रिपोर्ट ई-थाना द्वारा वस्तु या अभिलेख खोने की संख्या 20220000198368 दिनांक 07.05.2022 को करा दी गयी थी।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट का अंकपत्र अनुक्रमांक 0663740 वर्ष 2019 वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। विशाल सिंह चौहान पुत्र मनोज सिंह चौहान निवासी ग्राम व पोस्ट अखा, बिशारतगंज, बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225605552 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। निधि पुत्री राजू निवासी सर्वोदय नगर थाना सीबीगंज जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वामिक हुसैन पुत्र अतीक हुसैन पता 118, चक महमूद, पुराना शहर, थाना बारादरी, बरेली को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। अतीक हुसैन पुत्र मुख्यार निवासी-118, चक महमूद, पुराना शहर, थाना बारादरी, जिला बरेली।

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### मुकेश को दी संगीतमय श्रद्धांजलि



बरेली, अमृत विचार : प्राइम म्यूजिक क्लब ने मुकेश चंद्र माथुर की 48 वीं पुण्यतिथि पर सीबीगंज स्थित इंजीनियर्स भवन में एक शाम मुकेश के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कहां गये वो दिन, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, वो तेरे प्यार का गम, तेरी निगाहों पे मर गए हम, तू जहां जहां चलेगा, वक्त करता जो वफा आदि गाने गाकर मुकेश को संगीतमय श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और विशिष्ट अतिथि पार्षद राजेश अग्रवाल, एडवोकेट इकरार हुसैन और एडवोकेट जावेद अली रहे। इस दौरान केबी अग्रवाल, खुर्शीद अली खान, अजय पाल सिंह, अनिल गुप्ता, अचल देव, मुकेश सक्सेना, शोभा सक्सेना, योगेश अग्रवाल, राजीव अस्थाना, प्रियंका, अशोक आनंद आदि उपस्थित रहे।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 55/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समइं काशीपुर अनुभाग के अन्तर्गत बिलासपुर रोड–चमरूआ स्टेशन के मध्य मानवित समपार संख्या 21/सी. पर किमी. 12/2-3, 23/सी. पर किमी. 14/2-3 एवं 25/सी. पर किमी. 15/2-3 के स्थान पर सबवे (एल.एच.एस.) का निर्माण कार्य। (बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा), अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 15,22,32,526.26, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 9,11,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 18-09-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर**

मुजाधि / डब्लू-221

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर से मोबीन व तौसीफ व दानिश पुत्रगण यासीन निवासीगण मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर ने एक किता मकान तादादी 58.59 वर्गमीटर स्थित मोहल्ला नादिरशाह कस्बा मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहद्दी पूरब–काकोरी शहीद इन्टर कॉलेज, पश्चिम–रास्ता 6 फिट चौड़ा, उत्तर– मकान नबी अहमद, दक्षिण– मकान शाहजमां अन्सारी को दानदाता यासीन पुत्र नसरूल्ला निवासी मोहल्ला नादिरशाह कस्बा मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर से दान में प्राप्त की थी, उक्त लिखित सम्पत्ति पर मोबीन मेरे मुवक्किल से गृह ऋण ले रहे है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश सक्सेना (एडवोकेट)**
**कार्यालयः- चैम्बर नं 27 सिविल कोर्ट बंगलिया सूचीबद्ध अधिवक्ता हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स, लिमिटेड**


# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**भमोरा, अमृत विचार :** सात दिन पहले 14 वर्षीय किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक राजा उर्फ रजां ने अपने दो साथियों के साथ जबरदस्ती ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस दौरान उसके साथी कृष्ण और मोनू ने निगरानी की थी। 26 तारीख को दोबारा दबंगई के बल पर घर से ले जा रहे थे। परिजनों के जागने पर आरोपी वहां से भाग गए थे, पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर, छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा।


आरोपी राजा।

बुधवार सुबह आरोपी राजा उर्फ रजां को देवचरा चौराहे से पकड़ लिया, मुख्य आरोपी को पुलिस ने आज कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## छात्रा से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी एक युवक को बुधवार को पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छात्रा से छेड़खानी के वांछित नाजिम निवासी सोरहा को शंखा पुल से बुधवार की दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को भोजीपुरा क्षेत्र की रहने वाली किशोरी से थाना क्षेत्र के गांव के पास रास्ते में रोककर छात्रा से छेड़खानी की थी। आरोपी को पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद जेल भेज दिया।




**न्यायालय श्रीमान ए.डी.जे.-3, जनपद, बरेली**

श्रीमती कामिनी गुप्ता बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य 3. अतुल कुमार मिश्रा पुत्र रामेश्वर दयाल मिश्रा निवासी कालीचरन मार्ग म.सं. -668, सुभाषनगर, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली। 4. कृपाल सिंह पुत्र डोरी लाल निवासी ग्राम मकरन्दपुर धाराजीत, थाना भमोरा, जनपद बरेली। 5. मोहित मिरा पुत्र रामेश्वर दयाल मिश्रा निवासी कालीचरन मार्ग म.सं.-668, सुभाषनगर, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली। आप विपक्षीगणों के विरूद्ध मा. न्यायालय कक्ष सं.-3. बरेली में फौजदारी निगरानी सं.-139/2023 विचाराधीन है और उसमें दिनांक 30-08-2024 विधिक कार्यवाही हेतु नियत है यदि आप नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं हुए तो इस पत्रावली में आगे कार्यवाही की जायेगी।

**मुंसरिम, न्यायालय एडीजे-3, बरेली**


## लाइनमैन पर उगाही का आरोप, ऊर्जा मंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव मेहतरपुर तिजासिंह के लोगों ने लाइनमैन पर उगाही का आरोप लगाकर ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेजा। ग्रामीणों ने पत्र में लिखा है कि लाइनमैन ने गांव की जिम्मेदारी एक युवक को सौंप दी है। दोनों केबिल बांधने के 19 हजार रुपये मांग रहे है। इस वजह से 20 दिन से ग्रामीण बिजली को तरस रहे है। ग्रामीणों ने लाइनमैन पर कार्रवाई की मांग की है। गांव मेहतपुर तिजासिंह के मोहल्ला बाजार लाइनमैन बंटी और दबंग ठेकेदार अंसार की सौदेबाजी से यहां के लोग 20 दिन से बिजली को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है लाइनमैन 16 हजार की मांग कर रहा है। ग्रामीणों ने दूसरे लाइनमैन की नियुक्ति की मांग की है। शिकायत करने वालों में यासीन, किशवरी बेगम, मुन्ने, मुमताज, शाकिर अली, नन्हे अयूब, अब्दुल वहीद, आजाद, अब्दुल सलाम, अब्दुल बशीर समेत अन्य शामिल है।


### प्राथमिक विद्यालय बरखन, विकास क्षेत्र भदपुरा, जनपद बरेली

**जर्जर भवन नीलामी सूचना (तृतीय चक्र)**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र संख्या SSA/निर्माण/461823/2023–24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुसार विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन (दो कक्ष) की नीलामी 30 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड (छायाप्रति) तथा 10000/– रूपये की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 9 बजे से 9:30 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

**मो. असलम (अध्यक्ष)** **प्रगति अग्रवाल (सचिव)**

**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय बरखन, विकास क्षेत्र भदपुरा, जनपद बरेली।**



### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर जिला पीलीभीत

पत्रांकः 828/न.पा.परि.बी./2024–25 दिनांक :– 28.08.2024

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त फर्म/सप्लायर्स/रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारन को सूचित किया जाता है कि वाल विकास परियोजना अधिकारी बीसलपुर–पीलीभीत के कार्यालय पत्र संख्या 119–122 / वा.वि.परि./ मांग पत्र/ 2023–24 दिनांक 12 जनवरी 2024 का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसमें शासनादेश संख्या 216 / नौ–9–2023–10 ज /23 दिनांक 16 दिसम्बर 2023 एवं जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत के कार्यालय ज्ञाप संख्या सौ– 1054 दिनांक 10.11.2023 के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों के गर्म पका भोजन हेतु बर्तन आदि क्रय कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को उपलब्ध कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं जिसके अनुपालन में नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा 47 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु बर्तनां को क्रय किया जाना है। बर्तन आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक फर्म / सप्लायर्स / रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारान अपनी–अपनी दर कुटेशन दिनांक 04.09.2024 तक समय 3:00 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते हैं। यदि उक्त तिथि को आकस्मिक अवकाश /सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो ऐसी स्थित में दर कुटेशन अगले कार्यशील दिवस में निर्धारित समय तक डाली जा सकती है, जो उसी दिन सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कुटेशनदाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। बर्तन आदि सामग्री का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की संख्या | सामग्री की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | थाली | 1122 | |
| 2 | कटोरी | 1122 (250 ग्रा.) | |
| 3 | ग्लास | 1122 (250 मि.ली.) | |
| 4 | चम्मच | 1122 | |
| 5 | कुकर | 47 (05 ली.) | |
| 6 | भगौना मय ढक्कन | 47 (10 ली.) | |
| 7 | लोहे का तवा | 47 | |
| 8 | लोहे की कढ़ाई ढ़क्कन | 47 (10 ली.) | |
| 9 | चम्मच बड़ा | 94 | |
| 10 | कल्छी बड़ी | 47 | |
| 11 | चिमटा | 47 | |
| 12 | चाकू | 47 | |
| 13 | वेलन | 47 | |
| 14 | चकला मार्बल | 47 | |
| 15 | सिलिण्डर | 47 | |
| 16 | गैस स्टोव 2 वर्नर मय रेगूरेटर | 47 | |

नोटः– उक्त से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्यशील दिवस में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बीसलपुर** **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**


## एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**आंवला :** एक माह पहले पैदल जा रहे तीन लोगों में एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे वह घायल हो गया। साथी उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गया। उसकी तीन दिन बाद मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी धर्मवती ने बताया कि उसके पति विवेक मौर्य 25 जुलाई की रात करीब 9 बजे अपने मिलने वाले गौरव, रोहित, निवासी राजूपुर थाना भमोरा के साथ आंवला–बदायूं रोड पर कुंवरगांव की ओर जा रहे थे। राधर्मपुर गांव के समीप किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।


### कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 843/मु.अभि./नि.वि./2024–25 दिनांक 28.8.24

ई–निविदा सूचना शासनादेश सं.–3890/नौ –5 –149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बनिधत प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई – प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकता है।

| पुनः ई–निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.–01) | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29.08.2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29.08.2024 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.09.2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 04.09.2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**


# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**दुनका, अमृत विचार :** समुदाय विशेष के युवक ने सोशल मीडिया आपत्तिजनक टिप्पणी करके माहौल खराब करने की कोशिश की। इससे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हुई। लोगों ने आक्रोश जताते हुए कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से शिकायत करके आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शाही थाना क्षेत्र के गांव बसई निवासी आशिक ने फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक पोस्टर बनाकर वायरल किया है। जिससे हिंदू धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के घर पहुंचकर उसकी मोबाइल को चेक किया तो शिकायत सही पाई गई।


### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

**क्षेत्रीय कार्यालय- प्रथम तल, बी.डी.ए. कॉम्पलेक्स, प्रियदर्शनी नगर, बरेली (यू.पी.) 243122**

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' तथा ''जो भी है वही है'' आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं.. | कर्जदार, सह–कर्जदार व गारंटीदाता का नाम | बेचे जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि+ब्याज | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि | ई-नीलामी की तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणीः–1.** मैसर्स हिमाचल कश्मीर एप्पल कंपनी प्रो.–इस्तेयाक खान मो.मुस्ताक खान पुत्र, गोविंदपुर, बरेली। **गारंटर :– 1.** श्री बुंदन खान पुत्र स्व. मो.मुन्ना खां, गोविंदापुर, बरेली **2.** श्री इंदास खान पुत्र मोहम्मद यार खान, गोविदापुर बरेली। **प्रियदर्शनी नगर** | खसरा नंबर 12, ग्राम–गोविंदपुर में स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं भाग, बरेली माप क्षेत्रफल 420.00 वर्ग. श्री बुंदन खान पुत्र मोहम्मद मुन्ना खान के नाम पर, विलेख के अनुसार सीमाः– **पूर्वः** बगिया हमीद खान, **पश्चिमः**– बगिया हमीद खान, **उत्तरः**– चक रोड, **दक्षिणः**– चक रोड। | **रु. 20,35,534/–** (बीस लाख पैंतिस हजार पांच सौ चौंतीस मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 16.31 लाख / रु. 1.631 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 2. | **ऋणी :–** श्री सिराज अहमद पुत्र श्री हसनैन निवासी 439, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली। **गारंटरः–** 1. श्री मोहम्मद उमर पुत्र श्री अली जान, निवासी 280, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली, उ.प्र. 2. श्री बिलाल इस्लाम पुत्र अली हुसैन, निवासी 307, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली, उ.प्र. **रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली** | आवासीय संपत्ति का प्लॉट, खसरा नंबर का हिस्सा। 586, पीपलसाना चौधरी, तहसील और जिला बरेली, यूपी में स्थित है, श्री सिराज अहमद पुत्र श्री हसनैन के स्वामित्व वाली संपत्ति का क्षेत्रफल 81.73 वर्गमीटर है, इसकी सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्व** :– सड़क 13 फीट चौड़ी, **पश्चिमः**– विक्रेता लियाकत की भूमि, **उत्तरः**– विक्रेता लियाकत की भूमि, **दक्षिणः**– विक्रेता लियाकत की भूमि। | **रु. 6,77,666.60/–** (छः लाख सतहत्तर हजार छः सौ छियासठ व साठ पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 5.76 लाख / रु. 0.576 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 3. | **ऋणी :–** 1. श्री जीतेन्द्र कुमार सैनी, निवासी मकान नं. 1, धुनिया, वार्ड नं 31, जिला–फर्रुखाबाद। 2. श्री रामचरण सैनी, निवासी मकान नं. 1, धुनिया, वार्ड नं 31, जिला– फर्रुखाबाद। **फर्रुखाबाद शाखा** | वार्ड नं. में आवासीय मकान का ई. एम. 31, धुनिया, तहसील सदर, जिला. फर्रुखाबाद, यूपी की माप 32.04 वर्ग मीटर, बिक्री विलेख संख्या के माध्यम से श्री राम चरण सैनी पुत्र बंदी दीन के नाम पर। 7832 दिनांक 13.11.1990, सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्वः**– राधे लाल की संपत्ति, **पश्चिमः**– गली, **उत्तरः**– राधे लाल का प्लॉट, **दक्षिणः**– सेवकराम का घर। | **रु. 6,56,478.90/–** (छः लाख छप्पन हजार चार सौ अठहत्तर व नब्बे पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 8.65 लाख / रु. 0.865 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 4. | **ऋणी :–** एम/एस न्यू बाबा गारमेंट्स, प्रोप श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा, निवासी। एच. नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा,** नि. एच. नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **गारंटरः–** श्रीमती अंजना मिश्रा पत्नी श्री नीरज मिश्रा, मकान नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **सीतापुर नेत्र चिकित्सालय** | एच.नं. का ई.एम. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर – 261001, 1080.00 वर्ग फीट, श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा के नाम पर, सीमाः– **पूर्वः**– प्यारेलाल श्रीवास्तव का घर, **पश्चिमः**– सड़क 12 फीट, **उत्तरः**– मन्ना लाल का प्लॉट, **दक्षिणः**– जगदीश नारायण भार्गव की चहारदीवारी। | **रु. 10,49,395.77/–** (दस लाख उनचास हजार तीन सौ पच्चानवे व सतहत्तर पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 13.10 लाख / रु. 1.31 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 5. | **ऋणीः–** मेसर्स अमजद मिनी आटा और चावल मिल मालिकः– श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही, संजय रानी मेवा कुँवर सी बी गंज, संजय रानी, बरेली 243001। श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही, संजय रानी मेवा कुँवर सी.बी. गंज, संजय रानी, बरेली 243001। **बरेली मुख्य शाखा** | आवासीय भूमि एवं भवन सानिया रानी मेवा कुँवर परगना, तहसील जिला बरेली में गाटा संख्या. 547, 548 क्षेत्रफल 167.76 वर्ग मीटर श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही के नाम पर, इसकी सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्वः**– नासिर का घर, **पश्चिमः**– खेत अन्नी, **दक्षिणः**– अन्नी का प्लाट **उत्तरः**– रास्ता– 18 फीट चौड़ा। | **रु. 27,00,348.98/–** (सत्ताईस लाख तीन सौ अडतालिस व अठानवे पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 26.25 लाख / रु. 2.625 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 6. | **ऋणीः– श्रीमती मरियम बेंजामिन पत्नी स्वर्गीय डडली बेंजामिन** पता नंबर 1 :– 5/123 बी, रोड नंबर 6, (आईवीआरआई से नाले के पास), रेलवे अस्पताल कॉलोनी, बरेली – 243001 पता नंबर 2:– 65–66, परतापुर चौधरी, सिद्धार्थ नगर, इज्जत नगर, बरेली –243001 **गारंटरः–** 1. श्रीमान एंथोनी एम बेंजामिन पुत्र स्वर्गीय डडली बेंजामिन, 5/123 बी, रोड नंबर 6, (आईवीआरआई से नाले के पास), रेलवे अस्पताल कॉलोनी, बरेली–243001 2. श्री अबीउद्दीन पुत्र नियाजुद्दीन, 49, रोड नंबर 8, फरीदपुर चौधरी, इज्जत नगर, बरेली–243001 3. श्रीमती राजरानी पत्नी श्री बाबू राम, रोड नंबर 6, हनुमान मंदिर के पास, 206, सिद्धार्थ नगर, बरेली–243001 **बरेली मुख्य शाखा** | खसरा/खेत नंबर 65 और 66 मिनट के एक हिस्से पर स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा हिस्सा और पार्सल, परतापुर चौधरी, बरेली, यूपी, माप क्षेत्र 83.61 वर्ग मीटर श्रीमती मरियम बेंजामिन के नाम पर, **उत्तर की ओर** से घिरा : 12 फीट सड़क, **दक्षिण में** किसी अन्य व्यक्ति की भूमि, **पूर्व में**:–ब्रिजेश कुमार की भूमि, **पश्चिम में** द्वाराः– खान साहब की भूमि | **रु. 14,76,408.53/–** (चौदह लाख छिहत्तर हजार चार सौ आठ व तिरपन पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 12.00 लाख / रु. 1.20 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 7. | **ऋणीः– 1. श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,** 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर के पास, बरेली उ.प्र.। 2. श्रीमती मिनी श्रीवास्तव, 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर के पास, बरेली। **वीएलएम शाखा** | वह हिस्सा और पार्सल आवासीय दो मंजिला मकान नंबर– 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर, बरेली में स्थित है, जिसका आकार लगभग 72.10 वर्ग मीटर है। टाइटल डीड क्रमांक 3834 दिनांक 15.03.2013 के माध्यम से मिनी श्रीवास्तव के नाम पर कायम है। **पूर्व** रोड और मकान ए–337/1, **पश्चिम**– मकान नंबर–ए 333/3, **उत्तर**– मकान नंबर–ए 337/3, **दक्षिण**– मकान नंबर–ए 335/1 | **रु. 26,49,968.33/–** (छब्बीस लाख उनचास हजार नौ सौ अड़सठ व तैतीस पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 27.90 लाख / रु. 2.79 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 8. | **ऋणीः–** मैसर्स गणेश आटा चक्की प्रो. चंद्र किशोर मिश्रा, निवासी एच 231 नवाब नियामत खान, फर्रुखाबाद– 209625 **गारंटरः–** श्रीमती सुधा रानी (सुधा मिश्रा) पत्नी श्री चंद्र किशोर मिश्रा निवासी एच 231 नवाब नियामत खान, फर्रुखाबाद–209625 **फर्रुखाबाद शाखा** | 4/60 मोहल्ला मेमरान, तहसील, सदर और जिला–फर्रुखाबाद में स्थित आवासीय भूमि और भवन का ईएम, जिसका विक्रय विलेख संख्या है। 737 दिनांक 10/02/1995। संपत्ति श्रीमती सुधा रानी (सुधा मिश्रा) पत्नी श्री चंद्र किशोर मिश्रा के नाम पर है, जिसका क्षेत्रफल 78.06 वर्ग मीटर हैः **पूर्वः**– प्लॉट विक्रेता (राम नरेश दीक्षित का घर), **पश्चिमः**– खरीदार सुधा रानी का घर, **उत्तरः**– घर अशोक कुमार शाक्य का, **दक्षिणः**– रास्ता 20 फीट | **रु. 10,48,663.76/–** (छः लाख अड़तालीस हजार छः सौ तीरसठ व छिहत्तर पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 9.58 लाख / रु. 0.958 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |

**नियम व शर्ते : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 में वर्णित नियम व शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगीः–** **1.** सम्पत्तियों को ''जैसा है जहां है'' और ''जैसी है जो है'' और ''जो भी है वही है'' के आधार पर बेचा जा रहा है। **2.** उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरणों को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार अंकित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल–चूक के लिए जवाबदेय नहीं होंगे। **3.** अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री के लिए दिनांक 13.09.2024 को दोपहर 12:00 से अप. 04:00 बजे तक वेबसाईट https://ebkray.in में प्रदान किए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। **4.** बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया https://ebkray.in या www.unionbankofindia.co.in देखें। **5.** अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गई शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। **6.** ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, ई–नीलामी के दिन के प्रारम्भ होने पर या उससे पहले।

**दिनांक : 28.08.2024** स्थान–बरेली, सीतापुर, फर्रूखाबाद **प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक**



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं लोकेशन : 14/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2024 दूसरी कॉल:-** मुरादाबाद मंडल में विभिन्न स्थानों पर स्थापित यूटीएस और पीआरएस, बैटरी बैंक के साथ विभिन्न निर्माण और क्षमताओं के ऑन लाइन यूपीएस के तीन (3) वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव के लिए अनुबंध। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रु.) :** 56,23,105.36 (जीएसटी सहित) |
| 3 | **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है :** विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 4 | **बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) :** 1,12,500/- |
| 5 | **कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि :** 36 (छत्तीस) माह |
| 6 | **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय :** निविदायें दिनांक 13.09.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | **वेबसाइट एवम कार्यालय का पता :** वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय / उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

**निविदा सूचना सं.: 20/2024 दिनांक: 22.08.2024** **2652/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### कार्यालय ग्राम पंचायत महिमा नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत महिमा नगला में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है– ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | हुलासी राम के घर से तोताराम के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 256330/– |
| 2. | पप्पू श्रीवास्तव के घर से नौबत सिंह के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 372655/– |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 29.08.2024 से 04.09.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 04.09.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान–अनीता देवी** **सचिव–अक्षय गुप्ता**



### कार्यालय ग्रा. पं. कल्यानपुर हिकमत अली, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंध (SLWM) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि की धनराशि से ईट, रेत व बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगल, टीन शैड, सीमेंट, ई–रिक्शा/पीवीसी पाइप इंटरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गडडा/ कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई रिक्शा) 3. एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट। | गुणवत्तायुक्त ईट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरी बजरफुट, आयरन ऐंगल, टीन शैड, ई–रिक्शा पाइप, हैंडपंप मरम्मत दीवार चित्रण आदि कार्यो से सबंधित है। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रेनाइट मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाब/जलाशयों पर) 3. वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉण्ड (WSP) | |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लॉक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच किट | |

उक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्थाओं के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं की फर्म का GST फर्म में रजिस्ट्रेशन, श्रम कार्ड भी आवश्यक होगी। निविदा दिनांक 29.08.2024 से 02.09.2024 को 2 बजे तक आंमत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

**कुसुमा देवी, ग्राम प्रधान** **नरेश राठौर, सचिव**



### उ. प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

**क्षेत्रीय कार्यालयः 1219/1, ई-ब्लाक राजेन्द्र नगर, बरेली-243 122**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एततद्वारा जनसमान्य को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत आच्छादित जनपद बरेली, पीलीभीत, बदायूं एवं शाहजहांपुर में स्थापित/ संचालित उद्योगों/इकाईयों हेतु अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–09 एवं 13 के अन्तर्गत Extended Producer Responsibility Plan बोर्ड में जमा किया जाना है।

अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–9 एवं 13 के अन्तर्गत प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स द्वारा वातावरण में अपने उत्पाद से जनित प्लास्टिक को वापस लेते हुये रिसाइकिल/डिस्पोज कराये जाने की उत्तरदायिता प्राविधानित है। उक्त प्राविधानों के अनुपालन हेतु प्रत्येक प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स द्वारा Extended Producer Responsibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जमा किया जाना है।

अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–9 एवं 13 के अन्तर्गत प्रोड्यूसर्स, ब्राण्ड ऑनर्स मैन्युफैक्चरर्स एवं रिसाइकलर्स द्वारा पंजीकरण प्राप्त किया जाना प्राविधानित है।

उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 के यथासंशोधित के नियम–9 के अन्तर्गत Extended Producer Responsibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जमा किया जाने हेतु Standard Operating Procedure तैयार किया गया है, जो कि बोर्ड की बेवसाइट www.uppcb.com एवं बोर्ड के समस्त 28 क्षेत्रीय कार्यालयों पर उपलब्ध है।

समस्त प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स को निर्देशित किया जाता है कि बोर्ड द्वारा तैयार की गयी Standard Operating Procedure के अनुसार पूर्व में जमा किये गये Extended Producer Responsibility Plan को अपडेट करते हुये तथा जिनके द्वारा अद्यतन तक Extended Producer Responsibility Plan बोर्ड में जमा नहीं किये गये है, के द्वारा नवीन Extended Producer Responsibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अविलम्ब जमा किया जाये तथा उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जो भी लागू हो) से पंजीकरण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्यवाही को पूर्ण न किये जाने की दशा में दोषी उद्योगों/इकाईयों के विरूद्ध केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार 18.03.2016 अथवा उद्योग के क्रियाशील होने की तिथि (जो भी पहले हो) से रू. 5000/– प्रति टन अपशिष्ट प्लास्टिक जनन की दर से अनुपालन किये जाने की तिथि तक पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा–5 के प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं उद्योगों/ इकाईयों का होगा।

**क्षेत्रीय अधिकारी**



### जाहीर नोटीस

**मुंबई सिटी सिविल न्यायालय, दिंडोशी यहां पर बोरीवली विभाग, गोरेगांव, मुंबई**

**कमर्शिअल समरी सुट क्र. ६९३ /२०२३**

**मेसर्स प्रामा हिकविजन इंडया प्रायवेट लिमिटेड कंपनी जो की भारतीय कंपनी कानुन १९५६ के प्रावधानों तहत पंजीकृत की गई हैं उनके अधिकृत प्रतिनिधी के द्वारा श्री. ब्रम्हदेव शर्मा जिनका पंजीकृत कार्यालय** -सिध्दिविनायक आर्केड, २रा माला, आकुर्ली कॉस रोड नं.१, स्टेशन के पास, कांदिवली पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र- ४००१०१ ............**दावेदार**

**विरुध्द**

**मेसर्स सिंह इलेक्ट्रॉनिक्स, उनके एकमात्र मालिके द्वारा श्री. मन मोहन सिंह, जिनका कार्यालय**- सी-२७, विमला कुंज, संजय नगर, बायपास सैनिक कॉलनी, बरेली, उत्तर प्रदेश २४३००१ ..........**प्रतिवादी**

कृपया ध्यान दें कि यह माननीय न्यायालय माननीय न्यायाधिश श्रीमती एस. एम. टाकलीकर सी. आर. क. ३ में अध्यक्षता करते हुए दिनांक ६/९/२०२४ को सुबह ११.००/दोपहर २.४५ बजे या उसके तुरंत बाद पेश किया जायेगा ताकि निम्नलिखित राहत के लिये वादी की ओर से वकिल की सुनवाई की जा सके।

अ. प्रतिवादी को आदेश दिया जाए और डिक्री की जाए कि वह वादी को रू ६६,६४,३४८/- (छियासठ लाख चौसठ हजार तीन सौ अडतालीस रुपये पात्र) की राशि का भुगतान करे, जैसा कि विशेष रुप से इस दावे के साथ संलगन है, मूलधन और उसपर मुकदमा दायर करने की तिथि तक देय ब्याज और साथ ही मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितीयों के आधार पर प्रतिवादी द्वारा वादी को इस मुकदमे के संस्थित होने की नियत तिथि से लेकर पूरी राशि की वास्तविक वसूली तक देय १२ प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से भविष्य का ब्याज भी वसूल कर दिया जाये।

ब. प्रतिवादी को आदेशित किया जाए और डिक्रि की जाए की वह इस दावे की किंमत वादी को देय करें।

क. मामले के तथ्यों और परिस्थितीयों के आधारपर न्यायोचित और उचित समझी जाने वाली कोई भी अन्य राहत वादी को प्रदान की जा सकती हैं।

आज दिनांक ०८ जुलै २०२४

**हस्ताक्षर/- अतुल डब्ल्यु. मटकर, वादी के वकिल**
कार्या-२०१, प्रकाश विल्ला, कौशल्या हॉस्पिटल के पास, गणेश वाडी, ठाणे ४००६०१

कोर्टाचा शिक्का

हस्ताक्षर/- **निबंधक के लिये सिटी सिविल कोर्ट, दिंडोशी**

यत्र स्त्री यत्र कितवो बालो यत्रानुशासिता।
मज्जंति तेवशा राजन् नद्यामश्मप्लवा इव ॥

जहां का शासन स्त्री, जुआरी और बालक के हाथ में होता है। वहां के लोग नदी में पत्थर की नाव में बैठने वालों की भांति विवश होकर विपत्ति के समुद्र में डूब जाते हैं।

## संपादकीय

# समुद्र का बढ़ता जलस्तर

समुद्री जलस्तर में चिंताजनक ढंग से हो रही वृद्धि को संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक आबादी के लिए विशाल खतरा करार दिया है। जलवायु परिवर्तन पर बनाए संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने भी अंदेशा जताया है कि सदी के अंत तक उच्च उत्सर्जन परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 1.6 मीटर तक बढ़ सकता है। समुद्र का ऊंचा जलस्तर अधिक खतरनाक तूफानों का कारण बन रहा है जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि दुनिया में 90 करोड़ लोग समुद्र के नजदीक रहते हैं। इंसान पहले से कहीं ज्यादा बाढ़ और गायब होती तटरेखा जैसे खतरों से जूझ रहा है। इसके साथ ही समुद्र का बढ़ता जलस्तर पेयजल को खारा बना रहा है। इसकी वजह से भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालद्वीप, सहित अन्य देशों में तटों के आसपास रहने वाले समुदायों के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। बढ़ते समुद्री जलस्तर के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं, जोकि केवल भौतिक पर्यावरण तक ही सीमित रहने के बजाय, विश्व भर में संवेदनशील हालात से जूझ रहे देशों में आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर सकते हैं।


भारत की 7,516 किलोमीटर लंबी तटरेखा में मुख्य भूमि पर 5,422 किलोमीटर, नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के द्वीपों पर 2,094 किलोमीटर की तटरेखा शामिल है। समुद्र तट व्यापार देश के कुल व्यापार का 90 प्रतिशत हिस्सा है और यह 3,331 तटीय गांवों और 1,382 द्वीपों तक फैला है। सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि समुद्र का बढ़ता जल स्तर 2040 तक मुंबई में 13 फीसदी से अधिक जमीन को निगल लेगा। इसी तरह अगले 16 वर्षों में चेन्नई का 7.3 फीसदी (86.8 वर्ग किलोमीटर) हिस्सा पानी में डूबा होगा, जो सदी के अंत तक बढ़कर 18 फीसदी (215.77 वर्ग किलोमीटर) पर पहुंच जाएगा। समुद्र का बढ़ता जलस्तर पूरी तरह से मानव निर्मित संकट है। दुनिया को हरकत में आना होगा और इससे पहले बहुत देर हो जाए लोगों के जीवन की रक्षा करनी होगी। इसके लिए सबसे कारगर और जरूरी उपाय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के जरिये जलवायु परिवर्तन की रफ्तार में कमी लाना है। हालांकि समुद्र में जलस्तर वृद्धि की प्रक्रिया को पूरी तरह से उलटना संभव नहीं है। बढ़ते जल स्तर के कुछ प्रभाव अपरिहार्य हैं। इसलिए प्रक्रिया को उलटने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आगे की वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से इसे कम करने के लिए व्यावहारिक उपाय करने होंगे।

# जम्मू-कश्मीर : प्रयोग और परिवर्तन के प्रयासों की परीक्षा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई।



दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब मतदाताओं का मन बताएगा कि 2014 के बाद हुए बदलावों को उन्होंने किस भाव-भावना से महसूस किया है। 2019 के बाद तो वादों-इरादों, दावों-प्रतिदावों की बाढ़ सी आती रही है। कई प्रयोग भी किए गए। परिणामों में इनका परीक्षण होगा। अनुच्छेद 370, पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली के साथ-साथ रोजी-रोजगार और जमीन के बुनियादी अधिकारों पर जम्मू की जनता की जद्दोजहद, कश्मीरियों की कश्मकश और पंडितों के पुनर्वास पर पशोपेश का भी जनादेश में अहम पहलू बनना तय है।

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई। 2014 में अलग-अलग लड़ी पीडीपी ने 28, नेशनल कांफ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। अब जम्मू-कश्मीर में 'एक विधान-एक निशान' के तहत भारत सरकार के नियम-कानून लागू हो रहे हैं। आपातकाल के दौर में शुरू हुई छह साल की राज्य सरकार की परंपरा भी खत्म होने वाली है। 36 सदस्यीय विधान परिषद का अस्तित्व खत्म हो गया है। राज्यसभा की खाली चार सीटें विधानसभा चुनाव के बाद ही भरी जाएंगी। चुनाव बाद केंद्र शासित प्रदेश के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना है। अनुच्छेद 370 खत्म करते समय संसद में गृहमंत्री अमित शाह और बाद में श्रीनगर में सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी घोषणा कर चुके हैं। 2023 में सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 के खात्मे को संविधान सम्मत ठहराने के साथ ही राज्य का दर्जा खत्म करने पर सवाल उठा चुकी है। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर पहला राज्य है, जिसे विभाजित कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। वैसे, शेख अब्दुल्ला द्वारा नाराजगी में रियासी जिले को खत्म कर तहसील बनाने का उदाहरण भी यहीं का है। गुलाम नबी आजाद के मुख्यमंत्रित्व काल में पुराना जिला बहाल हो पाया।

दस साल बाद अवाम जो नई सरकार चुनेगा, उसके स्वरूप और ताकत के बारे में वह आश्वस्त नहीं है। राज्य के दर्जे की जल्द वापसी पर उसे संशय है। दिल्ली या पुडुचेरी मॉडल उसे समझना होगा। हालांकि छह साल से राज्यपाल और उपराज्यपाल शासन के अधीन होने के कारण अधिकारियों की मनमर्जी को मतदाता समझ गए हैं। इससे पहले इतने लंबे अर्से तक उसे कभी भी अपने नुमाइंदों से दूर नहीं रहना पड़ा है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों का विवशता से वास्ता साफ दिखा। फिर भी पुराने और स्थापित दलों और उनके नेताओं को चुनौती देने और अपनी पहचान बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी जैसे नए दल बने। नए दलों के अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कांफ्रेंस, बारामुला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की अगुवाई वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी ही नहीं, 1987 के बाद पहली बार जमात-ए-इस्लामी से जुड़े नेता भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

बीते पांच साल में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके), वेस्ट पाकिस्तानी शरणार्थियों को जमीन जायदाद का मालिकाना हक दिया गया है। पंचायतों, शहरी स्थानीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें सुरक्षित की गई हैं। औद्योगीकरण के लिए 90 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्तावों में से 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। 34 हजार से अधिक सरकारी नौकरी दी गईं। श्रीनगर में विजय दशमी के आयोजन, साढ़े तीन दशक बाद शिया समुदाय का जुलूस, खीर भवानी मंदिर में कश्मीरी पंडितों की पूजा-अर्चना और इसी साल जुलाई तक 12.5 लाख से अधिक पर्यटकों को घाटी आना भी उपलब्धि है।

चुनाव की घोषणा से ठीक पहले 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पाकिस्तान के सीमावर्ती जिले बारामुला में कशूर रिवाज में 10 हजार छात्राओं ने एक साथ कश्मीरी लोक नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यही नहीं, दो दशक के दौरान 2024 में चौथी बार अमरनाथ यात्रियों की संख्या पांच लाख से अधिक रही। रक्षाबंधन पर श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और हरि पर्वत घंटे-घड़ियाल से गूंज गया। एक बार पीडीपी के साथ गठबंधन सरकार बना और गिरा चुकी भाजपा को ऐसे आयोजनों के अलावा राष्ट्रवाद, अनुसूचित जनजातियों के लिए पहली बार आरक्षित की गईं नौ सीटों, अनुसूचित जाति की सात सीटों और आठ लाख से अधिक नए मतदाताओं का सहारा है। वह जम्मू संभाग की 43 सीटों पर चुनाव केंद्रित कर कश्मीर घाटी में 8-10 सीटों पर निर्दलियों को समर्थन देगी, लेकिन पहले चरण की 24 सीटों पर उसने जम्मू संभाग की चिनाब घाटी (डोडा, किश्तवाड़ और रामबन) पीर पंजाल (राजोरी-पुंछ) में भी मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इरादे जता दिए हैं। बाद के दो चरणों की सूची में दोनों पूर्व उपमुख्यमंत्रियों डॉ. निर्मल सिंह और कविंद्र गुप्ता का नाम नहीं होना बताता है कि पुराने और लोकप्रिय चेहरों को किनारे कर आयातित नेताओं के सहारे पार्टी दंभ दिखा रही है। यह हाल तब है, जब लोकसभा चुनाव में उसके साथ रही पूर्व मंत्री अल्ताफ अंसारी की अपनी पार्टी और गुलाम नबी आजाद की डीपीएपी बाद में राजनीतिक सौदेबाजी के लिए छिटक गई हैं।

दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

## प्रसंगवश

# फ़िराक़ के लिए अश्लीलता का मुद्दा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उर्दू के मशहूर शायर फ़िराक़ गोरखपुरी का जन्म 1896 ई. में गोरखपुर में हुआ था। फ़िराक़ का पूरा नाम रघुपति सहाय फ़िराक़ था। पेशे से वकील पिता मुंशी गोरख प्रसाद भी शायर थे। इस प्रकार कह सकते हैं कि शायरी फ़िराक़ को विरासत में मिली थी। फ़िराक़ गोरखपुरी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और उनकी नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद पर हो गई।

इसी बीच गांधी जी ने असहयोग आंदोलन छेड़ा तो फ़िराक़ उसमें सम्मिलित हो गए। नौकरी गई और जेल की सजा मिली। कुछ दिनों तक वे आनंद भवन, इलाहाबाद में पंडित नेहरू के सहायक के रूप में कांग्रेस का काम भी देखते रहे। बाद में उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के शिक्षक के रूप में काम किया। फ़िराक़ साहब ने अपने लेखन के जरिए कला के जो मानक बनाए हैं उन पर खुलकर बहस करने की जरूरत है। उनके लिए अश्लीलता और नग्नता कभी मुद्दा नहीं रहा। वे हर चीज को कला के नजरिए से देखते थे, इसलिए इतना सुंदर और बेबाक लिख पाए- यह वस्लका है करिश्मा कि हुस्न जाग उठा।/तेरे बदनकी कोई अब खुद आग ही देखे।। हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फ़िराक़ साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है। फ़िराक़ ने नियाज़ साहब को एक पत्र में लिखा- "जिस तरह रोने से कुछ फ़ायदा नहीं होता, फिर भी आंसू निकल ही आते हैं, उसी तरह गजल कहने से होता क्या है? मगर मजबूरियां और मायूसियां झख मारने को मजबूर कर देती हैं।" हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फिराक साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है।

# रहवास समाप्त होने से बढ़ीं मनुष्य-पशु मुठभेड़



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे।

लीजिए सचमुच भेड़िया आ ही गया। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में नर-भक्षी हो चुके भेड़ियों के एक झुंड ने आतंक मचा दिया। शासन प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि भेड़ियों के घात लगाकर किए आक्रमण में कई लोग जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, जान गंवा चुके हैं। वन विभाग के आला अधिकारी भी डेरा जमाए हुए हैं और निरंतर कांबिंग कर रहे हैं। ड्रोन से लिए गए चित्र में भेड़ियों का एक झुंड भागता हुआ दिख रहा है। प्रधान वन्य जीव संरक्षक ने अपने ताजा बयान में कहा है कि तीन भेड़िये पकड़ लिए गए हैं, जिनमें एक की मृत्यु हो गई है और दो कानपुर चिड़ियाघर में स्थानांतरित किए जा चुके हैं।

दरअसल कई वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास का विनाश हो जाने से मनुष्य-पशु मुठभेड़ें विगत एक दशक में तेजी से बढ़ीं हैं। भेड़िया भी उनमें है। सच तो यह है कि कुत्ते (कैनिस डोमेस्टिकस) का बेहद करीबी भेड़िया (कैनिस ल्युपस) खुद संकटापन्न है। वन्य जीव अधिनियम के भाग एक शिड्यूल एक में आ जाने के कारण अबध्य है और कानूनी संरक्षण के दायरे में है। यह रेगिस्तानों और पहाड़ों में तो मांद में रहता है, मगर उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों की घनी झाड़ियों में छुपकर अपनी वंश रक्षा कर रहा है। बहराइच में अभी भी गहन वन क्षेत्र है, जहां इसे छिपने में सहजता है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में झाड़ियों झुरमुटों के सफाए के चलते अब इनका भी सफाया हो चुका है। अब पूर्वांचल में भेड़िया आया, भेड़िया आया जुमला अतीत की याद दिलाता है। ये अब दिखते नहीं। हां इसकी एक निकटवर्ती दूसरी छोटे कद काठी की प्रजाति- सियार/गीदड़ (कैनिस औरियेस) अभी भी रातों में हुंआ-हुंआ का रुदन करती हुई अपने बचे रहने का अहसास दिलाती है। भेड़िया को पूर्वांचल में हुड़ार भी कहा जाता था। कहते हैं कि विदेशी आक्रांता हूड़ों के नृशंस हमलों ने यह नामकरण इस हिंस्र पशु के लिए दिया, मगर भेड़िये कभी मनुष्य के लिए इतने हिंस्र नहीं थे। जब वनों और वन्य जीवों की भरपूर संपदा थी तो ये कुदरती तौर पर खरगोशों, मृगछौनों, पक्षियों का शिकार कर अपना पेट भरते थे।

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे। मुर्गियों और अन्य पालतू पशु-पक्षियों को भी दबोच लेते। तभी इन्हें मनुष्य के छोटे-बड़े बच्चों पर आक्रमण करना आरंभ किया। यही कोई दो दशक पहले पूर्वांचल में भेड़ियों का ऐसा खौफ था कि बीबीसी की एक पूरी टीम यहां फिल्म बनाने आई थी। सच तो यह है कि पर्यावरण का विनाश करके मनुष्य ने यह आफत खुद बुलाई है। क्योंकि शिकारी होने के बाद भी इनमें मूलतः मनुष्य पर आक्रमण करने की प्रवृति नहीं होती। प्रसिद्ध व्यवहारशास्त्री डिज्मांड मोरिस ने, 'एडाप्टेड बाई वोल्फ' शीर्षक लेख में बताया है कि इन्हें पालतू भी बनाया जा सकता है। हमारा चिर परिचित कुत्ता तो इन्हीं का घनिष्ठ करीबी है। बहराइच में वन विभाग को भेड़ियों के देशी-विदेशी विशेषज्ञों से कुछ टिप्स लेकर इनके आतंक पर अंकुश लगाना चाहिए। इन्हें पकड़ना बहुत मुश्किल है। तीन भेड़ियों को पकड़ लेना (हालांकि एक की मृत्यु हो गई) सचमुच शाबाशी की बात है। ग्रामीणों को यह बताना जरूरी है कि घात लगाकर आक्रमण करने में भेड़ियों को महारत हासिल है। ये बिल्कुल निश्चल होकर, दुबके हुए अपने लक्ष्य को पाने में घंटों बिता सकते हैं। ऐसे कि अगल-बगल इनकी भनक तक न लगे।

बहराइच में सहसा घर के भीतर कई आक्रमण भेड़ियों ने किए हैं। इनके व्यवहार का दूसरा पहलू यह भी है कि ये रातों-रात घटनास्थल से तीस-चालीस किलोमीटर सहजता से दूर भाग सकते हैं। इसलिए घटनास्थल के आसपास जब तक इन्हें खोजा जाएगा ये बहुत दूर निकल चुके होंगे। कांबिग का दायरा इसलिए बहुत विस्तारित करना होगा जो व्यावहारिक रुप से मुश्किल रहता है। खैर अब कई ड्रोन के जरिये इनको ट्रैक करना आसान हो गया है। बहराइच के चालीस से अधिक गावों तक भेड़ियों ने अपना दायरा बढ़ा लिया है। जरूरी बात यह है कि ग्रामीणों को ही दिन-रात दोनों समय बच्चों को लेकर बहुत सजग रहना होगा। भूखे भेड़िये दिन में भी अटैक कर सकते हैं।

वैसे तो भेड़ियों की संख्या बहुत घट गई है। राजस्थान में भेड़िये कुत्तों के क्रास भी मिलने लगे हैं। जिन पर शोध चल रहा है कि वे नर भेड़िया और मादा कुत्ते के हैं या फिर नर कुत्ते या मादा भेड़िये के। आनुवंशिक दृष्टि से ये कितना एक-दूसरे के करीब हैं इनके कुदरती क्रास से ही स्पष्ट है। इन दोनों तरह के क्रास (संकरण) को वैज्ञानिक शब्दावली में रेसीप्रोकल क्रास कहते हैं। हमारे वन्य जीव अधिनियम में केवल प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक को ही नर-भक्षी हो चुके वन्य पशुओं को मारने की इजाजत का अधिकार है। मगर मनुष्य पशु मुठभेड़ों में उभयपक्ष जान गंवा रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

## सोशल फोरम

# स्पष्ट नहीं था जिन्ना का दृष्टिकोण



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

जिन्ना के कई भाषण है, जो कहते हैं, जिन्ना के पास पाकिस्तान बनने के बाद के एक स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव था। जिन्ना को खुद ही नहीं पता था या वह समझ नहीं पा रहे थे कैसा पाकिस्तान बनाया जाए, जबकि इसके विपरीत भारत का दृष्टिकोण बहुत ही स्पष्ट था और उसके लिए आजादी के संघर्ष के समय से ही दस्तावेज बनने लगे थे, जिनकी परिणति आजादी के बाद हमें दिखाई देती है।

जिन्ना पाकिस्तान के मुस्लिम समाज के साथ चाहे जो सकारात्मक किए हों, हालांकि एक वाजिब बहस उस पर भी है, खासकर पूर्वी पाकिस्तान को लेकर जो बाद में बंगलादेश बना, पर उनका भारत में पीछे छूट गए मुस्लिम समाज से कोई सरोकार न था। वह मालाबार हिल का अपना बंगला सुरक्षित रखना चाहते थे और नेहरू जी से कहा भी था कि इसे किराये पर उठाने में मदद करें 3000 रुपया प्रतिमाह की दर से, वह भी मात्र यूरोपियन को किराये पर दिया जाए न कि किसी और को। जिन्ना कितने मुस्लिम थे इस पर मुझे गालिब का वह वाक़या याद आता है, जो उन्होंने 1857 की क्रांति के पश्चात अंग्रेज हुक्मरान से कहा था, मैं आधा मुस्लिम हूं, क्योंकि शराब पीता हूं पर जिन्ना तो आधा भी मुस्लिम नहीं थे, क्योंकि वह शराब के साथ और भी चीजें शरीयत में वर्जित उपयोग करते थे।

जिन्ना की 14 अगस्त 1947 की स्पीच कहीं नहीं मिलती, जिसमें उदारवाद एवं धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण परिलक्षित होता है। क्या उस स्पीच को जिन्ना की सहमति के बगैर इतिहास से हटाया गया होगा, वह भी वह जिन्ना जो जब तक जीवित रहे पाकिस्तान के मामलों में एक मात्र निर्णय करने वाले थे। ऐसा कोई तथ्य, भाषाण और लेख आज तक मुझे नहीं मिला, जबकि मैंने बहुत प्रयास किया कि जिन्ना ने अपने पीछे छूट गए भारत के मुसलमानों के हित बारे में किसी भी तरह की बात की हो। जिन्ना ने दो प्रतिशत से कम बोली जाने वाली भाषा उर्दू को पूरे पाकिस्तान पर थोप दिया, जिसका परिणाम बांग्लादेश के विभाजन के रूप में प्राप्त हुआ। द्विराष्ट्र सिद्धांत की धज्जी वैसे ही उड़ी थी, क्योंकि यह बगैर तर्क के था एवं अप्राकृतिक था। इतिहास को घटनाओं और व्यक्तियों के व्यक्तित्व के आलोक में समझने की आवश्यकता है।

-फेसबुक वॉल से

# गुड गवर्नेंस : एक विश्लेषण



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है, जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता, अत: यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता।

प्रशासनिक व सामाजिक व्यवस्थाओं पर राजनीति का साया कोई नई बात नहीं है। आए दिन हम हर छोटे-बड़े मसले में राजनीतिक दखलंदाजी व पक्षपातपूर्ण तौर-तरीकों की बातें करते रहते हैं और समस्याओं के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं, परंतु इन सामाजिक व्यवस्थाओं में गुड गवर्नेंस से जुड़े दो अन्य पहलू भी हैं जिनको समझना आवश्यक है। पहला, प्रशासनिक अमला, जो कार्यपालिका की धुरी है, स्वयं में जनकल्याण के प्रति कितना प्रतिबद्ध है व अच्छी व्यवस्था प्रणाली को धरातल पर उतारने के लिए किस प्रकार कि सकारात्मक सोच व रोड मैप रखता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू स्वयं जनता ही है, दुर्भाग्यवश गुड गर्वनेन्स में जनता का सरोकार दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है और वह अपने सामाजिक दायित्व व सहभागिता से दूर भाग रही है।

यह विचार घर कर रह गया है कि अच्छा समाज या देश बनाना केवल सरकार या प्रशासन का ही काम है और इसमें आम नागरिक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। हम असफलताओं का ठीकरा सरकारी तंत्र पर तो फोड़ते हैं, परंतु जहां जनसहयोग, सहभागिता या जिम्मेदारी उठाने का प्रश्न आता है, वहां हम चुप हो जाते हैं। यह सोच उत्थानवादी नहीं है। व्यक्तिगत कारणों, राजनीतिक गुटबंदी व लाभ-हानि से परे हटकर यदि कोई कार्यक्रम, योजना या नीति प्रभावी रूप से लागू नहीं होती है तो एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम कारणों की तह तक जाएं और व्यवस्थापकों के साथ मिलकर कमियों को दूर करने का प्रयास करें। विदित रहे कि कोई भी योजना बुरी नहीं होती, अच्छा-बुरा सिर्फ उसका क्रियान्वयन होता है और सही क्रियान्वयन के लिए जनता का सहयोग दखलअंदाजी भी नहीं कहा जा सकता। आरंभ में यह सब अव्यावहारिक लग सकता है, परंतु अच्छे परिणाम आने पर इस प्रकार के प्रयासों को स्वीकार्यता मिलेगी। यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि सरकारों की सकारात्मक सोच के बावजूद जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों की अज्ञानता, उदासीनता, अक्षम कार्यशैली या व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के चलते आम जनता को वांछित परिणाम नहीं मिलते, जिसका दुष्प्रभाव न सर्फ आम नागरिकों, बल्कि पूरे व्यवस्था तंत्र को झेलना पड़ता है। ब्लॉक, तहसील या जिला स्तरीय कार्य वर्षों तक लंवित रह जाते हैं, निचले स्तर के कर्मचारियों की कोई जबाबदेही नहीं होती, अतः निराश होकर जनता को उच्च जिला /मंडल या प्रदेश स्तरीय कार्यालयों की शरण लेनी पड़ती है। यही घोर अव्यवस्था के लक्षण हैं इसी को बैड गवर्नेंस कहते है।

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है, जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता, अतः यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता। दूसरा, यह कि इस वर्ग पर अनुशासन या अंकुश जैसे शब्द लागू नहीं होते और अराजकता की स्थिति में उच्च अधिकारी वर्ग असहाय सा लगता है। स्टाफ की कमी, काम रोको, धरनाप्रदर्शन, हड़ताल, अन्य विभागीय कार्यों का दबाव भी एक कारण है कि यह कर्मचारी आपने कार्य दक्षतापूर्ण तरीके से नहीं कर पाते। ऐसे प्रशासनिक वातावरण में यह स्वाभविक है कि सिस्टम से त्रस्त जनता अनैतिक रास्ते ढूढ़ लेती है। वह नैतिक-अनैतिक का भेद खत्म कर, नियमों का उल्लंघन कर शॉर्टकट अपनाने को मजबूर हो जाती है।

हम अमूमन ऐसे वाक्य सुनते रहते हैं कि "मैं सालों से दौड़ रहा हूं", "जूते घिस गए हैं", "सुविधा शुल्क देने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं होती है"। अंततः सिस्टम के शरणागत होना व भ्रष्टाचार का साथ देना आम आदमी की विवशता हो जाती है। अब प्रश्न यह आता है कि इन कुरीतियों का समाधान कैसे हो, प्रश्न कठिन है और उत्तर उससे भी अधिक कठिन। परंतु देश हित में प्रयास तो होना ही चाहिए अन्यथा "जनता की सरकार", "पारदर्शी सरकार", "ईमानदार संवेदनशील सरकार" मात्र नारे ही रहे जाएंगे। हमे त्रिसूत्रीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हर स्तर पर विश्वासनीयता, इच्छाशक्ति, जिम्मेदारी व जबावदेही के सिद्धांत को अपनाना होगा। प्रशासनिक कार्यों में राजनीतिक दखलंदाजी बंद होना आवश्यक है। कार्यक्रमों व योजनाओं कि प्रगति पर जन प्रतिनिधि सवाल उठाने का अधिकार अवश्य रखते है, परंतु नियमानुसार क्रियान्वयन कार्य पालिका का ही अधिकार है, जिसमें भाई-भतीजा वाद व अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं चाहिए। इसके लिए कार्य पालिका को हर स्तर पर अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी होगी, सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके पद के अनरूप ट्रेनिंग के साथ साथ जिम्मेदारियों का आवंटन भी करना होगा।

समयबद्ध व पारदर्शी रूप से कार्यों का संपादन कार्यपालिका की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसका पालन निष्पक्ष रूप से होना चाहिए, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े। स्मरण रहे कि सरकारी संसाधन आम जनता की कमाई है, जिसके सदुपयोग की नैतिक जिम्मेदारी कार्यपालिका की है, अतः वह पब्लिक फंड्स की कस्टोडियन है। इसमें कोई दो मत नहीं कि गुड गर्वनेन्स के लिए एक तरफ राजनीतिक दखलंदाजी का खात्मा हो तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी वर्ग अपनी कार्य शैली में सुधार लाए और आम जनता को विकास कार्यों में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित करे।

## बढ़ने लगे हवाई किराए



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश के एक बड़े आर्थिक जगत के अखबार की रिपोर्ट के अनुसार विमान उद्योग में स्पर्धा कम होने से विमानन कंपनियों को काफी राहत मिली है। वे किरायों को कम करने के बजाय किरायों को बढ़ाने की ओर ध्यान दे रहे हैं, जेट एयरवेज और गो फर्स्ट के बंद होने से और स्पाइजेट के विमानों की संख्या कम होने के बाद अब केवल एयर इंडिया और इंडिगो के बीच टक्कर रह गई है। इसका नमूना हाल में 15 अगस्त और 19 अगस्त के बीच देखने को मिला।

2019 में 55.2 प्रतिशत हवाई मार्ग ऐसे थे, जहां स्पर्धा ही नहीं थी और एक ही कंपनी के विमान आते-जाते थे। अप्रैल 2024 में ऐसे मार्ग बढ़कर 69.2प्रतिशत हो गए। देश के सबसे व्यस्त मार्ग दिल्ली मुंबई की बात करें तो इस मार्ग पर अप्रैल 2019 से अप्रैल 2023 तक औसत हवाई किराया 20.5 प्रतिशत तक गिरा, मगर पिछले एक साल में 34.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह दिल्ली से बैंगलौर के लिए इकोनॉमी क्लास का किराया एक साल में 53.1 प्रतिशत बढ़ गया।

पिछले कुछ सालों में निस्संदेह विमान क्षेत्र में मांग बढ़ी है, मगर आपसी प्रतिस्पर्धा कम होने से विमान किराए में वृद्धियां हो रही हैं। अब इंडिगो और एयर इंडिया का दबदबा बढ़ रहा है। अगर इसी तरह प्रतिस्पर्धा कम होती जाएगी तो वो समय दूर नहीं जब यह दोनों विमानन कंपनियां अपना किराया और भी बढ़ा सकती हैं, जरूरत है सरकार की ओर से भी बढ़ते किराए पर नियंत्रण रखने की।

# कोचिंग सेंटर में शिक्षक की छेड़खानी से आहत छात्रा ने जहर खाया, भर्ती

## पुलिस ने समुदाय विशेष के आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोचिंग सेंटर में शिक्षक की छेड़खानी से तंग आकर छात्रा ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी व पीड़िता अलग-अलग समुदाय से हैं।

नगर के नगलिया में राम सिंह कोचिंग सेंटर पर जसपुर रोड पर स्थित गांव की युवती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।



यहां ग्राम दारापुर निवासी यामीन पुत्र मोहम्मद रजाक भी पढ़ाता है। युवती के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शिक्षक यामीन पढ़ाई के दौरान उनकी बहन के साथ अश्लील हरकतें करता था। परेशान होकर बहन ने जहर खा लिया। परिवार वालों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोप है कि जब उसने शिक्षक से इस संबंध में पूछताछ की तो वह गाली-गलौज करने के साथ मारपीट पर उतारू हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक यामीन को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को सवेरे तहरीर मिलने पर हिरासत में ले लिया गया था। छात्रा को पहले ठाकुरद्वारा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर उत्तराखंड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल हालात में सुधार है। छात्रा के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# जासूसी मामले में पूर्व सैन्यकर्मी को कठोर कारावास की सजा

**लखनऊ, एजेंसी।** हापुड़ जिले के एक पूर्व भारतीय सैन्यकर्मी को यहां एनआईए की एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में दोषी ठहराया और कठोर कारावास की सजा सुनाई।एनआईए द्वारा बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि जांच के अनुसार भारतीय सेना में रहे सौरभ शर्मा को पाकिस्तान के रक्षा/आईएसआई एजेंट द्वारा संचालित एक छद्म नाम वाली संस्था द्वारा जासूसी रैकेट में फंसाया गया था। उसने भारतीय सेना के बारे में प्रतिबंधित और गोपनीय जानकारी फर्जी नाम के जरिए साझा की थी। इसमें कहा गया है कि लीक हुई जानकारी में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों से संबंधित संवेदनशील विवरण शामिल थे।

# 10 हजार से अधिक सीएचओ सड़क पर उतरे, पुलिस से झड़प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के 10 हजार से अधिक सीएचओ ने बुधवार को मांगों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया। एनएचएम मुख्यालय का घेराव करने जाते समय चारबाग में रोकने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने कुछ को गाड़ियों में भरकर ईको गार्डन भेज दिया। अन्य को पैदल ही ईको गार्डन ले जाया गया।

करीब 18 हजार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अन्तर्गत कार्यरत हैं। 21 से 27 अगस्त तक हड़ताल पर रहे। मांगें पूरी नहीं हुईं तो बुधवार को सड़क पर उतर आए। 10 हजार से अधिक की भीड़ होने से हुसैनगंज चौराहे से आसपास जाम की स्थिति बन गई। यहां से ऐपी सेन रोड स्थित एनएचएम मुख्यालय का घेराव करने निकले, लेकिन चारबाग के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

### आज तय होगी रणनीति

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण उपकेंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं नहीं हैं। टाट-पट्टी और पत्थरों पर बैठकर सेवा दे रहे हैं। तैनाती स्थल पर सुबह और शाम उपस्थिति लगाने के निर्देश हैं। संगठन की ओर से विभागीय प्रमुख सचिव को पत्र लिख कर उपस्थिति में सुधार की मांग की गई थी। सुनवाई न होने पर मजबूरन आंदोलन शुरू करना पड़ा। गुरुवार को आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### इनकम टैक्स विभाग के 31 अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ,अमृत विचार।** राज्य में इनकम टैक्स विभाग पूर्वी उप्र में एडिशनल कमिश्नर, ज्वाइंट कमिश्नर स्तर के अधिकारियों का तबादला हुआ है। इस क्रम में कुल 31 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इन्वेस्टिगेशन विंग में तीन नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। बुधवार देर शाम इनकम टैक्स के पीसीसीआईटी ऑफिस लखनऊ ने सूची जारी की है। लेकिन अपर आयकर निदेशक जांच लखनऊ जयनाथ वर्मा का अचानक तबादला किए जाने से काफी चर्चा है। वर्मा को विंग में आए अभी 6 माह भी नहीं हुए थे कि उन्हें हटा दिया गया। दरअसल, जयनाथ वर्मा की पहचान कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता के परिवार ने गांव से किया पलायन

**बिलसंडा(पीलीभीत), अमृत विचार :** दबंगों के आतंक से भयभीत दुष्कर्म पीड़िता का परिवार गांव से पलायन कर गया। आरोप है कि पुलिस ने समुचित कार्रवाई नहीं की और दरोगा ने पीड़ित परिवार को ही फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजे जाने की धमकी दे डाली थी। मामला थाना करेली क्षेत्र के एक गांव का है। एक ग्रामीण की नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही युवक ने अगवा करके दुष्कर्म किया। दुष्कर्म पीड़िता का कहना है कि दरोगा ने उससे कोर्ट में ब्यान बदलने का दबाव बनाया और पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। हफ्ते भर बाद आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी को अगवा करने का पुन: प्रयास किया। आरोप है कि पुलिस नेसादे कागज पर अंगूठा लगवा कर तहरीर ही बदल दी। पीड़िता अपनी मां के साथ मंगलवार को एसपी से भी जाकर मिली और न्याय की गुहार की। लगातार दबंगों द्वारा धमकाए जाने से परेशान होकर परिजनों ने गांव छोड़ने एवं मकान बिकाऊ है का पोस्टर लगा दिया। बुधवार की दोपहर परिवार गांव से पलायन कर गया।

### बच्चों के आपसी झगड़े में घर से निकली किशोरी, लापता

**आगरा,अमृत विचार :** परिवार के बच्चों के बीच आपस में हुए झगड़े के बाद एक किशोरी इतनी नाराज हो गई कि घर से बाहर निकल गई। इस किशोरी को घर से निकले हुए 24 घंटे बीत गए हैं, लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटी है। अब इस बालिका के पिता ने पुलिस से आशंका जताई है कि उसकी बेटी का अपहरण हो गया है। मामला थाना छत्ता की गोबर गली (पीपल मंडी) का है। किशोरी के घर से बाहर निकलने पर पहले तो परिजन कुछ देर इंतजार करते रहे कि वापस लौट आएगी, लेकिन जब ज्यादा देर तक नहीं लौटी तो छत्ता पुलिस को सूचना दी गई। परिजन पिछले दिन से ही किशोरी की अपने स्तर से भी तलाश कर रहे हैं। किशोरी के पिता ने पुलिस से आशंका जताई है कि उनकी बेटी का अपहरण हुआ है। इसका शक पड़ोस में रहने वाले सोनू पर जताया है। पिता का कहना है कि पड़ोसी सोनू ने कुछ समय पहले धमकी दी थी कि वह उन्हें कहीं का नहीं छोड़ेगा।

### ताजगंज में बालिका से किया दुष्कर्म

**आगरा, अमृत विचार :** थाना ताजगंज क्षेत्र में कक्षा तीन में पढ़ने वाली आठ साल की बच्ची को पड़ोस का रहने वाला आजाद राठौर बहला-फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया। उसने बालिका को धमकाया कि किसी को कुछ बताया तो परिजन उसे गला घोंटकर मार देंगे। इससे लड़की दहशत में आ गई। उसकी तबियत खराब हुई तो आजाद उसे खुद डॉक्टर के पास ले गया जहां बच्ची ने डॉक्टरों को पूरी बात बता दी। चिकित्सक ने परिजनों को पूरे मामले से अवगत कराया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी और पुत्रियों से की मारपीट, तीन तलाक बोला

**आगरा, अमृत विचार :** थाना लोहामंडी के मोतीकुंज निवासी शाहीन ने बताया कि उसका विवाह आलमगंज सैयदपाड़ा निवासी कामिल से 2002 में हुआ था। ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे. उसका पति, जेठ बंटू व देवर मुन्ना, गुफरान व फैजान उसके साथ आए दिन मारपीट करने लगे। कुछ दिन बाद पता चला कि उसके पति के किसी अन्य महिला से भी संबंध हैं। विरोध करने पर पति ने मारापीटा तथा जेठ ने भी उससे अवैध संबंध बनाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे आजिज आकर उसके पिता ने उसे मोतीकुंज में मकान दिलाया किंतु कामिल ने धोखाधड़ी से वह मकान भी अपने नाम करा लिया और उसके व उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट करने लगा। 21 अगस्त को रात 11 बजे पति के साथ अन्य आरोपी धारधार हथियार लेकर घर में आ गए और हमला कर दिया। तीन तलाक बोलकर उसे तलाक देने का आरोप लगाया।

### मसाला फैक्टरी की लिफ्ट टूटने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र अंतर्गत मसाला फैक्टरी में काम कर रहे दो नाबालिग चचेरे भाइयों की लिफ्ट टूटने से मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह हादसा मंगलवार देर शाम हुआ, जब फैक्टरी में सामान ले लाने के लिए उपयोग की जा रही लिफ्ट अचानक टूट गयी और नीचे गिर गई। घटना के बाद फैक्टरी संचालक फैक्टरी में ताला लगाकर मौके से भाग गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक 15-15 वर्ष के दो चचेरे भाई हैं।

### दलित परिवार से थूक चटवाने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में एक दलित परिवार ने दरोगा व दो सिपाहियों पर थूक चटवाने का आरोप लगाया है। इस मामले में परिवार को लेकर विश्व दलित परिषद ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। विश्व दलित परिषद के राष्ट्रीय सचिव ओमकार सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि 7 मई को थाने लाकर आरोपी दरोगा व सिपाहियों ने परिवार को जातिसूचक शब्द कहे। बेदखली के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर परिवार को हवालात में बंद कर दिया। इसके बाद मारपीट की। आरोप है फिर भी इनकार करने पर दरोगा व दो सिपाहियों ने जमीन पर थूक कर परिवार के तीन सदस्यों से चटवाया और झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी।

# ठेकेदार जाएंगे जेल और एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पाइपलाइन बिछाने के लिए काटी की गई सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर घर नल से जल योजना में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत न करने वाले ठेकेदारों और एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लापरवाह ठेकेदारों को जेल भेजा जाएगा और एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिशासी अभियंताओं पर भी निलंबन की कार्रवाई होगी।

अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव ने जल निगम ग्रामीण के सभी अधिशासी अभियंताओं और जल जीवन मिशन के सभी ठेकेदारों को नवरात्रि से पहले सभी सड़कों को दुरूस्त करने और कनेक्शन वाले गांवों में नियमित जलापूर्ति करने को कहा है। अधिशासी निदेशक की तरफ से लिखे गए पत्र में सभी अधिशासी अभियंताओं और ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि शारदीय नवरात्रि यानि 3 अक्टूबर से पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए काटी गई सड़कों की मरम्मत और रेस्टोरेशन का काम पूरा कर लिया जाए। साथ ही जिन योजनाओं में एफएचटीसी रिपोर्ट किया गया।

# चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में आजम बरी

**रामपुर।** पांच साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट से राहत मिल गई है। कोर्ट ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। आजम खां पर मतदान केंद्र में जबरन कार ले जाने और वोटरों को प्रभावित करने का आरोप था। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा नेता आजम खां गठबंधन प्रत्याशी थे। 23 अप्रैल को जिले में मतदान हुआ था। मतदान के दिन आजम खां रजा डिग्री कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर वोट डालने गए थे। 25 अप्रैल को गंज थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

# परिस्थितिजन्य समर्थन के अभाव में कोर्ट के बाहर स्वीकारोक्ति एक कमजोर साक्ष्य

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायालय के बाहर की गई स्वीकारोक्ति को कमजोर साक्ष्य बताते हुए कहा कि न्यायालय के बाहर की गई स्वीकारोक्ति एक कमजोर साक्ष्य है, जब तक कि उपस्थित परिस्थितियां स्वीकारोक्ति को विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने वर्ष 2010 के हत्या मामले में दोषी करार अभियुक्त कृष्ण प्रताप सिंह को बरी करते हुए पारित किया। आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत पुलिस स्टेशन तिर्वा, कन्नौज में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

मामले के अनुसार सूचनाकर्ता (मृतका के पति) ने अक्टूबर 2010 में प्राथमिकी में यह आरोप लगाया कि




आरोपी ने दो गवाहों की उपस्थिति में यह कबूल किया कि उसने मृतका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और फिर उसे रिपोर्ट करने से रोकने के लिए गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस कथित असाधारण स्वीकारोक्ति के आधार पर जांच अधिकारी ने अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपी के अधिवक्ता का तर्क है कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्य विश्वसनीय नहीं है, विशेष रूप से अतिरिक्त न्यायिक स्वीकारोक्ति, जो पूरी तरह से मनगढ़ंत लगती है।

इसके अलावा कोर्ट को यह भी बताया गया कि सूचनाकर्ता ने एक अन्य महिला से संबंध होने के कारण अपनी पत्नी की हत्या स्वयं की और पुलिस के साथ मिलीभगत करके साक्ष्यों में हेरफेर कर अपने भाई (आरोपी- अपीलकर्ता) को झूठा फंसाया। अंत में कोर्ट ने साक्ष्यों की सत्यता का परीक्षण कर पाया कि सूचनाकर्ता ने अपनी पत्नी की मृत्यु के 1 महीने के भीतर दूसरी महिला के साथ पुनर्विवाह कर लिया था।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन करने वालों की संख्या पौने तीन करोड़ के पार

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद करीब दो हजार विदेशी श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्री लंका सहित कई अन्य देशों के लोग शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ ही वीवीआईपी और वीआईपी दर्शन का आंकड़ा साढ़े पांच लाख के ऊपर है। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का आंकड़ा पौने तीन करोड़ के पार पहुंच गया है। किसी एक स्थान पर इतने कम समय में वीआईपी दर्शन करने वालों का यह एक रिकॉर्ड है।

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आमंत्रण पर



गर्भगृह में विराजमान रामलला।

विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके बाद दर्शन के लिए अपार भीड़ आनी शुरू हुई। इसके साथ रामलला के दर्शन के लिए विदेशी श्रद्धालुओं का आगमन भी शुरू हो गया। बोसिना हर्जमोबिना के 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दर्शन किये। अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका के साथ कई अन्य देशों के लोग भी राम लला के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। इनमें भारतीय मूल के विदेशियों के संख्या ज्यादा रही। सिटी मजिस्ट्रेट व प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि अब भी करीब पांच से सात विदेशी प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। दर्शन के लिए जून के पहले सप्ताह में पास व्यवस्था लागू होने के बाद की स्थिति है। इसके पहले के आंकड़े उपलब्ध नहीं है, लेकिन प्रशासन स्तर पर लगभग एक हजार विदेशी दर्शन के लिए आ चुके हैं। इसके पहले विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या इससे ज्यादा थी।

# फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस

**प्रयागराज, अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस जारी कर उनके चुनाव की वैधता को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई आगामी 21 अक्टूबर को सुनिश्चित की गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने सपा प्रत्याशी डॉक्टर नंद किशोर शाक्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मौजूदा याचिका जनप्रतिनिधित्व कानून के उपबंधों का पालन करते हुए दाखिल की गई है। याचिका में चुनाव को अवैध कर देते हुए उसे रद्द करने की मांग की गई है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया है कि मतदाताओं पर लाठी चार्ज कर उन्हें भगा दिया गया।

# अचानक आ धमके डकैत और पांच मिनट में खाली की दुकान

**सुल्तानपुर में डकैती**

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** दिनदहाड़े सर्राफ की दुकान में जिस तरह डकैती पड़ी उसके लिए अच्छे से रेकी गई थी। वारदात में शामिल डकैतों को दुकान के अंदर की हर लोकेशन का पता था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि डकैत महज पांच से सात मिनट में ही करोड़ों के आभूषण काले बैग में भरकर निकल गए।

भरतजी सर्राफ की ज्वेलरी शॉप में लगे सीसीटीवी में दिख रहा है कि दोपहर करीब 12 बजे दुकान में भरत सोनी, उनका बेटा और दो कस्टमर बैठे हैं। तभी मुंह पर गमछा बांधे एक डकैत अंदर आया। अंदर पहुंचते ही उसने भरत सोनी पर हथियार तान दिया। जब तक भरत सोनी कुछ समय पाते पीछे से दौड़ता हुआ एक और डकैत आ गया।



घटनास्थल पर मौजूद आईजी व एसपी।

इसके बाद एक-एक कर तीन डकैत और अंदर आ गए। इस तरह पलक झपकते ही डकैतों ने दुकान को कब्जे में ले लिया। चौक इलाके में डकैती की वारदात की सूचना आग की तरह पूरे शहर में फैल गई। इसके बाद हर ट्रेंड के व्यापारी व व्यापारी नेता चौक की तरफ दौड़ पड़े। सराफा व्यापारी तो पूरे शहर में अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। व्यापारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि खुलासा न होने पर आंदोलन किया जायेगा।

## उत्तराखंड

# उत्तरकाशी में वरुणावत पर्वत से गिर रहे बोल्डर, दहशत

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी में इन दिनों वरुणावत पर्वत से गिर रहे बोल्डर ने लोगों की नींद उड़ा दी है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल इन्वेस्टिगेशन टीम को मौके पर रवाना कर दिया है। वहीं जिला प्रशासन ने भी तकनीकी समिति का गठन कर दिया है। यह समिति वरुणावत पर्वत पर हो रहे भूस्खलन की स्थिति की जांच कर रिपोर्ट देगा।

मंगलवार शाम से वरुणावत पर्वत से रुक-रुककर बोल्डर गिर रहे थे। देर रात वहां भारी लैंडस्लाइड हुआ। पर्वत का एक हिस्सा गिर गया। जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। घबरा कर गोफियारा क्षेत्र में कई परिवार अपने घरों से बाहर निकल




उत्तरकाशी में वरुणावत पर्वत का जायजा लेते एनडीआरएफ की टीम।

- 2003 में भारी भूस्खलन से हुई थी काफी क्षति

आए। कुछ परिवारों ने अपने रिश्तेदार और परिचितों के घर शरण ली है। जिला मुख्यालय में मंगलवार को देर शाम तीन से चार घंटे की मूसलाधार बारिश से गोफियारा से लेकर पल्ला ज्ञानसू तक कई गाड-गदेरे उफान पर आ गए थे। बारिश रुकने पर लोगों ने राहत की सांस लेकिन कुछ ही देर में वरुणावत पर्वत से बोल्डर गिरना शुरू हो गए। देर रात वरुणावत पर्वत का एक हिस्सा व लगातार बोल्डर गिरने से उत्तरकाशी में 2003 में हुए भीषण भूस्खलन की कड़वी यादें भी ताजा हो गई। तब काफी नुकसान हुआ था। इस घटना को सरकार ने खासी गंभीरता से लिया है। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने जांच टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया।

### बड़ी आपदा झेल चुका है उत्तरकाशी

2003 में उत्तरकाशी शहर आपदा का बड़ा दंश झेल चुका है। तब वरुणावत पर्वत पर हुआ भूस्खलन इतना भयावह था कि पूरे शहर पर संकट खड़ा हो गया था। शहर के ऊपर से वरुणावत पर्वत का हिस्सा धंसा था, जिससे काफी जान-माल का नुकसान हुआ था। धीरे-धीरे पहाड़ शहर के ऊपर गिरने लगा था। तब तत्कालीन सरकार ने 250 करोड़ की लागत से वरुणावत पर्वत का ट्रीटमेंट करवाया था। अब फिर यह पहाड़ दरक रहा है, जिसको लेकर दहशत है।

# स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित होगा खुरपिया फार्म

**देहरादून,अमृत विचार :** भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत ऊधमसिंह नगर जनपद में स्थित खुरपिया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में विशेष अनुरोध किया था। सीएम का कहना था कि इस परियोजना के माध्यम से राज्य में 15 हजार करोड़ का निवेश संभावित है और करीब 50 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।

# युवती से दुष्कर्म करने वाला मुरादाबाद से पकड़ा गया

संवाददाता, रामनगर

- इंस्टाग्राम में अश्लील फोटो अपलोड कर मांग रहा था पैसे

**अमृत विचार :** एक युवती के साथ मुरादाबाद निवासी युवक ने पहले सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती की। उसने युवती से शारीरिक संबंध बनाये और उसकी अश्लील फोटो इंस्टाग्राम में अपलोड कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रामनगर निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब दो माह पहले उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिये अब्दुल समद पुत्र हैदर अली निवासी पीर का बाजार गली नंबर दो करूला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश से हुई थी। आरोपी ने बहला फुसलाकर उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने उसके फोटो भी खींच लिए। अश्लील फोटो खींचकर इंस्टाग्राम में पोस्ट करने के बाद आरोपी पीड़िता से पोस्ट को हटाने के नाम पर पैसों की मांग करने लगा।

साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। आरोपी अब्दुल समद को मुखबिर की सूचना पर पीर का बाजार मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# तीन एमबीबीएस छात्र हॉस्टल से निष्कासित

**हल्द्वानी,अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के तीन एमबीबीएस छात्रों को अनुशासनहीनता के चलते हॉस्टल से निष्कासित किया गया है। इस संबंध में टीबी एंड चेस्ट विभागाध्यक्ष व मुख्य अधीक्षक छात्रावास डॉ. आरजी नौटियाल ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं।वर्ष 2021 बैच के तीनों छात्र हॉस्टल परिसर में एक ही बाइक में बिना हेलमेट घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इस प्रकरण की पड़ताल की गई और इसके बाद तीनों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की गई है। एमबीबीएस में प्रवेश लेने के दौरान सभी छात्र शपथ पत्र लेते हैं कि कॉलेज परिसर में बाइक-स्कूटी या चौपहिया वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे। लेकिन छात्र लंबे समय से वाहनों को कॉलेज परिसर में दौड़ा रहे थे।

# उत्पीड़न के खिलाफ श्रमिक संगठनों ने दिया धरना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आठ सूत्रीय मांगों को लेकर श्रमिक संगठनों ने सिडकुल कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन किया। आरोप था कि सिडकुल प्रबंधन श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ा रहा है और शासन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जबकि श्रमिक आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज उठा रहे हैं। बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को




सिडकुल कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक संगठन। ● अमृत विचार

डॉल्फिन कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन के दौरान श्रमिक नेताओं का कहना था कि वे लंबे समय से आंदोलित हैं। लोकतांत्रिक तरीके से डॉल्फिन सहित सभी कंपनियों में शासन द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, स्थायी मजदूरों पर ठेकेदारी प्रथा से कार्य करना बंद करने, जबरदस्ती लिए इस्तीफों को रद्द करने आदि का मुद्दा उठाया।

# गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाए जाने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ा

**अल्मोड़ा,अमृत विचारः** गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करने और सम्मानजनक पेंशन देने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी मुखर हो गये हैं। बुधवार को राज्य आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क में धरना दिया।

सरकार पर राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। गैरसैंण राजधानी को लेकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी से एक मंच पर आकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। वहीं, मांगों के निराकरण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। नगर के गांधी पार्क में वक्ताओं ने कहा कि गैरसैंण राजधानी ही अब पहाड़ के विकास का एकमात्र विकल्प है। पहाड़ के अस्तित्व को बचाने के लिए जहां एक सशक्त भू कानून की आवश्यकता है। वहीं, विगत सरकारों द्वारा भूमि की खरीद फरोख्त के लिए खुली छूट दिये जाने वालों कानून अविलंब समाप्त किए जाएं। उन्होंने आंदोलनकारियों को कम से कम 20 हजार रुपये पेंशन देने, आदि की मांग की।

# 50 आरोपियों को दी डिफॉल्ट जमानत

**बनभूलपुरा हिंसा**

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में बनभूलपुरा हिंसा के 50 आरोपियों की डिफॉल्ट जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई के बाद उन्हें डिफॉल्ट जमानत प्रदान की है।

बीते शनिवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। खंडपीठ ने बुधवार को इस पर निर्णय दिया। खंडपीठ ने दिए निर्णय में निचली अदालत के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें पुलिस की ओर से 90 दिन बीतने के बाद भी आरोपपत्र पेश नहीं किया था, इसके विपरीत आरोप पत्र पेश करने के लिए और समय दिया गया था।

हिंसा के आरोपी मुजम्मिल सहित 49 अन्य आरोपियों ने हाईकोर्ट में डिफॉल्ट जमानत प्रार्थनापत्र पेश कर कहा था कि पुलिस ने उनके खिलाफ 90 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है। रिमांड बढ़ाने के लिए भी कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। फिर भी कोर्ट ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। साथ ही उनकी डिफॉल्ट जमानत भी खारिज कर दी। सरकारी पक्ष की ओर से कहा कि पुलिस के पास रिमांड के लिए पर्याप्त आधार और कारण हैं।

साथ ही अदालत के पास भी रिमांड बढ़ाने का अधिकार है। नियमानुसार ही आरोपियों की रिमांड बढ़ाई गई है। इसी वर्ष आठ फरवरी को बनभूलपुरा में कंपनी बाग में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने गई टीम पर उग्र भीड़ ने हमला कर दिया था।

## संजय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

● 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर मिली जमानत



**सुलतानपुर।** बसपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में दोषी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह हाईकोर्ट से जमानत के बाद बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में अपने वकील अरविंद सिंह राजा व रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर कर दिया। एमपी/एमएलए न्यायाधीश एकता वर्मा के यहां 19 जून 2001 की घटना में पुलिस ने सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव आदि के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प्रेम प्रकाश की मौत हो चुकी थी, शेष छह लोगों के खिलाफ ट्रायल पूरा हुआ था, जिसमें सभी को तीन माह व डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा तत्कालीन एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने सजा सुनाई थी। मामले में अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी।

# 13 वर्षीया बच्ची प्रेगनेंसी जारी रखने, टर्मिनेशन के बीच उचित विकल्प नहीं चुन सकती: हाईकोर्ट

## न्यायाधीश ने याची की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि एक 13 वर्षीय बच्ची टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी और प्रेगनेंसी पूरी अवधि तक जारी रखने के बीच सही विकल्प चुनने में सक्षम नहीं हो सकती है। पीड़िता के जीवन के लिए प्रेगनेंसी जारी रखने की तुलना में गर्भपात से अधिक खतरा हो सकता है।

कोर्ट ने याची की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया, जिसके अनुपालन में मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रेगनेंसी को पूर्ण अवधि तक ले जाना गर्भावस्था को समाप्त करने की तुलना में कम जोखिम भरा है। अतः कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड की राय पर भरोसा करते हुए घर के वृद्ध रिश्तेदार द्वारा यौन उत्पीड़न का शिकार हुई बच्ची की 32 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ



और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य को बच्चे के जन्म से संबंधित सभी खर्च वहन करने का निर्देश देने के साथ ही केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के निदेशक को बच्चे को गोद लेने के लिए कानून के अनुसार उचित कदम उठाने का आदेश दिया।

### प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले स्थानांतरण संभव नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रोबेशन पीरियड समाप्त होने से पहले स्थानांतरण के मामले में कहा कि प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले याची का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा याची द्वारा पहले ही इस संबंध में विकल्प का प्रयोग कर लिया गया है। अत : एक बार किसी संस्थान में प्रधानाचार्य के रूप में नियुक्त होने के बाद प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले उम्मीदवार का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब भी मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई के लिए आगामी 9 सितंबर को सूचीबद्ध कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने ज्ञानेश कुमार पाठक की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एनटीपीसी, दादरी में प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त किया गया था। उनका प्रोबेशन पीरियड समाप्त नहीं हुआ, लेकिन उनका स्थानांतरण कर दिया गया जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन मामले की सुनवाई 4 सितंबर को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन से संबंधित जनहित याचिका की सुनवाई आगामी 4 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने विशेष उत्सवों तथा जन्माष्टमी के दौरान बड़ी भीड़ को संभालने के मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। मालूम हो कि मंदिर के सेवादारों ने याचिका की स्वीकार्यता को चुनौती देते हुए इसे निराधार बताया था। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान प्रबंधन प्रथाएं पर्याप्त हैं और याचिका अनावश्यक रूप से मंदिर के मामलों में हस्तक्षेप कर रही है। बता दें कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ ने इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए वृंदावन बांके बिहारी मंदिर में कॉरिडोर बनाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाने का आदेश भी पारित किया गया था, साथ ही कॉरिडोर निर्माण के लिए देवता के बैंक खाते से 262 .50 करोड़ रुपए के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई थी, लेकिन कोर्ट ने अपने निर्देशों में यह स्पष्ट किया था कि कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित अधिग्रहण पर आपत्तियों के कारण मानव सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। महत्वपूर्ण त्योहार पर तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के साथ भीड़ का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

## बिजली कंपनियां बना रहीं बिजली दरें बढ़ाने का दबाव

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश की नई बिजली दरें निर्धारित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। अगले माह दरें घोषित होने की संभावना जताई जा रही है, इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर दरें बढ़ाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। नियामक आयोग स्तर पर बिजली कंपनियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के पक्ष सुने जा चुके हैं। पिछले दिनों आयोग की राज्य सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी हो चुका है। इस बैठक में बिजली कंपनियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने अपने-अपने तर्क दिए थे। बिजली कंपनियों ने जहां घाटे का उल्लेख कर आयोग ने खुद उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया था, वहीं उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने दरें बढ़ाने के बजाय घटाए जाने का तर्क रखा था।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियां पर उपभोक्ताओं का 33,122 करोड़ रुपए निकल रहे हैं। ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है, पर बिजली कंपनियां राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए आयोग पर दबाव बना रही हैं।

## सार-संक्षेप

### एक साथ तीन गैंगस्टर की संपत्तियां हुई कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश पुलिस ने माफियाओं पर नकेल कसते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस एवं प्रशासन ने बाराबंकी, मऊ एवं आजमगढ़ में गैंगस्टर के अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध संपत्तियां कुर्क की हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त त्रिभुवन नारायण पांडेय द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल, अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश के से जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। उधर, आलोक कुमार चौबे निवासी दुबावल टहर थाना कप्तानपुर आजमगढ़, के खिलाफ भी कुर्की की कार्रवाई की गई है। दोनो की कुर्क की गई चल-अचल संपत्ति की कीमत एक करोड़ 75 लाख आंकी गई है। उधर, मऊ जिले के थाना सरायलखंसी में अभियुक्त सुधीर सिंह द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई चल-चल संपत्ति की कीमत करीब 70 लाख सात हजार रुपए आकी गई है। सुधीर सिंह की संपत्ति भी बुधवार को प्रशासन ने कुर्क कर दी है।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में सफाई साक्ष्य दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भांईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में बुधवार को सफाई साक्ष्य में लखनऊ के डॉक्टर रत्नाकर त्रिपाठी की गवाही दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील हसन अली व राम अवध यादव ने बताया शेष सफाई साक्ष्य की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 7 सितंबर की अगली तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया सरेंडर, रिहा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के केस में जमानती वारंट पर अमेठी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बुधवार को एमपी-एमएलए की कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर कर उन्हें रिहा कर दिया। मामला 29 जुलाई 2022 का है, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला फूंका था। इस मामले में एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह और अन्य 28 आरोपियों को 31 अगस्त को जमानतीय वारंट जारी कर तलब किया है।

### निर्माणाधीन इकाइयों के विलंब पर अध्यक्ष नाराज

**लखनऊ,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने जवाहरपुर परियोजना में दूसरी इकाई के चालू किए जाने में देरी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। अध्यक्ष बुधवार को उत्पादन निगम की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन 660 मेगावाट की दूसरी इकाई लगाए जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। अध्यक्ष ने घाटमपुर व पनकी परियोजनाओं के शुरू होने में हो रहे विलम्ब पर भी असंतोष व्यक्त किया।

### कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने को किये जायेंगे प्रयास

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर और किसानों की आमदनी की संभावनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और के.वी. राजू ने बुधवार को हैदराबाद (तेलंगाना) में सीड पार्क, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान व भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अन्न अनुसंधान संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप्र. कृषि विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान वहां के वैज्ञानिकों के साथ धान की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौसम प्रतिरोधी, वेराइटी को विकसित किये जाने पर चर्चा की।

## 31 पीसीएस अधिकारियों की हुई जिलों में तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रदेश की अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे सभी अधिकारी

**अमृत विचार :** शासन ने प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहे 31 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को जिलों में तैनाती का आदेश जारी किया है। प्रशिक्षण 30 अगस्त को पूरा हो रहा है।

शासन के नियुक्ति विभाग की ओर से बुधवार को किए गए तैनाती आदेश के अनुसार पीसीएस अधिकारी अंकित कुमार वर्मा को मऊ, शुभेंद्र गोपाल व सल्तनत प्रवीन को फतेहपुर, नागेंद्र पांडेय व श्वेता मिश्रा को बाराबंकी, प्रिंस वर्मा व ज्योति चौरसिया को बहराइच, दिव्या सिकरवार को एटा, प्रतीक्षा पांडेय को अमेठी, कुमार गौरव को श्रावस्ती, मोहसिना बानो को ललितपुर, प्रजाक्ता त्रिपाठी को जौनपुर, संदीप कुमार तिवारी को बलरामपुर, शांतनु कमार सिनसिनवार को हमीरपुर, आशीष भारद्वाज को फर्रूखाबाद, निधि पटेल को बांदा और विकास मित्तल को अमरोहा भेजा गया है। इसी तरह योगिता सिंह को कासगंज, प्रतीक्षा त्रिपाठी को लखीमपुर खीरी, रामकृष्ण चौधरी को बस्ती, विनय कुमार मौर्य को कौशांबी, अनामिका मौर्या को सिद्धार्थनगर, सविता देवी को महोबा, रश्मि यादव को प्रयागराज, अंकित वर्मा को गोंडा, आरती साहू को जालौन, आशुतोष रामप्यारे जैसवाल को गाजीपुर, पंकज कुमार को महराजगंज, चंद्र प्रकाश गौतम व शरद चौधरी को मिर्जापुर और मंजुल मयंक को संतकबीरनगर में तैनाती दी गई है। सभी अधिकारी अपने जिलों के जिलाधिकारी को पहली सितंबर को रिपोर्ट करेंगे।

## देश के हवाई अड्डों पर भी होगा पर्यटन स्थलों का प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार अब देशभर के प्रमुख हवाई अड्डा पर भी किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, कोयंबटूर व इंदौर के हवाई अड्डा को चिह्नित किया है।

सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जाए, जिससे ज्यादा से देश-विदेश से ज्यादा से ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने आएं। पिछले दो वर्षों से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में पहले स्थान पर है। पिछले वर्ष प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। इस वर्ष इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त मेजर जनरल से ठगे 2 करोड़

नोएडा, एजेंसी

● आरोपियों के पास एन के धीर की पूरी वित्तीय जानकारी थी



साइबर अपराधियों ने सीबीआई और मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर सोशल मीडिया के माध्यम से सेना के एक सेवानिवृत्त मेजर जनरल से कथित रूप से दो करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी को उनके नाम से मादक पदार्थ समेत अन्य अवैध वस्तुएं विदेश भेजे जाने का उल्लेख कर जेल का डर दिखा ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गौतम ने बताया कि सेक्टर 31 में रहने वाले मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एन के धीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अगस्त को उन्हें एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को डीएचएल कोरियर सेवा का कर्मी बताया। शिकायत के मुताबिक, उसने धीर से कहा कि उनके नाम से मुंबई से ताइवान एक पार्सल बुक हुआ है जिसे सीमा शुल्क विभाग, मुंबई ने खोला तो उसमें पांच पासपोर्ट, पांच बैंक के क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम एमडीएमए (मादक पदार्थ)और एक लैपटॉप है और यह अवैध सामान है। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने उनकी (धीर की) कथित मुंबई अपराध शाखा के पुलिस के अधिकारी से बात करवाई जिसने अपना पहचान पत्र और फोटो भी व्हाट्सएप पर भेजा। निरीक्षक ने बताया कि ठगों ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल से उनके पास मौजूद सारी रकम एक बैंक खाते में स्थानांतरित करने को कहा, जिस पर उन्होंने 14 अगस्त को संबंधित खाते में रकम स्थानांतरित कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों के पास उनकी वित्तीय स्थिति से जुड़ी पूरी जानकारी थी।

## वर्ग पहेली-175

**बाएं से दाएं**

3. वर्षाऋतु में हिमालय पर स्थित मानसरोवर झील की ओर प्रवास करने वाली हंस की एक प्रजाति।

6. एक-दूसरे का सिर फोड़ना, मारपीट, लडाई-झगड़ा।

8. कपड़े पर कढ़ाई करना की क्रिया, सुई धागे से बेल-बूटे बनाना या काढ़ना।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. चौथाई भाग, चतुर्थांश 2. एक सेर का एक चौथाई भाग 3. एक किलो का चौथाई भाग (250 ग्राम)।

2. 1. सुबह, भोर 2. ग्रीष्म ऋतु 3. एक प्रकार की झाड़ी जिसमें से गोंद निकलती है, लोबान।

4. बत्तख, हंस की प्रजाति का लंबी गरदन और टांगों वाला एक पक्षी।

5. कार्बन का, कार्बन संबंधी।

7. कान या नाक में पहना जाने वाला सुराहीदार मोती।




### वर्ग पहेली -174 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 पु | | 2 प | | |
| 3 खु | र | ह | रा | | |
| | नि | | | | 4 इ |
| 5 भे | ड़ि | या | धँ | सा | न |
| द | | | | | क |
| नी | | 6 ख | र | सै | ला |
| ति | | शी | | | बी |

## सुलतानपुर: दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप में डकैती

### हथियारों से लैस बदमाश करोड़ों की ज्वैलरी-कैश लेकर हुए फरार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार:** शहर के चौक इलाके में ठठेरी बाजार स्थित आभूषण की एक दुकान में बुधवार को दिनदहाड़े डाका पड़ गया। नकाबपोश पांच डकैत अचानक दुकान में आ धमके और असलहे के दम पर आभूषण कारोबारी के करोड़ों के जेवरात व करीब 3 लाख कैश लूटकर निकल गए।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। सूचना पर आईजी अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा मौके पर पहुंचे। आईजी ने तत्काल जिले की सीमाओं को सील कराते हुए छह टीमें डकैतों की छानबीन में लगा दी। आइजी खुद देर रात तक घटना स्थल पर मौजूद रहे। ठठेरी बाजार में भरत सोनी की भरत सर्राफ नाम से आभूषण की दुकान है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर वह बेटे सुमित सेठ, सैदखानपुर के फुटकर व्यापारी अशोक सोनी व एक अन्य ग्राहक के साथ बैठे थे। इसी बीच दुकान में पांच डकैत आ धमके और उन पर असलहे तान दिए। तीन लोग मुंह पर गमछा बांधे थे और दो डकैत हेलमेट पहने हुए थे। भरत सोनी ने बताया कि दो डकैतों ने बैठे लोगों पर पिस्टल तान दी और तीन डकैत अपने हाथ में पहले से लिए बैग में सोने व चांदी के आभूषण भरने लगे। इस दौरान साथ में बैठे व्यापारी अशोक सोनी का आभूषण से भरा बैग भी छीन लिया। तीन लाख रुपये भी छीन लिए। इसके बाद दुकान के सामने खड़ी दो बाइकों पर बैठकर फरार हो गए।

### अखिलेश का तंज- प्रदेश में चल रहा डकैतों का अमृतकाल

सुलतानपुर में डकैती की घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार को घेरा है। एक्स पर लिखा कि भाजपा राज भ्रष्टाचार-अपराध की जुगलबंदी बनकर रह गया है। हथियारों के बल पर 5 करोड़ की लूट दर्शाती है कि भाजपा राज में किसका अमृतकाल चल रहा है।

## दो लड़कियों की फांसी से मौत के मामले में आत्महत्या की पुष्टि

फर्रुखाबाद,एजेंसी

यहां एक गांव के बाहर एक पेड़ से दो लड़कियों के शव लटके हुए पाये जाने की घटना के एक दिन बाद डॉक्टरों के पैनल ने बुधवार को कहा कि पोस्टमार्टम के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि दोनों लड़कियों की मृत्यु दम घुटने से हुई है और इससे दोनों के आत्महत्या करने का संकेत मिलता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ, डॉक्टर के पैनल से शवों का पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों की मौत फांसी लगाने से हुई है और उनके शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए, स्लाइड बनाई गई है जिसे जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मेल खाती है। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों ने खुदकुशी की है और उनके शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

पुलिस अब उन कारणों का पता लगा रही है जिनके चलते ये लड़कियां यह कड़ा कदम उठाने को बाध्य हुईं। पुलिस के मुताबिक, ये लड़कियां पक्की सहेली थीं और पड़ोस में रहती थीं। इस बीच, एक मृतक लड़की के पिता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आए तथ्य झूठे है।

## सुडोकू-88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 9 | | | 8 | |
| 3 | | 8 | | | 2 | 9 | | |
| 1 | 9 | | | 6 | | | 7 | |
| | | 7 | | 3 | | | | 1 |
| | | 9 | | | | 2 | | |
| 6 | | | | 5 | | 4 | | |
| | 8 | | | 1 | | | 9 | 6 |
| | | 6 | 7 | | | 5 | | 3 |
| | 5 | | | 2 | | 1 | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 30 अगस्त 01.37 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 16.39 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज अपने प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज करने हेतु दिन अच्छा है। लोगों के साथ विविध विषयों पर चर्चा करने में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। धन से जुड़े मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे।

**वृष:** आज आपको पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना होगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स के गुम होने की आशंका है। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मिथुन:** आज आप अपने ही निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे,जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विजय मिल सकती है।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी को आपके ऊपर भरोसा कुछ कम हो सकता है। परिवार में कुछ परेशानी का माहौल रहेगा।

**सिंह:** आज जीवनसाथी के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। संतान के प्रति मन में वात्सल्य भाव बढ़ेगा। विवादित मामलों में प्रतिक्रिया न दें। अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है।

**कन्या:** आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। जोखिम भरे कार्यों से आपको बचना चाहिए। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे।

**तुला:** आज व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा। कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। कानूनी विवादों में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

**धनु:** आज मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न होगा। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा। प्रेम विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मकर:** आज आप नया वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का उत्तम व्यवहार देखने को मिलेगा। गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

**कुंभ:** आज बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**मीन:** आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। संतान की गलतियों को ढंकने से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आपके खर्चों में कमी आएगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों का कातिल — सुबह : 10 .41
फौलादी — रात : 08 .34

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 10 .53
लॉस्ट — रात : 08 .00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स — सुबह : 11 .28
जिओस्ट्राम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
मेरा बदला — सुबह : 10 .50
अक्षरा — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
डैशिंग सीएम भारत — सुबह : 10 .40
द गार्जियन — रात : 07 .59

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा
दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2135, राज श्री 1440, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 2010, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1540, सचिन 1585, सूरज 1565, अवसर 1670, राग गोल्ड 1685, गृहणी ली 1595, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1685, चक्र टिन 1950, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1950, स्वास्तिक 2105 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन___मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 74100 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 73100 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 870 ( अनुमानित ) |

## एक नजर

### कैंडी करेगा भारत, अफ्रीका में परियोजनाएं स्थापित

**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कैंडी सोलर इंडिया का लक्ष्य जून 2025 तक भारत और दक्षिण अफ्रीका में 200 मेगावाट की परियोजनाएं स्थापित करना है। कंपनी के एमडी निशांत सूद ने कहा कि घरेलू बाजार में परियोजनाएं वाणिज्यिक और औद्योगिक ( सीएंडआई ) क्षेत्र के ग्राहकों के लिए जबकि दक्षिण अफ्रीका में ग्राहक खाद्य उद्योग और कृषि क्षेत्र से होंगे।

### रिलायंस, डिज्नी की मीडिया इकाइयों का होगा विलय

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ( सीसीआई ) ने बुधवार को कहा कि उसने देश की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी के गठन के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी कंपनी की मीडिया इकाइयों के विलय को मंजूरी दे दी है। प्रतिस्पर्धा आयोग ने इस विलय समझौते को दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तावित कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दी है। रिलायंस की मीडिया इकाई वायकॉम 18 और वॉल्ट डिज्नी की मीडिया इकाई स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ( एसआईपीएल ) के बीच विलय की घोषणा साल की शुरुआत में की गई थी।

### ईसीओआर ने 10.05 करोड़ टन माल ढुलाई की

**भुवनेश्वर।** पूर्वी तट रेलवे ( ईसीओआर ) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 26 अगस्त तक केवल 148 दिन में 10.057 करोड़ टन ( एमटी ) माल लादकर माल परिवहन में एक नया मानक स्थापित किया है। पूर्व तटीय रेलवे के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी तीन संभागों खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर ने कोयला, इस्पात संयंत्र के लिए कच्चा माल, लोहा व इस्पात, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, पीओएल ( पेट्रोलियम, तेल व लूब्रकेंट ), की माल ढुलाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### सोना स्थिर, चांदी में 400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बावजूद सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने के अनुसार चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 87,800 रुपये प्रति किलो रह गई। मंगलवार को चांदी 88,200 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

### टाटा स्टील ने अपनी इकाई में अतिरिक्त शेयर खरीदे

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने 28 करोड़ डॉलर में सिंगापुर में अपनी इकाई टी स्टील होल्डिंग्स प्राइवेट ( टीएसएचपी ) लिमिटेड के 178 करोड़ अतिरिक्त इक्विटी शेयर खरीदे हैं। अब टाटा स्टील का टीएसएचपी में पूंजी निवेश 133.7 करोड़ डॉलर है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

## पेटीएम को पीपीएसएल में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी बोली- भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए नए सिरे से करेगी आवेदन

पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशन को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड ( पीपीएसएल ) में डाउनस्ट्रीम निवेश को सरकार की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह भुगतान एग्रीगेटर ( पीए ) के लिए नए सिरे से आवेदन करेगी।

पेटीएम ने कहा कि पीपीएसएल को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग से 27 अगस्त, 2024 के एक पत्र के माध्यम से मूल कंपनी से निवेश के लिए मंजूरी मिल गई है। इसके साथ पीपीएसएल भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए फिर से आवेदन करेगी। इस बीच, पीपीएसएल मौजूदा भागीदारों को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगी। आरबीआई ने 2022 में पेटीएम के भुगतान एग्रीगेटर परमिट आवेदन को रद किया था और कंपनी को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानदंडों के तहत प्रेस नोट-3 अनुपालन के साथ फिर से आवेदन का निर्देश दिया था। प्रेस नोट-3 अनुसार, सरकार ने सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश के लिए पूर्व स्वीकृति अनिवार्य की थी।

## वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में जन धन की मुख्य भूमिका : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने की योजना की सफलता के लिए काम करने वाले लोगों की सराहना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी के अवसर का प्रतीक है। मोदी ने जन धन योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों की भी सराहना की और कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है। जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो। मोदी ने कहा कि आप में से कई लोग, खासकर युवा सोच रहे होंगे..यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? आखिरकार, इस युग में बैंक खाता होना बेहद ही बुनियादी बात है और इसे सामान्य बात भी माना जाता है। हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी।

### पीएमजेडीवाई गरीबों को मुख्यधारा में शामिल करती है : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना ( पीएमजेडीवाई ) सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है जो गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीतारमण ने कहा कि औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक तथा किफायती पहुंच वित्तीय समावेश और सशक्तिकरण हासिल करने के लिए आवश्यक है। यह गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बैंक खाते, लघु बचत योजनाएं, बीमा तथा पहले बैंकिंग सुविधा से वंचित रहे लोगों को ऋण सहित सार्वभौमिक, सस्ती व औपचारिक वित्तीय सेवाएं प्रदान कर प्रधानमंत्री जन धन योजना ने पिछले एक दशक में देश के बैंकिंग तथा वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है।

# दो नई रेलवे लाइन, मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी

### 6,456 करोड़ रुपये में तैयार होंगी रेलवे की तीन परियोजनाएं, परिचालन होगा आसान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 6,456 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार इन परियोजनाओं से दूर-दराज के इलाकों को जोड़कर ढुलाई संबंधी दक्षता में सुधार लाने, मौजूदा लाइन क्षमता बढ़ाने और परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आपूर्ति शृंखला को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, जिससे तेजी से आर्थिक विकास होगा। मंत्रालय ने कहा कि नयी लाइन के प्रस्तावों से सीधा संपर्क बनेगा और आवागमन में सुधार होगा, तथा भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा संबंधी विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर बेहद जरूरी बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

मंत्रालय के मुताबिक ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना तैयार किए जाने से संभव हुआ है और यह लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्कता प्रदान करेगा।

- रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 300 किमी तक बढ़ा देगी यह योजना



### परियोजना के तहत 14 नए स्टेशनों पर भी किया जाएगा निर्माण, 11 लाख लोगों को मिलेगी सुविधा

मंत्रालय ने कहा कि ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे चार राज्यों के सात जिलों में लागू की जाने वाली तीन परियोजनाओं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं के साथ 14 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों ( नुआपाड़ा और पूर्वी सिंहभूम ) को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। नयी लाइन परियोजनाओं से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख लोगों को संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख लोगों को संपर्क सुविधा मिलेगी।

### पूर्वोत्तर में पनबिजली के लिए 4,136 करोड़ देगा केंद्र

मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों को आठ साल में 15,000 मेगावाट ( 15 गीगावाट ) क्षमता की पनबिजली परियोजनाएं विकसित करने के लिए 4,136 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता को मंजूरी दे दी। बैठक में बिजली मंत्रालय के पूर्वोत्तर राज्य की सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता ( सीएफए ) देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना का परिव्यय 4,136 करोड़ है और इसे 2024-25 से 2031-32 तक क्रियान्वित किया जाएगा। योजना को बिजली मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता ( जीबीएस ) से वित्तपोषित किया जाएगा।

### कृषि अवसंरचना कोष का दायरा बढ़ाएगी सरकार

सरकार ने बुधवार को एक लाख करोड़ रुपये की कृषि अवसंरचना कोष ( एआईएफ ) योजना का दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक आकर्षक बना दिया। यह कदम देश में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचा सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। बैठक में एआईएफ के तहत वित्तपोषण सुविधा की केंद्रीय क्षेत्र योजना के प्रगतिशील विस्तार को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद इसे और अधिक आकर्षक, प्रभावी और समावेशी बनाना है। देश में कृषि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और मजबूत करने तथा कृषक समुदाय को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सरकार ने एआईएफ योजना के दायरे का विस्तार करने को कई उपायों की घोषणा की है। इसमें कहा गया कि इन पहलों का उद्देश्य पात्र परियोजनाओं के दायरे का विस्तार और मजबूत कृषि अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सहायक उपायों को एकीकृत करना है।

### सात परियोजनाओं की पीएम ने की समीक्षा

प्रधानमंत्री मोदी ने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित सात प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को प्रगति बैठक की अध्यक्षता की। इनकी कुल लागत 76,500 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री कार्यालय ( पीएमओ ) से जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र या राज्य स्तर पर सरकार के प्रत्येक अधिकारी को इस बात के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए कि परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत बढ़ती है, बल्कि जनता को परियोजना के अपेक्षित लाभ से भी वंचित होना पड़ता है। मोदी ने बुधवार को प्रगति के 44वें संस्करण की बैठक की अध्यक्षता की। प्रगति केंद्र और राज्य सरकारों की भागीदारी वाली सक्रिय शासन व्यवस्था और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आईसीटी आधारित बहु-मॉडल मंच है।

## यूपीआई-रुपे को बनाएंगे वैश्विक : दास

- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में आरबीआई के गवर्नर ने बोले

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि यूपीआई और रुपे को वैश्विक बनाने के प्रयास हो रहे हैं। दास ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में कहा कि आरबीआई का ध्यान वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ( डीपीआई ), उपभोक्ता संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा, टिकाऊ वित्त और वित्तीय सेवाओं के वैश्विक एकीकरण को सशक्त बनाने पर है।

उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों और द्विपक्षीय समझौतों का सक्रिय हिस्सा है और सीमापार भुगतान प्रणालियों सहित वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करना रिजर्व बैंक का प्रमुख लक्षित क्षेत्र होगा। दास ने कहा कि इस दिशा में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ यूपीआई नेटवर्क से रुपे कार्ड और भुगतान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए एसआरओ को देंगे मंजूरी



**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक वित्तीय-प्रौद्योगिकी ( फिनटेक ) क्षेत्र के लिए कम-से-कम दो उद्योग निकायों को स्व-नियामकीय संगठन ( एसआरओ ) के तौर पर संचालन की मंजूरी देगा। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने एसआरओ के तौर पर काम करने के लिए फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट ( फेस ) को मंजूरी दे दी है क्योंकि यह सभी जरूरतों को पूरा करता है। एसआरओ के लिए आवेदन करने वाले दो अन्य संगठनों पर भी विचार हो रहा है। दास ने कहा कि तीन आवेदन आए हैं। हम कई के बारे में गौर कर रहे हैं। इस समय शायद दो-तीन एसआरओ पर्याप्त होने चाहिए। तीनों निकायों ने अलग-अलग समय पर एसआरओ के लिए आवेदन किया था, जिस पर विचार हो रहा है।

### भरोसेमंद एआई विकसित करने की जरूरत

**मुंबई।** शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंकों, सरकारों के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र के लोगों को डेटा गोपनीयता चिंता और अन्य तत्वों को ध्यान में रखते हुए भरोसेमंद एआई के विकास की सुविधा देनी चाहिए। दास ने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का एकीकरण निश्चित रूप से हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं में परिवर्तनकारी प्रगति लाता है। कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग अभूतपूर्व तरीके से वित्तीय सेवाओं में क्रांति लाने को तैयार हैं। धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए एआई एल्गोरिदम पहले से ही तैनात किए जा रहे हैं। मशीन लर्निंग मॉडल का इस्तेमाल क्रेडिट स्कोर में तेजी से किया जा रहा है।

### सीमापार भुगतान से धनशोधन पर रोक मुश्किल

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर की सीमापार लेनदेन में अधिक दक्षता लाने की मांग के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाधा-रहित सीमापार भुगतान से धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगा पाना मुश्किल होगा। अमेरिकी बैंक फेडरल रिजर्व के निदेशक मंडल के सदस्य क्रिस्टोफर जे वालर ने कहा कि भुगतान की रफ्तार धीमी करने वाले सभी गतिरोध खराब ही नहीं होते हैं। भुगतान की धीमी रफ्तार एवं सुस्त निपटान से बैंकों को धनशोधन रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने, धोखाधड़ी से किए सीमापार भुगतान को रोकने में मदद मिलती है।

## आतंकवाद से भी अधिक जानें सड़क हादसों में गई : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्री ने उद्योग मंडल फिक्की के संगोष्ठी के छठे संस्करण को किया संबोधित

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत में युद्ध, आतंकवाद और नक्सलवाद से भी अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है। गडकरी ने उद्योग मंडल फिक्की के सड़क सुरक्षा पुरस्कार और संगोष्ठी-2024 के छठे संस्करण को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं की खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट ( डीपीआर ) के कारण ब्लैकस्पॉट्स ( दुर्घटना संभावित क्षेत्र ) की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध, आतंकवाद और नक्सलवाद से भी अधिक लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में गई है। गडकरी के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 1.5 लाख लोगों की मृत्यु होती है, जबकि तीन लाख लोग घायल होते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे देश को सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) में तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। बलि के बकरे की तरह हर दुर्घटना के लिए चालक को दोषी ठहराया जाता है। मैं आपको बता दूं, और मैंने बारीकी से देखा है कि ज्यादातर दुर्घटनाएं सड़क इंजीनियरिंग में खामी की वजह से होती हैं।

### मंत्री ने सुरक्षा ऑडिट पर दिया जोर

मंत्री ने सभी राजमार्गों के सुरक्षा ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए हमें लेन अनुशासन का पालन करने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एम्बुलेंस और उसके चालकों के लिए कोड तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को शीघ्र बचाने के लिए कटर जैसी अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा सके।

## ट्राई ने अनचाही कॉल पर रोक के लिए ऊंचे शुल्क का रखा सुझाव



**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने अनचाही कॉल पर लगाम लगाने के लिए उद्योग से इस सुझाव पर राय मांगी है कि क्या एक तय सीमा से अधिक कॉल और एसएमएस के लिए एक उच्च शुल्क व्यवस्था लाई जानी चाहिए। टेलीमार्केटिंग संचार के मानदंडों को कड़ा करने के उपायों पर जारी एक नए चर्चा पत्र में यह सुझाव दिया गया है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ( ट्राई ) ने दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन, 2018 की समीक्षा पर जारी एक चर्चा पत्र में सुझाव दिया है कि 50 से अधिक कॉल करने वाले या प्रतिदिन 50 एसएमएस भेजने वाले दूरसंचार ग्राहकों की भी पड़ताल अनचाही कॉल करने वालों के रूप में की जानी चाहिए।

## राणा शुगर्स, प्रवर्तकों तथा अन्य पर दो वर्ष के लिए लगा प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी



- सेबी ने की कार्रवाई, धन के हेर-फेर के आरोप में 63 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ( सेबी ) ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 14 इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। धन के हेर-फेर के आरोप में उन पर 63 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

नियामक ने इंदर प्रताप सिंह राणा ( प्रवर्तक ), रणजीत सिंह राणा ( चेयरमैन ), वीर प्रताप राणा ( एमडी ), गुरजीत सिंह राणा, करण प्रताप सिंह राणा, राजबंस कौर, प्रीत इंदर सिंह राणा और सुखजिंदर कौर ( प्रवर्तक ) पर किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या प्रबंधन स्तर का पद लेने से भी दो साल की रोक लगाई है। सेबी ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों, अधिकारियों और अन्य पर तीन करोड़ रुपये से लेकर सात करोड़ तक का जुर्माना लगाया है। सेबी के मुख्य महाप्रबंधक जी. रमर ने कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ताओं, जो आरएसएल के प्रवर्तक हैं, कोष के हेरफेर से लाभार्थी हैं उन्होंने धोखाधड़ी व अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध नियमों का उल्लंघन किया है।

## भारती एयरटेल की इंडस टावर्स में 50% से अधिक हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल की 2,640 करोड़ रुपये की शेयर पुनर्खरीद योजना पूर्ण होने पर इंडस टावर्स में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी होगी।



भारती एयरटेल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, दूरसंचार अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडस टावर्स ने 14 अगस्त को 465 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 5.67 करोड़ से अधिक शेयर की पुनर्खरीद शुरू की, जो कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में कुल शेयर की संख्या का करीब 2.107 प्रतिशत है। कंपनी सूचना के अनुसार इंडस टावर्स द्वारा 27 अगस्त 2024 को जारी सूचना के अनुसार इंडस टावर्स में कंपनी की शेयरधारिता उसकी चुकता शेयर पूंजी के 50 प्रतिशत से अधिक ( यानी करीब 50.005 प्रतिशत ) हो जाएगी, जो कि शेयर पुनर्खरीद योजना के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रासंगिक गतिविधियों के पूरा होने के अधीन है।

## एचयूएल को 963 करोड़ का आयकर मांग नोटिस मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिंदुस्तान यूनिलीवर ने कहा- वह नोटिस के खिलाफ करेगी अपील

दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ( एचयूएल ) को आयकर विभाग से 962.75 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा कि वह इसके खिलाफ अपील दायर करेगी।

एचयूएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, यह नोटिस ग्लेक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर ( जीएसकेसीएच ) को हॉर्लिक्स, बूस्ट, माल्टोवा और वीवा जैसे ब्रांड वाले हेल्थ फूड्स ड्रिंक्स ( एचएफडी ) व्यवसाय के बौद्धिक संपदा अधिकारों के अधिग्रहण के लिए 3,045 करोड़ के भुगतान पर टीडीएस ( स्रोत पर कर कटौती ) की कटौती न करने से संबंधित है। कंपनी अनुसार ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन जीएसके समूह की संस्थाओं से भारत एचएफडी आईपीआर के अधिग्रहण के लिए भुगतान के लिए 3,045 करोड़ का प्रेषण करते समय आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार टीडीएस की कटौती न करने पर कंपनी से 962.75 करोड़ ( 329.33 करोड़ ब्याज सहित ) की मांग की गई है। कर मांग नोटिस मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय कर सर्किल-2 के आयकर उपायुक्त द्वारा जारी किया गया। यह कंपनी को 23 अगस्त 2024 को मिला।

## परियोजनाओं के लिए एक बोली भी मिले तो विचार करेंगे : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ( एमओआरटीएच ) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए पात्र होने पर एक बोली पर भी विचार किया जाएगा। परिपत्र के अनुसार, यदि किसी राजमार्ग परियोजना के लिए सिर्फ एक बोलीदाता हो तो बोली प्रक्रिया रद्द नहीं की जाएगी। मंत्रालय ने कहा, "सिर्फ एक बोली प्रस्तुत किए जाने पर भी प्रक्रिया को वैध माना जाना चाहिए, बशर्ते कि खरीद का विज्ञापन संतोषजनक हो और बोलियां प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया हो, योग्यता मानदंड प्रतिबंधात्मक न हों और कीमतें उचित हों।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री ने जताई अतिवृष्टि से फसल-क्षति पर चिंता

## अत्यधिक बारिश नुकसान का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

- 97 प्रतिशत बुवाई हो चुकी है इस वर्ष अब तक पूरी,
- 73.8 मिमी रही है 21 से 27 अगस्त के बीच संचयी वर्षा

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा है कि देश में वर्तमान सीजन में बारिश और बुवाई की प्रगति कुल मिलाकर अच्छी है, लेकिन अब चिंता अतिवृष्टि की हो गई है क्योंकि उससे फसलों के नष्ट होने का संकट उत्पन्न होता है।

देश के दक्षिण प्रायद्वीप और मध्य भागों में वर्षा औसत से 17-18 प्रतिशत अधिक चल रही है। बधान ने मानसून और फसल बुआई की प्रगति पर विश्लेषण में कहा है कि अब तक वर्षा और बुआई दोनों ही दृष्टिकोण से स्थिति अच्छी लग रही है। जैसे-जैसे बुआई और मानसून समाप्ति के करीब आ रहा है, अब ध्यान कटाई के मौसम दीर्घकालिक औसत ( एलपीए ) से सात प्रतिशत अधिक है। अगस्त के अंत में वर्षा तेज हुई है और 21 से 27 अगस्त के बीच संचयी वर्षा 73.8 मिमी रही है। इससे पहले 13 से 20 अगस्त के बीच 48.9 मिमी बारिश हुई थी।

1 जून से 27 अगस्त 2024 के बीच, देश के कुल कृषि-जलवायविक 36 उप-विभागों में से 31 ( देश का 84% ) में अब तक सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। इस साल अब तक आठ राज्यों में कम बारिश हुई है। विश्लेषण के मुताबिक दक्षिणी प्रायद्वीप में वर्षा 18 प्रतिशत तथा मध्य क्षेत्र में 17 अत्यधिक बारिश हुई है। इसके विपरीत, पूर्व और उत्तर पूर्व क्षेत्र में वर्षा औसत से 11 प्रतिशत कम है। सामान्य से अधिक वर्षा के कारण, दलहन, धान, तिलहन, गन्ना और मोटे अनाज के अधिक रकबे के साथ कुल बुवाई या रोपाई का रकबा पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 1.9 प्रतिशत अधिक है। नवीनतम डेटा से पता चलता है कि पिछले वर्ष के सामान्य क्षेत्र की तुलना में, इस वर्ष अब तक लगभग 97 प्रतिशत बुवाई पूरी हो चुकी है। जैसे-जैसे बुवाई और मानसून समाप्ति के करीब आ रहे हैं, अब ध्यान कटाई के मौसम की ओर जाएगा।

## पोत परिवहन मंत्रालय ने वेतन संशोधन समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने प्रमुख बंदरगाहों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए वेतन संरचना में संशोधन को मंजूरी दे दी है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, द्विपक्षीय वेतन वार्ता समिति और भारतीय बंदरगाह संघ ( आईपीए ) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही 12 प्रमुख बंदरगाहों पर परिचालन को बाधित करने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल टल गई। बंदरगाहों पर कार्यरत कर्मचारियों के संगठनों ने वेतन संशोधन पर सहमति न बन पाने की वजह से बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की घोषणा की हुई थी।

## खेल डायरी

### डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**लंदन।** इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में शतक जमाने वाले पूर्व शीर्ष टी-20 बल्लेबाज डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 36 वर्ष के मलान ने ब्रिटिश अखबार द टाइम्स आफ लंदन से कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में अपनी सफलता से वह खुश है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मलान ने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी-20 मैच खेले हैं। वह टी-20 प्रारूप में 2020 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में नहीं खेला है। मलान ने कहा मैने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है।

### साथियान चमके, दिल्ली ने गोवा चैलेंजर्स को हराया



**चेन्नई।** दबंग दिल्ली टीटीसी के कप्तान साथियान ज्ञानसेकरन ने एथलीड गोवा चैलेंजर्स के मिहाई बोबोसिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम इंडियनऑयल यूटीटी 2024 में पहली जीत की नींव रखने में सफल रही। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में ओलंपियनों की लड़ाई में, बोबोसिका ने पहला गेम 11-8 से जीता। साथियान ने शानदार वापसी करते हुए गेम दो और तीन जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले के पहले महिला एकल में, दबंग दिल्ली टीटीसी की ओरावन परनांग ने यांग्जी लियू को हराने वाली पहली पैडलर बनकर इतिहास रच दिया। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में, परनांग ने अपने साथी साथियान के साथ मिलकर लियू को फिर से हराया। दूसरे पुरुष एकल मुकाबले में, एथलीड गोवा चैलेंजर्स के कप्तान हरमीत ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एंड्रियास लेवेंको को 2-1 से हराया।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**टारुबा।** शे होप (40) और निकोलस पूरन (35) रनों की शानदार पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने वर्षा बाधित तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पहले ही ओवर में एलेक एथनेज (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद शे होप और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। शे होप 24 गेंदों में नाबाद 42 रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन ने 13 गेंदों में 35 रन बनाए। शिमॉन हेटमार 17 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 9 .2 ओवरों में दो विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले बारिश के कारण खेल एक घंटे की देरी से शुरु हुआ और ओवरों की संख्या घटकर 13 ओवर कर दी गई। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 13 ओवरों में चार विकेट पर 108 रन बनाए।

### कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

**सियोल।** अशिमता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अशिमता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18 15-21 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम ह्ये वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।



# खेलों के महाकुंभ का शुरू हुआ सफर

## पेरिस पैरालंपिक : उत्साह और उमंग के साथ हुआ उद्घाटन, कई स्पर्धाओं में आज हाथ आजमाएंगे भारतीय खिलाड़ी

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस राजधानी पेरिस में बुधवार को पारंपरिक नृत्य, संगीत, रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के साथ 17वें पैरालंपिक खेल 2024 का भव्य उद्घाटन हुआ। आज चैंप्स-एलिसीज और प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में आयोजित उद्घाटन समारोह में सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव की अगुवाई वाले भारतीय दल सहित विभिन्न देशों के पैरा एथलीटों के दल अपने-अपने राष्ट्र ध्वज के साथ रंग बिरंगे परिधानों में परेड करते नजर आए।

28 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह पहली बार है स्टेडियम से बाहर आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में भारतीय भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव संयुक्त रुप से ध्वजवाहक बनें। इस दौरान भारतीय दल के सभी पुरुष सदस्य कुर्ता पजामा और उसके पर बंडी पहन कर तथा महिला सदस्यों पारंपरिक परिधान साडी पहने हुए परेड करती नजर आई। इस बार भारत पेरिस पैरालंपिक में तीन नए खेलों में हिस्सा लेगा। इस बार भारत के भागीदारी खेलों की संख्या बढ़कर 12 गई है। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने बताया कि जिन खिलाड़ियों की 29 अगस्त को स्पर्धाएं हैं वे उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेंगे। निशानेबाजी टीम देशों की परेड में भाग नहीं लेगी। परेड में भारत के 52 खिलाड़ी और 54 अधिकारियों सहित कुल 106 सदस्य हिस्सा लिया।



उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के 106 सदस्यों ने लिया हिस्सा।

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 84 सदस्यीय दल भेजा है। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा पिछले तीन सालों में हमारे एथलीटों की तैयारी और उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार हम 25 से अधिक पदक जीतेंगे। पेरिस पैरालंपिक में भारत के अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को पैरा बैडमिंटन से होगी। कृष्णा नागर पुरुषों के एकल मुकाबले में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहेंगे। टोक्यो पैरा खेलों में निशानेबाजी में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि लेखारा और मनीष नरवाल भी अपनी-अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसी दिन पैरा तीरंदाजी, पैरा साइकिलिंग, पैरा ताइक्वांडो, पैरा तैराकी और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल पर सबकी नजरें रहेंगी। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। उल्लेखनीय है कि भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है। पहली बार 1960 में इटली की राजधानी रोम पैरालंपिक खेल आयोजित किए गए थे, जिसमें 23 देशों के 400 एथलीट शामिल हुए थे। तब से ये हर चार साल में आयोजित किए जाते हैं।

### एथलेटिक्स में भारत 10 पदक जीत सकता है : सत्यनारायण



- 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल ले रहा है हिस्सा, 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल

**नई दिल्ली।** पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण का मानना है कि भारत बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 10 पदक जीत सकता है और उनका लक्ष्य पिछले पैरालंपिक के अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा।

सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरा खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रतियोगिताओं में भारत का 84 खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है जिसमें 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल हैं। सत्यनारायण ने कहा तोक्यो में हमारे कई एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए। इस बार हमारा ध्यान उन्हें स्वर्ण पदक में बदलने पर है। प्रशिक्षण गहन रहा है और हमारे एथलीटों ने अविश्वसनीय समर्पण दिखाया है। उनमें से अधिकांश पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल होने और अपनी कड़ी ट्रेनिंग जारी रखने के लिए पेरिस पहुंच चुके हैं।

# ओसाका ने येलेना को हराया, अल्काराज भी जीते

## अमेरिकी ओपन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया
- सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को दी शिकस्त

<< मैच के दौरान शॉट लगातीं नाओमी ओसाका।

एक साल पहले मातृत्व अवकाश के दौरान नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दौरान यहां नजर आई थीं जब उन्होंने महान तैराक माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा में भाग लिया था और उस समय उन्हें पता नहीं था कि फिर कोर्ट पर कब उतरेंगी।

एक साल बाद ओसाका ने लुईस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम पर 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 2023 फ्रेंच ओपन उपविजेता कैरोलिना मुचोवा से होगा जिसने अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स को हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया। वहीं अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियेले कोलिंस को हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड ने मात दी। वहीं सोफिया केनिन ने 2021 अमेरिकी ओपन विजेता एम्मा राडूकानू को हराया। पुरूष वर्ग में चार बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आर्थर एशे स्टेडियम पर क्वालीफायर लि तू को मात दी। वहीं यानिक सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को मात दी। डैन इवांस ने कारेन खाचानोव को हराया।

### इवांस ने यूएस ओपन इतिहास का सबसे लंबा मैच जीता

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटेन के डैन इवांस ने यूएस ओपन टेनिस प्रतियोगिता के अब तक के सबसे अधिक समय तक चले मुकाबले में रुस के करेन खाचानोव को हरा दिया है। इंवास ने यूएस ओपन के इतिहास के सबसे लंबे मैच में अंतिम सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मैच जीत। इंवास ने पांच घंटे और 35 मिनट तक चले मुकाबले में करेन खाचानोव पर 6-7(6), 7-6(2), 7-6(4), 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

### जय ने बीसीसीआई को बनाया अग्रणी : सचिन



**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आईसीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि बीसीसीआई के सचिव के रूप में पुरुष और महिला क्रिकेट को सामान प्राथमिकता देने के उनके प्रयासों के कारण भारतीय बोर्ड अन्य संचालन संस्थाओं से काफी आगे निकल गया।

शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई का पद संभाला था। वह पांच साल तक इस पद पर रहे जिसे अब उन्हें छोड़ना पड़ेगा। वह एक दिसंबर को आईसीसी में अपना पद संभालेंगे। तेंदुलकर उन कई क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जय शाह ने बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन गुणों का अच्छी तरह से उपयोग किया। शाह आईसीसी के प्रमुख बनने वाले पांचवें भारतीय होंगे ।

### लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटर बने पूर्व तेज गेंदबाज जहीर

कोलकाता, एजेंसी



- पूर्व तेज गेंदबाज बोले- नई शुरुआत बहुत खास, सफलता के लिए जरूरी है अच्छी प्रक्रिया

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) का पद संभालने के बाद इसे उस फ्रेंचाइजी के लिए बेहद खास शुरुआत बताया जो दो बार प्लेऑफ में पहुंचने के बावजूद आईपीएल जीतने में नाकाम रही।

लखनऊ की टीम ने 2022 में पदार्पण करने के बाद गौतम गंभीर के मेंटर रहते हुए दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई लेकिन पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर रही। जहीर ने मेंटर नियुक्त किए जाने के बाद कहा लखनऊ आईपीएल में नई फ्रेंचाइजी है लेकिन इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि टीम हर तरह से तैयार है। इस फ्रेंचाइजी ने काफी प्रगति की है। लगातार प्लेऑफ में पहुंचकर उसने अपनी निरंतरता दिखाई है जो इस तरह के कड़े टूर्नामेंट में मुश्किल होता है। जहीर ने कहा प्रक्रिया बेहद जरूरी होती है और यह मेरी जिम्मेदारी होगी। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह प्रक्रिया अच्छी तरह से लागू हो जो टीम की सफलता के लिए आवश्यक होती है।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन के किरदार पुष्पा राज को लाल पृष्ठभूमि पर खड़ा दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा था। 100 दिनों में फिल्म होगी रिलीज। पोस्टर को माइथ्री मूवी मेकर्स के सोशल मीडिया हैंडल पर भी अपलोड किया गया। कैप्शन में लिखा है, #पुष्पा 2 : द रूल के लिए 100 दिन बाकी हैं, एक प्रतिष्ठित बॉक्स ऑफिस अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है पुष्पा 2। माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमसेट्टी मीडिया द्वारा निर्मित, फिल्म पुष्पा 2 : द रूल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल पुष्पा राज, श्रीवल्ली और भंवर सिंह शेखावत के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए दिखाई देंगे। गौरतलब है कि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन को पुष्प : द राइज यानी फिल्म के पहले भाग में उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

### सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी रहना है तेरे दिल में



**मुंबई।** सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा जैसे सितारों से सजी लोकप्रिय रोमांटिक फिल्म रहना है तेरे दिल में 30 अगस्त को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। वाशु भगनानी के बैनर पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म रहना है तेरे दिल में सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

गौतम वासुदेव मेनन द्वारा निर्देशित यह फिल्म उसी वर्ष रिलीज़ हुई उनकी तमिल फिल्म मिन्नाले की रीमेक थी। इस फिल्म से दीया मिर्जा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। फिल्म रहना है तेरे दिल में की दोबारा रिलीज को लेकर उत्साहित निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, यह फिल्म मेरे दिल में एक बहुत खास जगह रखती है, क्योंकि सहायक निर्देशक के रूप में यह मेरा पहला प्रोजेक्ट था। उस वक्त मैं काफी छोटा था। इस फिल्म का हिस्सा होने से मुझे सेट पर सैफ और दीया के साथ मिलकर काम करने का अविश्वसनीय अवसर मिला। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों को एक्शन में देखना और फिल्म का हिस्सा बनना वास्तव में प्रेरणादायक था। आज भी, यह फिल्म युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है, इसकी खूबसूरत धुनें ताजा और मनमोहक लगती हैं, और हम वास्तव में इसे अपने दर्शकों के लिए वापस लाकर खुश हैं, जिससे वे इसका दोबारा आनंद ले सकें।

### रामायण में मां सीता का किरदार निभाकर बहुत कुछ सीखा : प्राची



**मुंबई।** सोनी सब के सीरियल श्रीमद् रामायण में मां सीता का किरदार निभाने वाली प्राची बसंल ने कहा कि मां सीता का किरदार निभकार उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। प्राची बंसल ने कहा, मैं सीता के शांत और संयमित स्वभाव से जुड़ती हूं, जिसे मैं खुद में भी देखती हूं।

उनके किरदार को निभाने से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मुझे लगता था कि मेरे जीवन में बहुत-सी समस्याएं हैं, लेकिन हमारी समस्याएं और चुनौतियां सीता के सामने कुछ भी नहीं हैं। अब मैंने हर चुनौती और खुशी के पीछे छिपे गहरे अर्थ को समझना सीख लिया है। इसने मुझे जीवन के अलग-अलग चरणों को और भी स्पष्ट रूप से देखने में मदद की है।मां सीता का बलिदान रामायण का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने सदियों से महिलाओं को प्रेरित और प्रभावित किया है। उनका बलिदान सिर्फ़ एक पौराणिक कहानी नहीं है बल्कि समाज और रिश्तों के कई पहलुओं पर प्रकाश डालता है। सीता ने अपने परिवार और प्यार के लिए बहुत कुछ त्याग दिया। आज भी महिलाएं अपने परिवार के लिए कई त्याग करती हैं। उन्हें अपना करियर, सपने और यहां तक कि अपनी पहचान भी छोड़नी पड़ सकती है।

प्राची बंसल ने कहा,सीता की यात्रा के इस नए चरण की तैयारी के लिए मैंने उनके चरित्र की जटिलताओं और आगे बढ़ रही कहानी को समझने में खुद को डुबो दिया है। मैं विशेष रूप से उसके भावनात्मक आर्क से रोमांचित हूं क्योंकि वह इस चुनौतीपूर्ण अवधि से गुज़रती हैं। मैंने गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, उसकी पिछली कहानी की बारीकियों और उसके कार्यों को प्रेरित करने वाली अंतर्निहित प्रेरणाओं की खोज करने के लिए रचनात्मक टीम के साथ चर्चा की है। सीता के मेरे चित्रण को आकार देने में यह सहयोगी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

